सूर्योदय 7:06 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 0.9 न्यू | 18.9 अधि |
| धर्मशाला | 4.4 न्यू | 20.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82133.12 |
| निफ्टी | 24768.30 |
| सोना 78,870 | चांदी 94,569 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 15 दिसंबर 2024 | 30 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 359, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



विश्व एथलेटिक्स के विरासत संग्रह में नीरज चोपड़ा की टी-शर्ट शामिल

पृष्ठ 14 पर

WEMBLEY SINCE 1961

(An ISO 9001-2008 Certified Co.)

Wembley Paints & Chemicals

Bring Home Wide Range of Premium Interior & Exterior Paints

Winner of National Award 2015

Winner of GOLDEN PEACOCK AWARD LONDON

High Gloss Emulsion For Exterior & Interior

High Build Primer for High Gloss Emulsions

WEMBLEY

THE COMPLETE SOLUTION

For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)

JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437

Authorized Distributors For: Himachal Pradesh

Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

## न्यूज शॉर्ट्स

### लालकृष्ण आडवाणी आईसीयू में भर्ती



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी (97) की अचानक एक बार फिर तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें देर रात इलाज के लिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। लालकृष्ण आडवाणी की पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब चल रही है। बीते चार से पांच महीनों के भीतर लालकृष्ण आडवाणी करीब चौथी बार अस्पताल में भर्ती हुए हैं। इससे पहले उन्हें अगस्त के महीने में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### जासूसी के आरोप से 'बरी' व्यक्ति बनेगा न्यायाधीश


**प्रयागराज/कानपुर।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में जासूसी के आरोप से बाइज्जत बरी एक व्यक्ति को अपर जिला जज के तौर पर नियुक्त करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने और राजद्रोह के दो मुकदमों में आरोपी रहे इस व्यक्ति को निचली अदालत द्वारा बरी कर दिया गया था। अदालत ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता को अपर जिला जज (उच्च न्यायिक सेवा काडर के तहत) के पद पर नियुक्ति पत्र 15 जनवरी 2025 तक जारी करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने 2017 में उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थी।

### इंडिगो की उड़ान को आपात स्थिति में कराची उतारा

**कराची/नई दिल्ली।** सऊदी अरब के जेद्दा जा रही इंडिगो की उड़ान में एक यात्री के अस्वस्थ हो जाने के कारण विमान को पाकिस्तान के कराची स्थित जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। बाद में विमान ने दिल्ली लौटने के लिए उड़ान भरी। शनिवार को नई दिल्ली से रवाना हुआ विमान जब पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में था तब एक पुरुष यात्री गंभीर रूप से बीमार हो गया। इसके बाद, विमान ने कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग की।

### पूर्व फुटबॉलर मिखाइल जॉर्जिया के राष्ट्रपति बने

**त्बिलिसी (जॉर्जिया)।** पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मिखाइल कावेलाशविली शनिवार को जॉर्जिया के राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।



सत्तारूढ़ दल जॉर्जियन ड्रीम पार्टी ने 26 अक्तूबर को देश में हुए चुनाव में संसद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। विपक्षी दलों का आरोप है कि चुनाव में रूस की मदद से धांधली की गई थी। दक्षिण काकेशस क्षेत्र के देश जॉर्जिया के निवर्तमान राष्ट्रपति और पश्चिम के समर्थक दलों ने तब से संसदीय सत्रों का बहिष्कार किया और फिर से चुनाव कराने की मांग की।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी पैरासेलिंग बोट -पेज 2

नूरपुर पुलिस की टीम ने जवाली से गिरफ्तार किया फरार नशा तस्कर -पेज 4

सर्दियों में टेंट में रहने को मजबूर हुआ गरीब परिवार -पेज 6

जोगिंद्रनगर को 26 सड़कों के लिए 1.20 करोड़ का तोहफा -पेज 9

खेलमंत्री मांडविया 17 को करेंगे 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' लांच -पेज 14

# संविधान संशोधन करने का खून कांग्रेस के मुंह लगा : पीएम मोदी

## कहा-छह दशक में 75 बार बदला, कभी नहीं धुलेगा आपातकाल का पाप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि विपक्षी दल के माथे से यह कलंक कभी नहीं मिट सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में 'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब देते हुए नेहरू-गांधी परिवार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस परिवार ने हर स्तर पर संविधान को चुनौती दी।

पीएम मोदी ने कहा, ''करीब छह दशक में 75 बार संविधान बदला गया, जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री ने बोया था, उस बीज को खाद-पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री ने किया, उनका नाम था श्रीमती इंदिरा गांधी। संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वे समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही।''



संविधान पर चर्चा

### 'एक देश-एक चुनाव' से जुड़ा बिल सोमवार को होगा पेश

**केंद्र** सरकार सोमवार को लोकसभा में 'एक देश-एक चुनाव' से जुड़ा बिल पेश करेगी। इस बिल को 12 दिसंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी भी मिल चुकी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक देश-एक चुनाव के लिए 129वां संविधान संशोधन बिल पेश करेंगे। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े 3 कानूनों में भी संशोधन किया जाएगा। इस दौरान जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए भी संशोधन किया जा सकता है।

### देश में एकलव्य की तरह युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा : राहुल

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के एक ''कथन'' का हवाला देते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह से आज देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है एवं आज देश में ''संविधान बनाम मनुस्मृति'' की लड़ाई है। राहुल गांधी ने यह दावा भी किया कि सावरकर ने कहा था कि संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है और उन्होंने संविधान के मुकाबले मनुस्मृति को महत्व दिया था।

### अनुराग का पलटवार, कांग्रेस ने तो 1984 में 'सिखों के गले काटे' थे

**अनुराग ठाकुर** ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष 'अंगूठा काटने की बात' कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने तो 1984 में 'सिखों के गले काटे' थे। अनुराग ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर दिखाने के लिए भी राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को कभी संविधान पढ़ भी लेना चाहिए।

# अगले वर्ष जिलास्तरीय होगा इंदौरा उत्सव : सीएम सुक्खू

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इंदौरा उत्सव को अगले वर्ष से जिला स्तरीय करने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत 14 बच्चों को पात्रता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। इस योजना के तहत विधवा एवं एकल महिलाओं के बच्चों की शिक्षा का खर्च राज्य सरकार वहन करती है।



इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत 14 बच्चों को पात्रता प्रमाण-पत्र प्रदान किए

मुख्यमंत्री ने रविवार को कांगड़ा जिला के इंदौरा उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक करने का यह प्रयास सराहनीय है। पंजाब के साथ सटे क्षेत्रों में नशे के खिलाफ राज्य सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की संपत्ति को जब्त करने का प्रावधान किया गया है और इंदौरा क्षेत्र में भी नशा माफिया की संपत्ति को जब्त किया गया है।

वर्तमान राज्य सरकार नशा माफिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए धन की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिले का समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य शुरू कर दिया है और ढगवार में 300 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक तकनीक से दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने पौंग डैम में वाटर स्पोर्ट्स को आरंभ करने की अनुमति प्रदान कर दी है और जल्द ही यहां गतिविधियां आरंभ हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार सत्ता के पहले दिन से आम आदमी का कल्याण सुनिश्चित कर रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# कोयले की अंगीठी से गैस फैलने के कारण तीन युवकों की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन के कुमारहट्टी में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां 3 युवकों की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घर के अंदर रखी कोयले की अंगीठी से गैस फैलने के कारण इनकी जान चली गई।

यह घटना ग्राम पंचायत अनहेच के गांव रिहूं में हुई, जहां 3 प्रवासी कारीगर किराये के कमरे में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार मृतक युवकों की पहचान सुरेश कुमार, अरबाज और सूरज के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 20 से 28 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटना के समय तीनों युवक अपने कमरे में सो रहे थे, लेकिन सुबह उठने की बजाय उनके कमरे का दरवाजा बंद था। मकान मालिक राजकुमार द्वारा बार-बार दरवाजा खटखटाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस को सूचना दी गई। खिड़की की जाली तोड़कर जब दरवाजा खोला गया तो अंदर तीनों युवक मृत अवस्था में पड़े मिले, साथ ही कमरे में जलती हुई अंगीठी भी पाई गई।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह मान रही है कि कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण तीनों युवकों की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी परवाणू भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं।

# किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च एक दिन के लिए स्थगित

**एजेंसी, शंभू बॉर्डर/चंडीगढ़**

पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर शनिवार को दिल्ली की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारी किसानों के समूह को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। इस दौरान कुछ किसानों के घायल हो जाने के कारण प्रदर्शनकारी किसानों ने अपना 'दिल्ली चलो' मार्च एक दिन के लिए स्थगित कर दिया।

सुरक्षाकर्मियों की कार्रवाई में 17-18 किसान घायल



पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि आंदोलन की अगुवाई कर रहे दोनों मंचों ने ''जत्थे का मार्च रोकने'' का फैसला किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों की कार्रवाई में 17-18 किसान घायल हुए हैं।

किसान नेता मंजीत सिंह राय ने आरोप लगाया कि सुरक्षाकर्मियों ने रबड़ की गोलियां भी चलाईं जिसमें एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, अंबाला कैंट के पुलिस उपाधीक्षक रजत गुलिया ने आरोपों का खंडन किया।

पंधेर ने कहा कि जब संसद में संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने पर बहस चल रही है, तो ''संसद में कोई भी किसानों के लिए आवाज नहीं उठा रहा है...यहां हम जानना चाहते हैं कि हमारे विरोध पर कौन सा संविधान लागू होता है।''

### शंभू बॉर्डर पर किसान ने की आत्महत्या की कोशिश

शंभू बॉर्डर पर शनिवार को एक किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि किसान ने सल्फास निगल लिया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। किसान की पहचान खन्ना निवासी जोद सिंह के रूप में हुई है।

# ऊना में बीटेक छात्र फंदे से लटका मिला

**ऊना।** जिला ऊना कस्बे में एक 17 वर्षीय छात्र अपनी रिश्तेदार के घर पर फंदे से लटका मिला। पुलिस को संदेह है कि परीक्षा में असफल होने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृत छात्र की पहचान हमीरपुर जिले के कंज्याण गांव के पंकज के तौर पर हुई है और वह पंडोगा में एक निजी संस्थान से बीटेक कर रहा था।

यह घटना शुक्रवार रात बैहाली मोहल्ला के वार्ड नंबर 10 में उस समय घटी, जब उसके माता-पिता समेत परिवार के सदस्य खाना खा रहे थे। पंकज का परिवार उसे बार-बार अपने कमरे से बाहर आकर उनके साथ रात्रि भोजन करने के लिए कहता रहा, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# हिमाचल के 11 स्थानों पर न्यूनतम पारा माइनस में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। 11 स्थानों पर अभी भी न्यूनतम पारा माइनस में चल रहा है। ऐसे में लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में आगामी सात दिनों तक मौसम साफ रहने के आसार है। राज्य के कई हिस्सों में शीतलहर लगातार जारी है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार सभी भागों में 20 दिसंबर तक मौसम शुष्क बना रहेगा। विभाग के अनुसार राज्य के कई भागों में अगले तीन दिनों के दौरान धीरे-धीरे 3-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना है। इससे शीतलहर से राहत मिलने की उम्मीद है। जिला कुल्लू सहित लाहौल-स्पीति में दिसंबर में पड़ रही भारी ठंड का असर देखने को मिल रहा है।



### महाराष्ट्र में फडणवीस कैबिनेट का विस्तार आज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार की कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को होगा। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा। इसमें 30 से 32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत ज्यादा से ज्यादा 43 सदस्य हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिलने की संभावना है।

# नालागढ़, मंडी और शिमला में 127 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान टीम, बीबीएन/मंडी/शिमला,**

हिमाचल पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चिट्टे की सबसे बड़ी खेप पकड़ी है। पहले मामले में नालागढ़ पुलिस ने पंजाब के अमृतसर के युवक से 100 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

डीएसपी अभिषेक व थाना प्रभारी नालागढ़ राकेश राय ने बताया कि आरोपी सतनाम सिंह को गत दिवस पकड़ा था, जिसके पास से 40 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। पूछताछ के बाद आरोपी के घर अमृतसर में दबिश देकर 60 ग्राम अतिरिक्त चिट्टा रिकवर किया। वहीं, जिला मंडी के सुहड़ा मोहल्ला में किराये के कमरे में नशे का धंधा करने वाले दो आरोपियों के कब्जे से 13.9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

आरोपियों की शिनाख्त हेमराज उर्फ बबलू (35) पुत्र नारायण सिंह, जिला मंडी और डोलमा (37) पत्नी अर्जुन सिंह, जिला मंडी के तौर पर हुई है। तीसरे मामले में शिमला पुलिस ने बालूगंज थाना क्षेत्र के तहत शोघी कस्बे में नाके के दौरान दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया।

इनके पास से 12.280 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी पंजाब के मोहाली जिले के निवासी हैं, जिनकी पहचान दविंदर सिंह (28) और मंदीप सिंह (34) के रूप में हुई है।

**खुलासा** भारत पेट्रोलियम के डीजल में दिक्कत, सप्लाई बंद, देहरा डिपो की दो दर्जन बसों के इंजन सीज

# खराब डीजल की सप्लाई, बसों में खराबी आई

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

डीजल की खराब सप्लाई की वजह से एचआरटीसी ने डीजल सप्लाई करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम की सप्लाई फिलहाल बंद कर दी है। देहरा डिपो में आई इस खराब सप्लाई को लेकर जो मामला उजागर हुआ है, उसमें दो दर्जन के करीब बसों के इंजन सीज हो गए हैं।

संबंधित सप्लाई की वजह से हिमाचल के कई हिस्सों में भी डीजल वाहनों को नुकसान की खबर है पालमपुर में भी ऐसी ही सप्लाई की वजह से नुकसान हुआ है।

एचआरटीसी के अधिकारियों ने रिपोर्ट तैयार कर आला अधिकारियों को संबंधित कंपनी से बसों को हुए नुकसान की भरपाई करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। क्योंकि जिन बसों को नुकसान हुआ है, वह मामूली नहीं हैं, उनके इंजन में अच्छी खासी खराबी आ गई है।

करीब दो दर्जन से ज्यादा बसों को देहरा डिपो में डिफेक्ट का शिकार होना पड़ा है। ये बसें अभी नहीं चल पा रहीं। कुछ बसों को जैसे तैसे मरम्मत कर चलाने का प्रयास हुआ है, लेकिन जिन बसों में आई सप्लाई का डीजल प्रयोग किया गया है, उन सभी में डिफेक्ट आ गया है।

कंपनी को सप्लाई के सैंपल लेकर जांच को भेज दिए हैं इसका एक और टैंकर देहरा में सप्लाई लेकर आया था, उसके भी सैंपल जांच को भेजे गए हैं, लेकिन उसे सप्लाई को अभी निगम प्रबंधन ने अपने पंप में नहीं डलवाया है, जब तक उसकी रिपोर्ट नहीं आती और पुराने पंप की सफाई नहीं हो जाती, तब तक भारत पेट्रोलियम की सप्लाई बंद कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)




अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

सारी रिपोर्ट तैयार करके प्रबंधन को भेज दी गई है। फिलहाल भारत पेट्रोलियम की सप्लाई बंद कर दी गई है। काफी बसों को नुकसान हुआ है। कुछ को जैसे तैसे चलाने का प्रयास किया जा रहा है। डीजल की सप्लाई अब दूसरी जगह से बसों में डलवाई जा रही है। **-राजेंद्र पठानिया आरएम, देहरा डिपो**



सप्लाई खराब आई थी इसी वजह से जितनी गाड़ियों को इसका नुकसान हुआ है, उसका क्लेम बनाकर संबंधित कंपनी से वसूली की जाएगी। इसकी रिपोर्ट तैयार कर हेड क्वार्टर भेज दी गई है। 6 दिसंबर को आई यह सप्लाई खराब निकली है। सप्लाई में ऐसा क्या था, इसका पता तो जांच से ही चलेगा, लेकिन ऐसी सप्लाई कई और जगह भी गई है, वह भी डिफेक्टिड थी। **-राजकुमार पाठक डीएम, हमीरपुर**



## न्यूज ब्रीफ

### पूनम कैंपस अध्यक्ष व नेहा सचिव चुनीं



**दशमी रावत, जुब्बल।** एसएफआई सावड़ा इकाई का 24 वां इकाई सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन ने जनवादी तरीके से पूनम को कैंपस अध्यक्ष व नेहा को कैंपस सचिव के तौर पर चुनाव किया। सम्मेलन ने पूनम, नेहा, निशिका, कृतिका, मीनाक्षी, कृति, पियूष, मुस्कान, अंकित, संजना, साक्षी, वंशिका, रोहन, मेहक, मनीषा सहित 15 सदस्य कार्यकारिणी व 6 सदस्य सचिवालय का चुनाव किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व राज्य अध्यक्ष कॉमरेड रमन थारटा ने किया। अंत में एसएफआई शिमला जिला उपाध्यक्ष कॉमरेड पवन कुमार ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का दूसरा सबसे बड़ा बेरोजगार राज्य बन गया है। शिक्षा में हिमाचल प्रदेश का स्थान 21 नंबर पर पहुंच गया है।

### धामी कॉलेज में दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में शनिवार को भूगोल विभाग द्वारा मॉडल और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जनेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रदर्शनी में मॉडल और पोस्टर के माध्यम से छात्र व छात्राओं ने नए-नए विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. साची सूद ने की। प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने इस सफल प्रदर्शनी के लिए विद्यार्थियों और संबंधित प्रवक्ता को बधाई दी।

### डेरा बाबा नानक में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, शिमला।** डेरा बाबा नानक दिवस समारोह त्रिपक्षीय के शहीदी में 14 दिसंबर शनिवार को धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को श्रद्धांजलि के कार्यक्रम से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 1971 के युद्ध के अग्रणी जगदीश राणा, लेफ्टिनेंट मनोज राणा की उपस्थिति में चुप्पी धारणकर दो मिनट का मौन रखा गया। इस समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल हुए। समारोह में 1971 के युद्ध योद्धाओं के मनोगत क्रियाएं प्रवाहित कीं। शारदा कांफ्रेंस में 50 से अधिक युद्ध योद्धाओं ने भाग लिया। शहीद और उनकी जोरदार आवाज में साथ डेरा रेजिमेंट के युद्ध धारण जलता माता की जनमत के साथ समापन किया गया।

### सुन्नी में एसडीएम कार्यालय की घोषणा पर मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शिमला ग्रामीण के सुन्नी में एसडीएम कार्यालय की अधिसूचना जारी होने को लेकर शनिवार को सुन्नीवासियों ने जश्न मनाया । इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से विश्राम गृह तक जन आभार रैली निकाली तथा रैली के माध्यम से सुन्नी वासियों सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुन्नी चौक पर आतिशबाजी तथा सुन्नीवासियों को लड्डू बात द्धकर खुशी का इजहार किया। बता दें कि शिमला ग्रामीण की सुन्नी में लंबे अरसे से चल रही एसडीएम कार्यलय (नागरिक) खोलने की मांग पूरी होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुन्नी में रैली निकाली।



### बिलासपुर कॉलेज के पहलवानों ने जीते पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की दो दिवसीय कुश्ती चैंपियनशिप गायत्री कॉलेज ऑफ एजुकेशन सुंदरनगर में 12 से 13 दिसंबर को संपन्न हुई। इसमें राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय से टीम इंचार्ज डॉक्टर राकेश कपूर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के पांच पहलवानों में से कार्तिक शर्मा ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। हरप्रीत सिंह ने 86 किलोग्राम, अर्पित ने 79 किलोग्राम और अभय ठाकु ने 61 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीते। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर पुरुष वर्ग में ओवरऑल तीसरे स्थान पर रहा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने सब पहलवान छात्रों का महाविद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे छात्र हमारे महाविद्यालय का गौरव है जिनसे अन्य छात्रों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर प्रोफेसर प्रेमजीत, प्रोफेसर रणजीत कौशल, डॉक्टर सुरेंदर सिंह, डॉक्टर सुरजीत सिंह, डॉक्टर रितु शर्मा, प्रोफेसर नवेंदु बंसल, डॉक्टर विजय कुमार और संजीव कुमार उपस्थित रहे।



### सलवाड़ में ई-केवाईसी शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कहा है कि सरकार की ओर से कामगारों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगवाई में कई कल्याणकारी योजनाएं कामगार वर्ग के लिए चलाई गई हैं। जिसका लाभ इस वर्ग को मिला है। शनिवार को झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलवाड़ में श्रम कल्याण कार्यालय, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड बिलासपुर की ओर से जागरूकता, पंजीकरण, ई-केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बोर्ड की ओर से चलाई जा रही 13 कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी संबंधित लोगों को दी। इस मौके पर विवेक कुमार ने कहा कि इस शिविर में 52 लोगों की ई-केवाईसी की गई। साथ ही करीब 100 नए कामगारों का पंजीकरण किया गया है।



### झंडूता में जेबीटी शिक्षकों के 52 पद खाली

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के प्रारंभिक शिक्षा के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 52 पद खाली चल रहे हैं। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के अनुसार झंडूता में जेबीटी के विभिन्न स्कूलों में 52 जेबीटी के पद खाली हैं। ऐसे में झंडूता उपमंडल के विभिन्न स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। झंडूता उपमंडल में कुछ विद्यालय ऐसे है जिनमें केवल दो ही अध्यापक कार्य कर रहे हैं। और बच्चों को पढ़ा रहे हैं। इस पर प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी झंडूता प्रेम लाल शर्मा का कहना है कि झंडूता खंड में इस समय प्राईमरी में जेबीटी टीचर के लगभग 52 पद खाली है और आशा है कि सरकार उन्हें जल्दी ही भरेगी।

### एसडीएम को 17 को ज्ञापन सौंपेगा सर्वहितकारी मंच

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सर्वहितकारी मंच झंडूता के प्रवक्ता प्रशांत शर्मा ने बताया कि 17 दिसंबर को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी झंडूता को झंडूता विधानसभा सभा जो अस्तित्व समय से सुरक्षित है, के संबंध में ज्ञापन देने का फैसला लिया है। यह ज्ञापन 11 बजे उपमंडल अधिकारी झंडूता के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) बिलासपुर को दिया जाएगा।
देशराज तिवारी, अध्यक्ष, सर्वहितकारी मंच झंडूता ने बताया कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र जो अस्तित्व समय से सुरक्षित है। उसके संदर्भ में योगराज धीमान को ज्ञापन सौंपेगा।

---

कुपवी में रात्रि ठहराव करने वाले पहले मुख्यमंत्री बने सुक्खू, लोगों की सुनीं समस्याएं

# सीएम ने लोगों को बताई सरकारी योजनाएं

**सपना सूद, चौपाल/कुपवी**



लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री व साथ हैं अन्य।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'सरकार गांव के द्वार' के तहत जिला शिमला के चौपाल उपमंडल की कुपवी तहसील के टिक्कर गांव पहुंचे। शाम ढलते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपने घर-द्वार पर पाकर ग्रामवासी सर्द मौसम में भी गर्मजोशी से विभोर हो गए। राह चलते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं सभी से संवाद किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने अपनी समस्याओं के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। इसके उपरांत मुख्यमंत्री कुपवी के टिक्कर गांव निवासी हरि सिंह के घर पहुंचे। हरि सिंह ने ग्रामीण परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। वहीं मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण लहजे में संवाद कर यह जानने का प्रयास किया कि लोगों को यहां किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर शरद ऋतु में किन जनसेवाओं में व्यवधान आता है। लोग भी बिना संकोच खुले मन से अपनी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखते रहे। वह हर बात को गौर से सुनते और लोगों की समस्याओं को करीब से जानने का प्रयास करते।

मुख्यमंत्री ने लोगों से सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी खुलकर बात की। लोगों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार तहसील और उपतहसील स्तर पर विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन कर वर्षों से लंबित राजस्व मामलों का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने दूध पर एमएसपी, मक्की और गेहूं की खरीद सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया।

टिक्कर निवासी संतोष ने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे घरद्वार आएंगे ऐसी तो हमने कल्पना भी नहीं की थी। लायक राम ने कहा कि सुखविंद्र सुक्खू जुनूनी व्यक्ति हैं, वरना वह इतनी दूर से हमारे गांव क्यों आते। रीना देवी ने कहा कि जमीन से जुड़ा हुआ व्यक्ति ही ऐसी सोच से आगे बढ़ सकता है। जन सेवा की भावना को ऐसे ही प्रयासों से किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की संभावना तलाशें अधिकारी : मुख्यमंत्री



**शिमला।** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जिला शिमला के उपमंडल कुपवी की विभिन्न ग्राम पंचायतों में खाली पहाड़ियों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए हैं। 13 दिसंबर, 2024 को कुपवी उपमंडल के गांव टिक्कर में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के उपरांत आज सुबह मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से क्षेत्र की विकासात्मक आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की। क्षेत्र में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इससे पहले, आज सुबह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गांव टिक्कर में बच्चों के साथ खेतों में टहलने निकले। उन्होंने बच्चों के साथ समय व्यतीत किया तथा उनसे पढ़ाई इत्यादि पर बातचीत की।

## प्रदेश में प्रत्येक वर्ग का हो रहा विकास : रोहित ठाकुर



उद्घाटन समारोह के दौरान मौजूद रोहित ठाकुर व साथ हैं अन्य।

**दशमी रावत, जुब्बल**

जुब्बल नावर कोटखाई के प्रवास के दूसरे दिन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नावर क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने ग्राम पंचायत हसटाड़ी (सामरा) में 17 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस पंचायत भवन के बनने से ग्राम पंचायत हंसटाड़ी के सामरा, धनोटी आदि गांव लाभान्वित होंगे।

रोहित ठाकुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नावर क्षेत्र से उनका एक पारिवारिक संबंध है। राजनीति के क्षेत्र में पूरा नावर क्षेत्र एक सशक्त सहयोगी के रूप में उनके साथ सदैव खड़ा रहा है। उन्होंने पंचायत भवन की फेंसिंग के लिए 5 लाख रुपए और फर्नीचर के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री ग्राम पंचायत धराड़ा पहुंचे, यहां पर उन्होंने 47 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री ने धराड़ा पंचायत के निवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस भवन के निर्माण से पंचायत के कार्यों में सहायता मिलेगी। पंचायत भवन में फर्नीचर के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की ।

रोहित ठाकुर ने बताया कि उनका प्रयास है कि जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र पूरे प्रदेश का सबसे अग्रणी विधानसभा क्षेत्र बने। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा क्षेत्र सेब बहुल क्षेत्र है और सेब की बागवानी के हित में सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है। फिर चाहे वे बागवानों के 163 करोड़ रुपए की देनदारियों का भुगतान हो। प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन को लागू किया है। इसके अतिरिक्त सरकार ने सेब के समर्थन मूल्य में 2 रुपए की बढ़ोतरी भी की है। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री को खाने में जंगली मुर्गा परोसना गैर कानूनी : कर्ण नंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला**




भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी हुई है और जिस प्रकार से एक वीडियो मुख्यमंत्री का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह जंगली मुर्गे की बात कर रहे हैं। वह मुख्यमंत्री हैं युवाओं की प्रेरणा भी है और साथ में वह प्रथम नागरिक है, वह प्रदेश की जनता को क्या मैसेज देने का प्रयास कर रहे हैं।

आप उसमें सुन सकते हैं कि डीएसपी साहब आप जंगली मुर्गा खाएंगे, जब उन्होंने मना किया कि मैं वेजीटेरियन हूं तो उसके उपरांत उन्होंने अपने साथ बैठे कैबिनेट मंत्री को पूछते हैं कि धनीराम जी आप तो खा ही लीजिए और जब वह भी मुकर गए तो सीएम बोलते है सभी वेज है तो उसके उपरांत कहते हैं कि खीमटा आप तो खाते ही होंगे तो सीएम क्या मैसेज देना चाहते हैं ?

यहां में वाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट का का जिक्र करना चाहूंगा 1972 का यह एक्ट है जो 2022 में संशोधित हुआ था और वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के अंतर्गत जंगली मुर्गा जो है वह शेड्यूल कैटेगरी बर्ड है जब प्रदेश के मुख्यमंत्री ही स्वयं जंगली मुर्गे को मारने की बातें करते हैं उनको खाने की बातें करते हैं तो वह ऑल ओवर क्या प्रदेश में शिकार को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए लोगों से माफी मांग लेनी चाहिए।

## शिमला में आइस स्केटिंग रिंक में उमड़ी भीड़



**शिमला।** राजधानी शिमला में ब्रिटिश काल में बने आइस स्केटिंग रिंक में अब स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों की भीड़ लग गई है। लोग स्केटिंग का आनंद उठा रहे है। शनिवार को भी भारी संख्या लोग यह पहुंचे। यहां चार दिन से हो रही स्केटिंग हो रही है। सुबह के टाइम स्केटिंग हो पा रही है। दिन में तापमान ज्यादा होने से शाम को आइस नहीं टिक पा रही है।

**03 माह तक 300 रुपए फीस देकर होगी स्केटिंग**

जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी और रिंक में ज्यादा आइस जमेगी, उसके बाद सुबह और शाम दोनों सेशन में स्केटिंग हो जाएगी। शिमला के लक्कड़ बाजार में ब्रिटिश काल से आइस स्केटिंग रिंक बना हुआ है। यहां दिसंबर के दूसरे सप्ताह से अगले तीन महीने तक स्केटिंग होती है, लोकल के साथ विदेशी पर्यटक भी स्केटिंग का आनंद उठाते हैं। अगले दो से तीन महीने तक 300 रुपए फीस देकर स्केटिंग की जा सकेगी। पर्यटकों को साथ स्केट लाने की भी जरूरत नहीं होगी। इन्हें स्केटिंग क्लब मुहैया कराता है।

### नगर निगम ने राम बाजार में लगाई ब्लू लाइन

**शिमला।** नगर निगम शिमला ने तहबाजारियों को रामबाजार में बैठने का स्थान देगा। रामबाजार को नगर निगम ने वेंडिंग जोन घोषित कर दिया है। यहां तहबाजारियों को सामान बेचने की अनुमति होगी। शनिवार को नगर निगम टीम द्वारा ब्लू लाइन लगाने का कार्य किया गया। लोअर बाजार में टनल के पास से राम बाजार की तरफ विभिन्न जगहों पर ब्लू लाइनें लगाई गई। इस दौरान नगर निगम टीम द्वारा तय जगह के अनुसार लाइनें लगाई जा रही थी।
यहां कई जगहों पर तहबाजारियों द्वारा सामान सजाया गया था। जिस कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कतें भी पेश आ रही थी। नगर निगम ने तहबाज़ारियों का सामान हटाया और ब्लू लाइन लगाने का कार्य किया।

---

बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर लाने के लिए अनूठी पहल

# मिनर्वा में हुआ 'जायका-ए-मिनर्वा' इवेंट

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



जायका-ए-मिनर्वा मैनेजमेंट स्किल डेवलप इवेंट में अपना कौशल दिखाते बच्चे।

बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने व उनके अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर लाने के उद्देश्य से मिनर्वा संस्थान ने एक अनूठी पहल शुरू की है। शनिवार को मिनर्वा संस्थान में जायका-ए-मिनर्वा मैनेजमेंट स्किल डेवलप इवेंट आयोजित किया गया। जायका- ए- मिनर्वा के नाम से रखे गए इस इवेंट की खास बात यह रही कि बच्चों ने टीम में रहकर प्लानिंग व मैनेजमेंट के साथ काम किया। इस दौरान तंदूरी ट्रीट, मुम्बई मसाला, चिंग्स चाइनीज, डोसा डिलाइट, सिप्स स्टॉप पांच स्टाल लगाए गए थे। हर एक स्टाल पर अलग अलग मेन्यू था।

स्कूल प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने इस कार्यशाला का शुभारंभ किया। लगभग 10:30 बजे बच्चों ने अपने अपने स्टाल के लिए आर्डर लेने शुरू कर दिए। पूरे टेबल पैक रहे। मेन्यू में प्लेन डोसा, मसाला डोसा, मैसूर प्लेन डोसा, मैसूर मसाला डोसा, पनीर डोसा, अचारी चाप, लेमन चाप, पनीर टिक्का, चाऊमीन, मंचूरिन, क्रिस्पी चिल्ली चौलिफ्लोवेर, वड़ा पाव, पाव भाजी, कोल्ड कॉफी, फ्रेश लाइम सोडा, गोलगप्पे, कोल्ड ड्रिंक, हॉट कॉफी, वाटर बोतल थी। अपने अपने स्टाल की सेल बढ़ाने के लिए अलग अलग लेबल पर जाकर बच्चों ने आर्डर लिए।

दसवीं कक्षा के बच्चों के द्वारा डिफरेंट तरह के डिसीज पर अपने ग्राहकों को समझाया। इवेंट से पहले सभी बच्चों ने यह सीखा कि इवेंट को लेकर कैसे काम करना है उस पर ने प्लानिंग की। उसके बाद जो डिसीज थी, उनकी प्रिपरेशन कैसे की जाए उस पर बच्चों ने काम किया। डिश को कैसे प्रेसेंट किया जाए यह बच्चों और टीम ने बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। इस इवेंट को लेकर बच्चों ने दो दिन पहले ही तैयारी की। इवेंट का मुख्य उद्देश्य यही था कि टीम में रहकर कैसे काम किया जा सकता है। टीम में रहते हुए सबसे पहला पार्ट जो प्लानिंग का रहता है तो उस प्लानिंग को कैसे एग्जिक्यूट किया जाए। उन चीजों को सीखाने के लिए मिनर्वा संस्थान की यह एक अनूठी पहल रही। इसके अलावा इससे यह भी बताया गया कि कौन सी खाद्य समग्री खाएं जिससे हमारा स्वास्थ सही रहे।

यही नहीं अपनी थाली में उतना ही लें जितना हम खा सकें। विटामिन और बैलेंस डाइट पर ध्यान रखने हुए हर डिसीज को तैयार किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### प्लानिंग के साथ टीम वर्क जरूरी

**मिनर्वा** स्कूल के प्रिंसिपल प्रवेश चंदेल ने कहा कि जायका-ए-मिनर्वा एक खाद्य उत्सव का आयोजन किया गया। प्लानिंग के साथ टीम वर्क जरूरी होता है। जिसमें बच्चों ने टीम में कार्य करते हुए बहुत अच्छे तरीके से प्रेजेंटेशन दी। इस उत्सव को करवाने का यही उद्देश्य था कि बच्चों का हर गतिविधि की जानकारी होना आवश्यक है।

### बच्चों में मैनेजमेंट स्किल होना जरूरी

**मिनर्वा** स्टडी सर्कल के मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल ने कहा कि बचपन से बच्चों में मैनेजमेंट स्किल होना जरूरी है। इस कार्यशाला से यह संदेश देना चाहते हैं कि बच्चों को शिक्षा के तौर पर ही न देखा जाए, उनके अंदर बहुत प्रतिभा होती है। आज जब बच्चों को इस इवेंट में मौका मिला तो सभी हैरान हो गए कि सभी बच्चों ने एकजुट होकर कार्य किया। हर कोई जॉब ढूंढ रहा होता है, हमें चाहिए कि हम जॉब प्रोवाइडर बने। आगे भी इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ताकि बच्चे अत्मनिर्भर बनकर एकजुटता से काम करना सीखें।

## बिलासपुर पहुंचे प्रदेशभर से 300 मास्टर खिलाड़ी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**लुहणू खेल मैदान में राज्य स्तरीय 13वीं मास्टर गेम्स का हुआ आगाज**

13वीं राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स का बिलासपुर के लुहणू स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में शुभारंभ किया गया। पूर्व खेल मंत्री राम लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि इसमें शिरकत की। राम लाल ठाकुर ने अपने संबोधन में मास्टर गेम्स एसोसिएशन को इस राज्य स्तरीय गेम्स बिलासपुर में करवाने के लिए शुभकामनाएं दीं और इन खेलों में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने खेलों के माध्यम में नशे की कुरीति पर लगाम लगाने के लिए भी खेल संघों की भूमिका का अहम बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से नशे का इस में पूरे प्रदेश में बोलबाला है उस में रोक लगाने के लिए मास्टर गेम्स अपना अहम रोल अदा कर सकती है। राम लाल ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बिलासपुर में खेलों को लेकर जो आधारभूत ढांचा प्रदेश सरकार ने खड़ा किया है उस पर खेलो इंडिया के नाम पर कब्जा किया जा रहा है। सभी खेलों के स्टेडियम अब खेलो इंडिया के तहत कन्वर्ट कर दिए गए हैं और ये सब केंद्र के इशारे पर हो रहा है। राम लाल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि चुनावों के दौरान भाजपा ने बिलासपुर में 1400 करोड़ की योजना का बड़ा प्रचार किया था अब वो प्रोजेक्ट कहां गया। नड्डा चाहते तो केंद्र की मदद से बिलासपुर ही नहीं पूरे हिमाचल प्रदेश का कायाकल्प कर सकते थे लेकिन उन्होंने सर्फ बड़ी बड़ी गप्पे मारने के अलावा और कुछ नहीं किया।

### खंभे से गिरकर घायल हुए कर्मचारी की मौत

**बिलासपुर।** खंभे पर चढ़कर बिजली का निरीक्षण करते समय नीचे गिरकर घायल हुए कर्मी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 54 वर्षीय मंगल पुत्र निवासी लेहडी तहसील श्री नयना देवी जी जिला बिलासपुर जल शक्ति विभाग पलसेड में बतौर हेल्पर कार्यरत था। गत दिवस शाम के समय पंप हाउस पलसेड में बिजली गुल थी। जिस कारण यह पंप हाउस के नजदीक बिजली के खंभे पर चढ़कर बिजली चैक कर रहा था कि इस दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। इससे उसे छाती में गंभीर चोट लगी। उसे अन्य कर्मी उपचार के लिए नागरिक अस्पताल घवांडल ले गए। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि मृतक का बिलासपुर अस्पताल में मेडिकल करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना कोट कहलूर में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

---

**टूरिज्म** | बिलासपुर जिले के मंडी भराड़ी वाटर स्पोर्ट्स एरिया में गोबिंदसागर झील में उतरी डेढ़ करोड़ रुपए की बोट

# पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी पैरासेलिंग बोट

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में डेढ़ करोड़ की लागत की पैरासेलिंग बोट पहुंच चुकी है। जिला के मंडी भराड़ी क्षेत्र के वाटर स्पोर्ट्स एरिया में इसको गोबिंदसागर झील में उतारा गया है। बोट को चलाने की लिए पहुंची टीम ने इस बोट को चलाया भी और इसको देखने के लिए पर्यटक भी यहां पर पहुंच रहे हैं। जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक इसका दो दिन के भीतर ट्रायल करने जा रहे हैं।

इसके बाद प्रशासन इस वोट संचालकों को दो माह के लिए यहां मात्र ट्रायल बेस की अनुमति प्रदान करेगा। उसके बाद अगर इनका परिणाम सही रहा तो इसको पर्यटन विभाग की टेक्निकल कमेटी अंतिम मंजूरी देगी। शनिवार को






गोबिंदसागर झील में पैरासेलिंग बोट को शुरू भी किया गया है।

बता दें कि पैरासेलिंग वोट का आनंद लेने के लिए पर्यटकों को गोवा या फिर दुबई जाना पड़ता था, लेकिन अब इसका आनंद अब पर्यटक हिमाचल के बिलासपुर जिला में कर पाएंगे। जानकारी के अनुसार मंडी-भराड़ी में क्रूज व

**उपायुक्त सादिक दो दिन के भीतर करेंगे ट्रायल**

शिकारे के अतिरिक्त पैरासेलिंग की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस तरह की गतिविधियां शुरू करने वाला बिलासपुर उत्तर भारत का पहला जिला बन जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक अगले सप्ताह से इसकी गतिविधियां विधिवत रूप से शुरू की जाएंगी। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

संबंधित कंपनी दो महीने मंडी-भराड़ी में पैरासेलिंग की गतिविधियां संचालित करेगी। इसके बाद इसकी प्रशासन व पर्यटन विभाग की तकनीकी समिति इसका आकलन करेगी। यदि तकनीकी रूप से सभी कुछ सही पाया गया तो संबंधित कंपनी को पैरासेलिंग की गतिविधियां संचालित करने का परमिट जारी किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटक पूरा साल इसका आनंद उठा पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

> **बिलासपुर** में पैरासेलिंग बोट पहुंच गई है। जल्द ही इसका एक ट्रायल किया जाएगा। उसके बाद दो माह तक इसको ट्रायल बेस के लिए शुरू करने की अनुमति दी जाएगी। अगर सफल रहा तो इसको जिला स्तर पर बनी रेगुलेशन कमेटी द्वारा तकनीकी मंजूरी प्रदान करने के साथ ही परमिट जारी किया जाएगा।
>
> **-आबिद हुसैन सादिक**
> **डीसी बिलासपुर।**

## मंडी



मंडी के बाबा भूतनाथ मंदिर के मंडल में विराजमान भगवान विष्णु की अति प्राचीन मूर्ति, बाबा भूतनाथ के बाद इसके दर्शन करना नहीं भूलते श्रद्धालु।



मंडी के सेहली में विराजमान माता बगलामुखी का भव्य और अद्भुत रथ।



मंडी के आराध्य देव श्रीदेव पराशर ऋषि जी महाराज के निशान व छड़ तथा सूरजपखा।




मंडी के खमराधा पंजाई की आराध्य देवी श्रीदेवी मनसा माता का सुंदर रथ।




मंडी के बालीचौकी के महादेव चुंजवाला महादेव, जिनसे मंडी रियासती काल में राजा स्वयं बात करते थे।

## गिरिपार



जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र की नाटी विश्व प्रसिद्ध है। यहां के लोक वाद्य यंत्र इसमें चार चांद लगा देते हैं।

## अर्की



जिला सोलन के अर्की सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह में छात्राओं ने गिद्दा प्रस्तुति से चार चांद लगाकर लोक संस्कृति को उजागर किया।


## मनाली



मनाली की अधिष्ठात्री देवी माता हिडिंबा के पुत्र घटोत्कच जी का मनाली के ढूंगरी स्थित स्थान।

## शिमला



### संकट मोचन मंदिर...

यह मंदिर हनुमान जी को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 1966 में पूरा हुआ था। यह भगवान हनुमान को समर्पित एक बहुत प्रसिद्ध मंदिर है। संकट मोचन मंदिर शिमला से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। 1950 के दशक के आसपास, बाबा नीब करोरी जी महाराजा ने इस असाधारण स्थान का दौरा किया और उन्होंने ध्यान के लिए एक उपयुक्त स्थान की खोज की। 10 दिनों के प्रवास के बाद, उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि यहां एक भगवान हनुमान मंदिर का निर्माण किया जाना चाहिए।





## सराज



सराज घाटी के दलयाडा स्थित देवता छमाहूं के नए रथ की प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर उनके साथ अन्य देवी-देवता।

## सिरमौर



ज़िला सिरमौर के मानगढ़ में शिव मंदिर बद्रीनाथ मंदिर की वस्तुशैली से मेल खाता है। मंदिर में लोगों की खासी आस्था है।

## सोलन




सन् 1911 में कुछ ऐसा दिखता था सोलन का रेलवे स्टेशन।

## ऊना



ऊना के स्कूलों में नन्हे बच्चों का फैंसी ड्रेस का खूब दौर चल रहा है।

ऊना के एक कार्यक्रम में स्थानीय स्कूली छात्राएं नाटी प्रस्तुत करती हुईं।






ऊना के बंगाणा में प्राचीन जमासनी देवी माता मंदिर का प्रमुख द्वार कुछ ऐसे दिखता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मनकोटिया ने नवाजे लेक व्यू स्कूल के होनहार



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** लेक व्यू मॉडल हाई स्कूल नंगल चौक में शनिवार को स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें कर्मचारी एवं कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। स्कूल के प्रबंधक सेवानिवृत्त हेड मास्टर गुरदास राम ने स्कूल में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बच्चों को कड़ी मेहनत कर जीवन की चुनौतियों का सामना करने की सीख दी। अंत में मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

### रितिका और अंजलि ने जीती निबंध प्रतियोगिता




**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में शनिवार को सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शीर्षक 'सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम' रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. सचिन कुमार , प्रो. सरजनी नेगी, प्रो. पूनम शर्मा व लैब सहायक श्री मुकेश चंद के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र शर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में प्रो. किरण शर्मा, प्रो. रजनी, व डॉ. आस्था गुप्ता ने बतौर निर्णायककर्ता अपनी भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें पहला स्थान रितिका कटोच व अंजलि कुमारी, रिशीता व कामना ने दूसरा स्थान और कंचन ने तीसरा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनकी कला कुशलता को देखते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही सड़क सुरक्षा क्लब के सभी सदस्यों का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी व भविष्य में सड़क सुरक्षा नियमों के लिए इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए उनका मार्गदर्शन किया।

### समय पर पेंशन के लिए सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, जवाली।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ जवाली की बैठक शनिवार को ज्वाला-माता परिसर लब में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुखदेव शर्मा ने की। बैठक में पेंशनरो की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का समय पर सभी पेंशनरों को पेंशन देने पर आभार व्यक्त किया गया। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पेंशनरों के सभी प्रकार के बकाया का भुगतान किया जाए। इस मौके पर जिला के उप प्रधान रघुवीर सिंह लालिया, बालकृष्ण शर्मा, शंकर दास, रतन चंद धीमान, मनोहर लाल भंडारी, गोपाल कृष्ण आदि मौजूद रहे।

# चंगर क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी की समस्या होगी दूर : पठानिया

## वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज में वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**




उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज में वार्षिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप ज्योति प्रवज्जलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से शाहपुर विधानसभा हलके में भी दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र जो आज तक विकास की रोशनी से अछूते थे, उनका विकास किया जाएगा। चंगर के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत कर प्रत्येक जन तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के लिए सरकार दिन-रात कार्य कर रही है। 17 लाख से राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज के लिए अतिरिक्त कमरे बनेंगे। राजकीय महाविद्यालय लंज ओर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज में सोलर लाइट का प्लांट स्थापित करके बिजली की कमी को पूरा किया जाएगा। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज बाउंड्री वाल लगाई जाएगी। पिछले दो सालों से चल रहे बिजली के कार्य को अप्रैल माह में जल्द ही चंगर क्षेत्र की बिजली की समस्या को दूर किया जाएगा। दो करोड़ से बनने वाली पानी की स्कीम और 12 करोड़ की पीने के पानी की योजना से पानी की समस्या को दूर किया जाएगा। चंगर क्षेत्र में सड़क पानी बिजली और स्वास्थ्य एवं परिवहन सेवा को मजबूत किया जाएगा। लंज खास, अपर लंज, डडोली की तीनों पंचायतों में 34 लाख रुपए दो सालों में विकास के लिए खर्च किया। 5 करोड़ से जल्द ही प्राइमरी हेल्थ सेंटर लंज के भवन का शिलान्यास करके जनता को स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। लंज से नगरोटा सूरियां सड़क को जल्द ही सुधारीकरण किया जाएगा। उन्होंने लंज स्कूल के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और स्कूल में शिक्षा और खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार भेंट किए।

# अपर दत्तल के राजेंद्र चौधरी बने असिस्टेंट कमांडेंट

**अजय पाल, पंचरुखी**



पंचरुखी के छोटे से गांव अपर दत्तल के निवासी राजेंद्र चौधरी शनिवार को आईएमए देहारादून से पासआउट होने के बाद असम राइफल में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर अपनी सेवाएं देंगे। राजेंद्र चौधरी का जनवरी, 2023 में स्पेशल कमीशन ऑफिसर में चयन के बाद एक वर्ष का कठिन प्रशिक्षण आई एम ए देहारादून में लिया। शनिवार को हुई भव्य पासिंग आउट परेड में शामिल होने पर राजेंद्र कुमार ने अपने गांव शहर का ही नहीं, अपितु देव भूमि हिमाचल का भी नाम ऊंचा किया है। राजेंद्र वर्ष 2008 में असम राइफल सेना में बतौर हवलदार क्लर्क भर्ती हुए थे और वह नागालेंड के कोइमा में तैनात थे। करीब 17 वर्ष असम राइफल में सेवाएं देने के बाद उनका चयन असिस्टेंट कमांडेंट के लिए हुआ। राजेंद्र ने दसवीं तक की पढ़ाई जीएवी स्कूल सालियाना में और बारहवीं की पढ़ाई सरकारी स्कूल राजपुर से पास की। पढ़ाई के दौरान वह भारतीय सेना में भर्ती हो गए। शिलांग में ड्यूटी के दौरान ही उन्होंने बीए की पढ़ाई इग्नू से शुरू कर डिग्री हासिल की। राजेंद्र के पिता स्व. नायब सूबेदार हेम राज ने भी भारतीय सेना में 32 वर्ष तक देश के लिए सेवाएं दी थीं। राजेंद्र की माता राजकुमारी व पत्नी ममता देवी गृहिणी हैं। पासिंग आउट परेड समारोह में उनके परिवार के सभी सदस्य शामिल रहे। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। राजेंद्र को पासिंग आउट परेड में प्रदर्शन करते देख सभी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# आईटीबीपी जवान विनोद पंचतत्व में विलीन

## जवान की पार्थिव देह को बड़े बेटे ने दी मुखाग्नि, बोला- मेरे पापा अमर रहें



आईटीबीपी जवान विनोद कुमार के परिजन विलाप करते हुए।



जवान विनोद कुमार की पार्थिव देह को मुखाग्नि देता उनका बड़ा बेटा।

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा जिले के विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला की बगली पंचायत के आईटीबीपी जवान एएसआई विनोद कुमार शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनकी ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई थी। जवान का शनिवार को बगली के श्मशानघाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके बड़े बेटे ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के कमांडेंट देश राज ने बताया कि विनोद कुमार 55 बटालियन की ओर से एएसआई का प्रशिक्षण पाने के लिए अरुणाचल के साथ लगते कैंप किमीन में गया था। ट्रेनिंग के दौरान उसके सीने में दर्द हुआ और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान विनोद कुमार की मृत्यु हो गई। शुक्रवार को विनोद कुमार के शव को गुवाहाटी से कार्गोविमान द्वारा चंडीगढ़ लाया गया और वहां चंडीगढ़ में तैनात आईटीबीपी के एएसआई राजेश कुमार अपने 12 जवान के साथ विनोद कुमार के शव को गाड़ी में सड़क मार्ग द्वारा उनके पैतृक गांव में लाया गया। विनोद की पत्नी पवनेश कुमारी और बेटे शुभम और सक्षम पापा को तिरंगे में लिपटा देखकर बेसुध हो गए। जवान की पार्थिव देह को राजकीय सम्मान के साथ 9 जवानों की तोपों से सलामी देकर पंचतत्व में विलीन किया गया। इस अवसर पर भाजपा विधायक सुधीर शर्मा, धर्मशाला के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी, जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम संजीव भोट, तहसीलदार गिरिराज, उपज मंडी के अध्यक्ष निशु मोगरा सहित सैकड़ों लोगों ने विनोद कुमार को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से विनोद के परिवार को 25000 रुपए की फौरी राहत दी गई और जो भी योजना होगी इस परिवार को दी जाएगी।

# अग्निशमन विभाग की टीम ने किया विधानसभा परिसर का निरीक्षण

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अग्निशमन विभाग की एक टीम ने शुक्रवार को तपोवन स्थित विधानसभा भवन का निरीक्षण किया तथा आग जैसे मामलों में सुरक्षा को लेकर मौजूद व्यवस्था की टोह ली। इस दौरान परिसर में स्थापित हाइड्रेंट का मुआयना किया गया। इनकी पानी की आपूर्ति को चेक किया गया तथा सभी हाइड्रेंट सुचारु मिले। उधर, निरीक्षण में डाउन प्रेशर मिले विधानसभा भवन की सुरक्षा को लगे 50 फायर एक्सटिंग्विशर के मामले में विधानसभा भवन में लगे आधे एक्सटिंग्विशर रिफिल करवा दिए गए हैं, जबकि आधे बाकी हैं।

> हाइड्रेंट में सुचारु पाई गई पानी की आपूर्ति
>
> फायर एक्सटिंग्विशर की रिफिलिंग जारी

बताते चलें कि 18 दिसंबर को शुरू होने वाले शीत कालीन सत्र को लेकर सुरक्षा प्रबंधों को लेकर फायर ब्रिगेड के दौरे में यहां लगे करीब 50 फायर एक्सटिंग्विशर डाउन प्रेशर पाए गए थे। आग जैसी आपदा से निपटने को लगाए फायर एक्सटिंग्विशर को एक साल बाद रिफिल करवाना होता है। वहीं आलम ये कि शीतकालीन सत्र पर ही इसकी टोह ली जाती है। 2023 में 19 दिसंबर से शुरू हुई विधानसभा इस बार 18 से शुरू हो रही है। यानी एक साल पूरा होने में लगभग एक सप्ताह पूरा होने से पहले ही ये फायर एक्सटिंग्विशर आग जैसी स्थिति से निपटने में सक्षम नहीं पाए गए थे। कुल मिलाकर करोड़ों रुपए की लागत से बने इस भवन को लेकर सुरक्षात्मक इंतजाम भी शीत सत्र के बाद ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। एक साल की अवधि के लिए इन यंत्रों को रिफिल करना अनिवार्य है तो ऐसे में पिछली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के ठीक एक साल बाद इनका खाली पाया जाना सवाल खड़े करता है।

उधर, फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद कश्यप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शुक्रवार को किए निरीक्षण में सभी आग से निपटने के लिए लगाए गए हाइड्रेंट की आपूर्ति चेक की गई, जिसमें ये सुचारु मिले।

उधर, इस संदर्भ में जब हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सचिव यशपाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि आग जैसे हालातों से निपटने के लिए हाइड्रेंट चेक किए गए हैं तथा फायर एक्सटिंग्विशर भी रिफिल करवाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# नूरपुर पुलिस की टीम ने जवाली से गिरफ्तार किया फरार नशा तस्कर

## मामले में एक आरोपी को पहले ही अरेस्ट कर चुकी थी पुलिस

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा चलाए गए नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 12 दिसंबर को नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई थी। थाना नूरपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र धीमान द्वारा जब जसूर तलवाड़ा मार्ग पर नाका लगाया हुआ था, तब एक एचपी नंबर की ऑल्टो को रोका गया तो चालक ने वाहन रोकने की बजाय मौके से भागने की कोशिश की तथा पुलिस नूरपुर द्वारा उसका पीछा किया गया, परंतु आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर कार को छोड़कर फरार हो गए। वहां की तलाशी लेने पर कार में से 4 किलो 36 ग्राम चरस बरामद की गई थी कार से बरामद संबंधित दस्तावेज जिसमें गाड़ी की रजिस्ट्रेशन, सर्टिफिकेट, बीमा, आधार कार्ड व चेक बुक को पुलिस ने कब्जे में लिया था उपरोक्त वाहन के दस्तावेजों के आधार पर पुलिस थाना नूरपुर में राजकुमार पुत्र निवासी थारा तहसील बैजनाथ के तौर पर की गई उक्त आरोपी पर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने अपनी कार्रवाई करते हुए अपराधियों की तलाश में अलग-अलग स्थान पर छापेमारी की तथा पेशेवर ढंग से कार्रवाई करते हुए उन्होंने एक अपराधी राजकुमार पुत्र शीश राम निवासी थारा तहसील बैजनाथ उम्र 30 साल को गिरफ्तार किया था तथा शनिवार को दूसरे आरोपी को बंटी कुमार पुत्र रवि कुमार निवासी भोल तहसील जवाली को मकराहन (जवाली) से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इसकी पुष्टि एसपी धर्मचंद वर्मा ने की है।

# ट्राले की चपेट में आने से स्कूटी चालक की मौत

**पठानकोट।** पठानकोट-जालंधर हाईवे पर ट्राले की चपेट में आने से एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई। सिविल अस्पताल के शवगृह में मृतक का शव लेने पहुंचे घरवालों ने बताया कि बीती रात उनके घर में जागरण था और उनका बेटा अपने दोस्त के साथ बाजार से सामान लेने के लिए एक्टिवा से जा रहे थे कि अचानक से तेज गति में आये ट्राले ने उनके बेटे की एक्टिवा को टक्कर दे मारी और उनका बेटा सड़क के बीचोबीच बने डिवाइडर के साथ जा टकराया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित पक्ष ने मामले को लेकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# जिप सदस्य संतोष ने सिहोल पंचायत को भेंट किए बेंच व पानी की टंकियां

**राकेश डोगरा, डरोह**





सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौरा वार्ड 28 की जिला परिषद सदस्य संतोष कुमारी ने बताया कि 15वें वित्तायोग के तहत 2023-24 के बजट से सिहोल पंचायत में सार्वजनिक स्थानों में बैठने के लिए 5 बेंच लगवाए, जबकि मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 500 लीटर की पानी के लिए प्लास्टिक की 4 टंकियां भी दीं। संतोष ने कहा कि उन्होंने पिछ्ले बजट में से पंचायत को सार्वजनिक रास्ते में टाइलें लगाने के लिए एक लाख रुपए, 12 बैंच, एक सोलर लाइट, दो बावड़ियों की मरम्मत के लिए टाइलें लगवाने के लिए 20 हजार रुपए, एक वाटर कूलर के लिए 35 हजार रुपए दिए थे। पंचायत उपप्रधान राजेश ठाकुर ने जिला परिषद सदस्य संतोष कुमारी का पंचायत की ओर से धन्यवाद किया। इस मौके पर वार्ड मेंबर मनोज कुमार, सर्बजीत, बिनता देवी, जोगिंदर, राकेश के सिंह व पंचायत निवासी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# वन्य प्राणी नियमों का उल्लंघन कर रहे सीएम : संजय शर्मा

**धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आए दिन नित नई परंपराएं शुरू कर रहे हैं तथा प्रदेश की जनता में उपहास का विषय बन रहे हैं। कभी समोसा गायब होने की जांच करवाते हैं और पुलिस कर्मचारियों को उनके कोप भाजन का शिकार होना पड़ रहा है। अब नया मामला शिमला जिला के कुपवी से सामने आया है जहां मुख्यमंत्री प्यारी बहना सम्मान योजना के कार्यक्रम में गए थे और उस कार्यक्रम के बाद जंगली मुर्गा का आनंद उठाते हैं और अपने साथियों को भी जंगली मुर्गा खाने के लिए प्रेरित करते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के शेड्यूल 4 के अंतर्गत जंगली मुर्ग के शिकार को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है। अब वन्य जीव संरक्षण विभाग के अधिकारियों के विवेक के ऊपर निर्भर करता है कि यदि इतना बड़ा उल्लंघन ऐसे आयोजन में प्रदेश के मुखिया की उपस्थिति में हो रहा है तो वह उसके ऊपर क्या संज्ञान लेते हैं।

# रोटरी क्लब धर्मशाला ने बांटे चूल्हे

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

रोटरी क्लब धर्मशाला ने आज महिला लाहेश्वरी और महिला मंडल बागड़ू में लकड़ी से जलने वाले चूल्हों का वितरण किया। उक्त जानकारी देते हुए रोटरी क्लब के प्रधान हरि सिंह ने कहा कि महिला मंडल में सभी महिलाओं को पचास के लगभग चूल्हा/अंगीठी बाटी गई। इस अवसर पर महिला मंडल की प्रधान आरती देवी सहित लगभाग पचास सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस महिला मंडल की प्रधान अंकिता चौधरी ने कहा कि हमारे गांव में गैस की समस्या रहती है और ऐसे में लकड़ी से जलने वाले चूल्हा काफी मददगार साबित होंगे। महिला मंडल की प्रधान ने रोटरी क्लब धर्मशाला का इसके लिए धन्यवाद किया तिब्बतयन एलएचए चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग ने इस प्रोजेक्ट को स्पॉन्स्ड किया। एल एच ए की ओर से टेस्टंग वांगडू, टैस्टिंग डोलकर ने भाग लिया। रोटरी क्लब की और से प्रधान हरि सिंह, इंजीनियर तेज सिंह,सुभाष शर्मा , इंजीनियर संग्राम सिंह गुलेरिया, सेरिंग वांगडू ने भाग लिया। बागड़ू ग्राम पंचायत के प्रधान प्रकाश चंद चौधरी उपस्थित रहे। ओबीसी महिला बिंग की प्रधान सुनेजा चौधरी ने भी इस विशेष कार्यक्रम में भाग लिया और आए हुए रोटरी क्लब धर्मशाला के सदस्यों का धन्यवाद किया।

## न्यूगल स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



डरोह। न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना ने शनिवार को अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। कार्यक्रम में सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष अंकुर कटोच तथा स्कूल डायरेक्टर अशोक कटोच ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विद्यालय पहुंचने पर मुख्यातिथि विपिन सिंह परमार का स्कूल स्टाफ, बच्चों, तथा स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। समारोह में छात्रों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां पेश की गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा गुलेरिया ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि विपिन सिंह परमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें हर क्षेत्र में आगे लाना जरुरी है, जिसमें न्यूगल स्कूल अहम् भूमिका निभा रहा है उन्होंने होनहार बच्चों को सम्मानित भी किया।

# बीएड कॉलेज राजोल में बेकार सामान से बनाई सुंदर आकृतियां

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

ज्ञान ज्योती शिक्षा महाविद्यालय राजोल में बेस्ट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी छात्रो ने भाग लिया छात्रों ने बेकार सामान से संदर आकृतियों, मॉडलों और गुड़िया, गुलदस्ते आदि को बनाया गया। यह प्रतियोगिता विवेकानंद, शिवाजी, अशोका और कनिष्का सदनो मे करवाई गई। इस प्रतियोगिता में जज की भूमिका महाविद्यालय की प्राचार्या विजेयता चौधरी ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोका हाउस और द्वितीय स्थान कनिष्का हाउस ने प्राप्त किया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पीएचसी बगली में मनाया यूनिवर्सल हेल्थ दिवस

**कांगड़ा।** पीएचसी बगली में यूनिवर्सल हेल्थ दिवस मनाया गया। मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी नरेंद्र त्रेहन ने शिरकत की। यह तियारा पीएचसी बगली की डॉक्टर मोनिका सिंह राणा द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान हेल्थ वर्कर , सीएचओ, आशा वर्कर भी उपस्थित थे जिन्होंने अलग-अलग प्रस्तुति देकर लोगों को जागरूक किया। नदेहड की आशा वर्कर ने टीबी पर नाटक प्रस्तुत किया। सीएचओ शिवाली द्वारा टीबी पर 100 दिन अभियान बारे भी बताया गया वही इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर भी प्रस्तुति दी गई। नरेंद्र त्रेहन ने कहा कि 12 दिसंबर को यूनिवर्सल स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है इसकी शुरुआत पूरी दुनिया के लोगों को स्वस्थ बनाने के मकसद से की गई थी। इसका उद्देश्य पूरे विश्व में कहीं भी हर व्यक्ति को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है।

# बिना समर्पण और मेहनत के ज्ञान किसी काम नहीं आता : सोनिका

**शिवम शर्मा, परागपुर**



सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परागपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंची सोनिका ने कहा कि यह बात सही है कि ज्ञान ही शक्ति है, लेकिन यह सच यह भी है कि बिना समर्पण और मेहनत के यह ज्ञान कोई काम नहीं आता।

वीआर मेरीटइम सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक सोनिका पराशर ने कहा है कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे जरूरी चीज सही दिशा में परिश्रम करना है। एक विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को गंभीरता से लेता है तो निश्चित है कि यहीं से उसके जीवन का आधार भी बन जाता है। लेकिन सफलता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होती, यह हमारे आचार-विचार, नैतिक मूल्यों और संघर्ष की शक्ति पर भी निर्भर करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और सोनिका पराशर द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष बलदेव चंद, विद्यालय प्रबंधन समिति से सुमन सूद, जगन्नाथ शर्मा, नानक चंद और मुकेश शर्मा सहित विद्यार्थियों के अभिभावक और स्थानीय वासी भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**खेलकूद**

## हारचकियां में 11वीं अंतरराज्यीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

# पहले दिन अंडर-14 के खेले गए 5 मुकाबले

**अनिल छांगू, जवाली**



पंचायत हारचकियां में लियो क्लब के सौजन्य से दो दिवसीय 11वीं अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले क्लब के चेयरमैन राकेश सनोरिया को श्रद्धांजलि दी गई। इसमें ओम प्रकाश गुलेरिया, सेवानिवृत्त रेंजर व चंगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ने मुख्यातिथि शिरकत की तो वहीं डॉ. सुरजन अध्यक्ष चंगर कांग्रेस कमेटी,तिलक जम्वाल, प्रधान पंचायत हारचक्कियां ने विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शुभारंभ के मौके पर 25 टीमों ने भाग लिया। इसमें अंडर-14, अंडर-19, सीनियर वर्ग के लिए मैच करवाए गए। वहीं क्लब के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष केवल धीमान ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से हटाकर खेलों में लगाना हैं। उन्होंने बताया कि इस बार अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता का 11वां आयोजन किया जा रहा हैं। मुख्यतिथि ओपी गुलेरिया ने बताया कि खेल जीवन और नशे का कोई नाता नहीं है। खेलों से जुड़कर व्यक्ति अनुशासित होता है। खेल का अपना ही नशा ऐसा होता है कि व्यक्ति दूसरे नशे भूल जाता है। युवाओं को नशे से मुक्त कराना है तो खेलों की ओर उनका जुड़ाव बढ़ाना होगा। हमें उन्हें विकल्प देना होंगे, बेहतर मैदान और सुविधाएं देना होंगी। यदि युवा खेल मैदान में आएगा, तो निश्चित ही नशे की लत से स्वयं ही दूर होता चला जाएगा। उन्होंने क्लब के तमाम सदस्यों को सफल आयोजन कि बधाई दी। राकेश पगरोत्रा, तिलक राज, सुरिंदर, सुरजीत सिंह,पवन परदेसी, हनीफ ने कोच की भूमिका अदा की।

पहले दिन अंडर-14 के 5 मुकाबले हुए, जिनमें लस लस टीम,कोटला जूनियर, दीवाने क्लब हारचक्कियां, लियो क्लब हारचक्कियां, नूरपुर की टीमों ने मैच जीतकर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, लड़कियों की टीम के खिताबी भिंडन्त का मैच जीएसएसएस पधर जीएसएसएस व वेही पठियार के बीच हुआ। इसमें बेहि पठियार विजेता व पधर स्कूल की लड़कियों की टीम उप विजेता रही। समापन पर विधानसभा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया शिरकत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### लोक अदालत में 6063 मामलों में हुआ समझौता



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के सभी न्यायालयों में शनिवार को राजीव बाली, अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें प्री-लिटिगेशन, एन आई एक्ट, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, जरूरी सेवाओं संबंधित मामले (बिजली तथा जल बिल मामले आदि), दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 खर्चे के मामले, अपराधिक कंपाउडेबल मामले, मोटर दुर्घटना, दावा अधिकरण के केस, वैवाहिक, भूमि अधिग्रहण के मामले, राजस्व मामले, अन्यथा सिविल मामले आदि (मुकदमा पूर्व मामला तथा कोर्ट में लंबित मामले दोनों शामिल) के 10,346 केस लगाए गए। इसमें 6,050 केसों में समझौता किया गया।

### दिव्यांग मूल्यांकन शिविर का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा द्वारा भारत सरकार के कृत्रिम अंग निर्माण निगम, मोहाली के सहयोग से एडीआईपी एंड अरवीवाई स्कीम के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया। इसमें लगभग 350 लोगों ने शिरकत की और लगभग 152 जरूरतमंद दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए पंजीकरण किया गया। दिव्यांगजनों के सहायतार्थ ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, वैसाखी, चलने की छडें और अन्य सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग, वरिष्ठ नागरिकों के सहायतार्थ कमोड के साथ व्हील चेयर व्हील चेयर, कोहनी बैसाखी, चलने की छड़ें, कुर्सी के साथ चलने की छडी, फोल्डिंग वॉकर, तिपाई और टेट्रापॉड, घुटने का ब्रेस, एलएस बेल्ट, स्पाइनल सपोर्ट, कुशन, श्रवण यंत्र एवं कमोड वाली कुर्सी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कांगड़ा द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, मोहाली के सहयोग से मूल्यांकन शिविर में पंजीकरण के अनुसार मूल्यांकित/चिन्हित दिव्यांगजनों को दूसरे चरण में निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

### ग्राम रोजगार सेवकों ने मांगों पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ग्राम रोजगार सेवक संघ जिला कांगड़ा की बैठक अध्यक्ष जसविंदर अंगारिया की अध्यक्षता में कांगड़ा ब्लॉक की पंचायत खोली में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यातिथि राज्य अध्यक्ष मनीष कुमार और महासचिव शशि कांत रहे। बैठक में दैनिक भोगी कर्मी जो अपना 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं को रेगुलर वेतनमान का लाभ नहीं मिलने बारे चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जो ग्राम रोजगार सेवक फिक्स अमाउंट 6800 ले रहे हैं, उनके वेतन में भी वृद्धि होनी चाहिए के बारे चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त करुणामूलक जॉब के बारे भी चर्चा की गई क्योंकि बहुत से साथी जो अपने सेवाकाल में मौत हो चुकी है के परिवार के सदस्य को करुणामूलक जॉब मिलनी चाहिए। इसके अलावा मेडिकल सुविधा, ग्रेच्युटी का लाभ भी ग्राम रोजगार सेवकों को नहीं मिल रहा आज समस्त ग्राम रोजगार सेवकों को अपनी सेवा देते हुए 16 वर्ष से ज्यादा समय हो चुका है आज भी इस श्रेणी के कर्मियों को कोई भी सुविधा नहीं मिल रही है। बैठक में समस्त ग्राम रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गुहार लगाई है कि समस्त ग्राम रोजगार सेवकों को सरकारी कमर्चारी का दर्जा दिया जाए और जल्दी से जल्दी ग्राम रोजगार सेवकों को ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त चले पदों पर समायोजन करने की मांग रखी गयी। बैठक में रेत ब्लॉक से अजय, कांगड़ा से देवेंद्र, फतेहपुर ब्लॉक से रविंदर डढवाल, हरदीप इंदौरा, नूरपुर से पंकज,अरुण,देहरा से अमरीश, बैजनाथ से प्यार चंद, धर्मशाला से गोपाल कृष्ण, लंबागांव से विकास, सुमन, बडोह से दीपक सहित 100 ग्राम रोजगार सेवकों ने हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री ने 'नशा मुक्त इंदौरा' रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को जिला कांगड़ा के इंदौरा में 'नशा मुक्त इंदौरा' जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया है। बीते दो महीनों में नशा माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर कई अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया और इस मिशन में जागरूकता अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करने और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।




इंदौरा में 'नशा मुक्त इंदौरा' जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति नशे की बुराई के खिलाफ मजबूती से खड़ा हो जाए तो इस खतरे को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशा मुक्ति और पुनर्वास के लिए राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड का गठन कर रही है। इस बोर्ड का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित विभिन्न विभागों की गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है ताकि इस बुराई से निपटने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि बोर्ड विभिन्न विभागों की गतिविधियों के बीच समन्वय को बढ़ावा देगा जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने इंदौरा में 4.32 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित लोक निर्माण विभाग के मंडल कार्यालय भवन तथा ठाकुरद्वारा पराल से भोगरवान सड़क पर ख्वाजी खड्ड पर 7.72 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन किया।

उन्होंने इंदौरा में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित मण्डल कार्यालय भवन की आधारशिला रखी, जिसका निर्माण कार्य एक वर्ष में पूर्ण होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, विधायक मलेंद्र राजन, हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के उपाध्यक्ष विशाल चंबियाल, पूर्व विधायक अजय महाजन, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक अशोक रतन उपस्थित थे।

## हैप्पी बर्थडे



ठारू (नगरोटा बगवां) के शौर्य को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### रेहड़ी-फड़ी वाले हटाए

**शाहपुर।** फोरलेन की जद में आ रहे शाहपुर बाजार में बैठे रेहड़ी-फड़ी वालों को यहां से उठा दिया गया है। शुक्रवार को कंपनी की तरफ से यहां से खोखा मार्केट को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है। आरोप है कि फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे दुकानदारों पर ही गाज गिराई जा रही है।

## इंश्योरेंस कंपनी को शिकायतकर्ता को उपचार का पूरा खर्च देने के आदेश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने शिकायतकर्ता को 16,92,783 रुपए 9 प्रतिशत ब्याज के साथ, एवं 4,00,000 रुपए मानसिक उत्पीड़नता और 25,000 रुपए मुकदमा खर्चा, निजी हॉस्पिटल के द्वारा की गई मेडिकल नेगलिजेंसी के लिए, नयू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी एवं आईसीआईसीआई लोंबार्ड इंश्योरेंस कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए। शिकायतकर्ता, जो कि एक छात्र है, जिसके मलाशय में ब्लीडिंग होने के कारण, निजी हॉस्पिटल का चक्कर लगाया, निजी हॉस्पिटल के द्वारा सही ट्रीटमेंट न दिए जाने के कारण, शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला मे शिकायत की, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला द्वारा शिकायतकर्ता को निजी हॉस्पिटल के द्वारा सही ट्रीटमेंट न दिए जाने के कारण, शिकायतकर्ता के नुकसान का सारा का सारा खर्चा देने के आदेश दिए गए।

निजी हॉस्पिटल जो की नयू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, आईसीसी लोंबार्ड से इंश्योरड था, जिस कारण उसका सारा का सारा जो भी खर्चा है वह इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा दिया जाएगा, जिसमें, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेज का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता को 16,92,783 रुपए नो प्रतिशत ब्याज के साथ, एवं 4,00,000 रुपए मानसिक उत्पीड़नता और 25,000 रुपए मुकदमा खर्चा, निजी हॉस्पिटल के द्वारा की गई मेडिकल नेगलिजेंसी के लिए, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी एवं आईसीआईसीआई लोंबार्ड इंश्योरेंस कंपनी द्वार देने की आदेश दिए।

## संपर्क सड़कों को नहीं होने देंगे अवरुद्ध : काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने कहा कि फोरलेन सड़क का निर्माण जरूरी है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की संपर्क सड़क मार्गों को अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांगड़ा बाईपास पर ही स्कॉट, भाटी, तरसुह के ग्रामीणों के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आदेश पर सड़क की कनेक्टिविटी बहाल कर दी गई है। शीघ्र ही एसडीएम और एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के साथ सड़क मार्ग कि बहाली के लिए दौरा कर ग्रामीणों की समस्या का समाधान करेंगे। काजल शनिबार को कांगड़ा बाईपास पर फोरलेन का निर्माण होने से बंद हुए जोगीपुर हाई स्कूल के पुराने रास्ते का ग्रामीणों साथ निरीक्षण करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा सड़क कनेक्टबिटी ना होने कारण 70 बिद्यार्थियों को स्कूल आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस हाई स्कूल में बोदड़ बल्ला, कांगड़ा मंदिर रेलवे स्टेशन से लगभग सौ स्टूडेंट रोजाना शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं लेकिन फॉरलेन निर्माण से संपर्क सड़क मार्ग बंद होने कारण बच्चे स्कूल जाने से हाय तौबा करने लगे हैं। विद्यार्थियों को लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। जोगीपुर पंचायत के प्रधान रिंपल कुमार की अगुवाई में स्कूल एसएमसी के अध्यक्ष राजकुमार व महिला मंडल और ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक पवन काजल से मिला और संपर्क सड़क मार्ग का निर्माण करवाने की मांग रखी। पंचायत प्रधान रिंपल ने कहा कि सड़क मार्ग का निर्माण करने के लिए उन्होंने एसडीएम को भी दो बार ज्ञापन दिया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा स्कूल में लगभग 220 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है लेकिन संपर्क सड़क मार्ग का निर्माण ना हुआ तो नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की संख्या आधे से भी कम रह जाएगी। उन्होंने कहा दो साल से निर्माणाधीन कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कविराज सड़क मार्ग बनाने के नाम पर ग्रामीणों को गुमराह करते रहे हैं अब वह सड़क की कनेक्टिविटी देने से आनाकानी कर रहे है।

# बेरोजगार यात्रा पर एफिडेविट दें बाली : बिक्रम

## पूर्व मंत्री ने कहा, जब उनके अपने होटल हैं तो वह बाकियों को क्यों चलाएंगे




धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते पूर्व मंत्री और जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर, साथ हैं भाजपा के अन्य नेता।

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

पूर्व मंत्री तथा विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कहा कि पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष आरएस बाली ने हाल ही में एक प्रेस वार्ता में मुझसे एफिडेविट देने की बात कही थी। इस संदर्भ में मेरा स्पष्ट कहना है कि बाली जी स्वयं एक होटल व्यवसायी हैं और उनके इस पद पर रहने से कनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट की स्थिति उत्पन्न होती है।

यह सवाल उठता है कि कोई भी होटल व्यवसायी क्यों चाहेगा कि उसके अपने होटलों में लोग न जाएं और दूसरे होटलों का व्यवसाय बेहतर हो? पहले बाली ने अदालत में कहा था कि एचपीटीडीसी के होटल घाटे में चल रहे हैं, लेकिन जब अदालत के निर्देशों के बाद जनता की प्रतिक्रिया देखी, तो

### बाली बताएं, बेरोजगारों के लिए क्या ठोस कदम उठाए

उन्होंने बयान दिया कि होटलों का व्यवसाय ठीक चल रहा है। ऐसे विरोधाभासी बयानों से उनकी मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। उनके खुद के भी होटल हैं और वे इस व्यवसाय में निजी तौर पर जुड़े हुए हैं। यह स्थिति पारदर्शिता और निष्पक्षता के मानकों पर खरी नहीं उतरती।

बाली ने मुझसे एफिडेविट देने को कहा है, तो मैं उनसे भी मांग करता हूं कि वे खुद एफिडेविट देकर यह बताएं कि उनकी बेरोजगार यात्रा के बाद सत्ता में आने पर उन्होंने बेरोजगार युवाओं के लिए क्या ठोस कदम उठाए। जनता को यह जानने का अधिकार है कि उनके बड़े-बड़े वादे कितने पूरे हुए और बेरोजगारों के लिए किए गए दावों का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि एक भाजपा विधायक और विपक्ष में बैठा पूर्व मंत्री होने के नाते, मैं यह मानता हूं कि जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाना मेरा कर्तव्य है।

जनता के व्यापक हितों की रक्षा करना और सरकार से जवाबदेही की मांग करना मेरी जिम्मेदारी है। विपक्ष का यह कर्तव्य होता है कि वह सत्ता में बैठे लोगों से जनता के हितों के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करे। आरएस बाली के बड़े-बड़े व्यवसाय और उनके बयानों के बीच जो असंगतता है, वह साफ तौर पर जनता के हितों को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि वे स्पष्टता और पारदर्शिता के लिए एफिडेविट देकर यह बताएं कि उन्होंने सत्ता में आकर बेरोजगारों के लिए क्या किया। (अनंत ज्ञान)

## 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ पेंशनर्स किए सम्मानित



फतेहपुर। जिला पेंशनर्स संघ इकाई फतेहपुर की बैठक शनिवार को रावमापा फतेहपुर में इकाई अध्यक्ष सोमराज गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पेंशनर्स की मांगों पर चर्चा करते हुए 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ पेंशनर्स को सम्मानित किया गया। बैठक बारे जानकारी देते हुए इकाई अध्यक्ष सोमराज गर्ग ने बताया बैठक दौरान पेंशनर्स की लंबित मांगों को सरकार के समक्ष रखने की रणनीति बनाई गई, तो वहीं 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ पेंशनर्स ओंकार सिंह, मस्त राम, रत्ना देवी, राम प्रसाद, कर्म सिंह, जगन्नाथ, अनंत राम, लक्ष्मी देवी, विशंबर रिहालिया को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बलबंत सिंह, शक्ति सिंह, वकील सिंह, जोगिंदर सिंह, करनैल राणा, मोहन सिंह, अमर सिंह, हरनाम सिंह, इंदु बाला सहित दर्जनों पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## सर्दियों में रखें अपने दिल का ख्याल: डॉ. अभिनव

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

ठंड के दिनों में नींद जरूर पूरी करें, क्योंकि इससे आपके शरीर को पूरा आराम मिलेगा। जब आप दिन भर काम करते हैं, तो उसकी वजह से दिल पर भी ज्यादा प्रभाव पड़ता है। सोते समय पूरे शरीर को आराम मिलता है। इस मौसम में ज्यादा मीठी व तली हुई चीजें खाने का मन करता है, लेकिन एक ह्रदय रोगी इसका सेवन कम से कम करे, क्योंकि ये उनके दिल के लिए बहुत अच्छा रहेगा। साथ ही सिगरेट व शराब का भी सेवन न करें। भोजन में मौसमी फल व हरी पत्तेदार सब्जियां व सूप आदि को अवश्य शामिल करें। मक्खन व घी का प्रयोग भी सीमित मात्रा में करें। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखना और वसा के जमाव को रोकना आपके लिए बेहद जरूरी है। इंसान के पूरे शरीर में सिर्फ दिल ही है जो 24 घंटे काम करता है, वे भी बिना रुके। यदि कोई भी दिल के प्रति तकलीफ लगे, तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या क्लीनिक में तुरंत जांच करवाएं। इस संबंध में फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव श्रीवास्तव एवं डॉ मयंक यादव ने कहा कि ह्रदय रोगों में बिना वक्त गंवाए उपचार प्रकिया से गुजरना अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि ह्रदय रोग में सही समय पर सही उपचार से ही किसी मरीज की सांसों को बचाया जा सकता है। डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने कहा कि फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में ह्रदय रोगों से संबंधित सेवाओं में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, कैथ स्टडी, रीनल आर्टरी स्टेंटिंग, पोस्ट बाइपास क्राफ्ट्स स्टेंटिंग, पेसमेकर, पैरीफरल आर्टरी स्टेंटिंग, अत्याधुनिक सीसीयू, विश्वस्तरीय कैथ लैब, होल्टर, ईको, टीएमटी इत्यादि की विश्वस्तरीय सेवाएं उपलब्ध हैं।

### पंजाब के तीन लोगों से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पंचरुखी पुलिस ने शनिवार को गांव पट्टी में पुलिस नाके के दौरान पंजाब राज्य के व्यक्तियों से 18 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस आगामी कार्रवाई करते हुए दोषियों को हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार सबुह लगभग 3 बजे गांव पट्टी में नाके के दौरान पुलिस ने एक गाड़ी को रोका व तलाशी के दौरान गाड़ी में बैठे नबालिग सहित तीन लोगों से 18 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस नबालिग सहित जालंधर निवासी राहुल, अंकुश व अमृत पाल को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी ने बताया के मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

**आधारशिला** बैजनाथ-पपरोला को मिलेगा नगर परिषद का दर्जा, बहुमंजिला पार्किंग का होगा निर्माण : किशोरी लाल

# पपरोला में 34 लाख की योजनाओं के किए शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



विधायक किशोरी लाल ने शनिवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के पपरोला में 34 लाख रुपए की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास किए। इनमें पपरोला बाजार के सौंदर्यकरण के लिए लगभग 25 लाख रुपए, वार्ड नंबर 8 में लगभग 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन और 4 लाख रुपये की लागत से महिला मण्डल भवन के शिलान्यास किए। विधायक ने कहा कि इन योजनाओं से पपरोला और आसपास के क्षेत्रों को विकास की नई दिशा मिलेगी। पपरोला बाजार के सौंदर्यकरण से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि यहां आने वाले पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 8 के स्थानीय लोगों की बहुत पुरानी मांग थी। इसी मांग को मध्य नजर रखते हुए सामुदायिक भवन और महिला मंडल भवन का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से स्थानीय लोगों को अपनी गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा, साथ ही महिलाओं के विकास की दिशा में यह एक अहम कदम होगा। उन्होंने कहा कि मझैरना रोड में बहुमंजिला पार्किंग स्थल के निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग स्थल बनने से न केवल पार्किंग की समस्या का समाधान होगा, बल्कि शहर के यातायात संकट को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू नेतृत्व में पहली सरकार है जो व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को घरद्वार पर सुविधाएं देने तथा उनके जीवन में व्यापक सुधार के लिए कारगर कदम उठाये गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पपरोला सहित पूरे बैजनाथ बिस में और भी विकास योजनाओं की शुरुआत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जल्दी ही नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला को नगर परिषद का दर्जा मिलने से बैजनाथ पपरोला में शहरीकरण की प्रक्रिया तेज होगी। नगर परिषद बनने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिलेंगी, जैसे कि बेहतर जलापूर्ति, सफाई व्यवस्था, सड़कें, सीवेज सिस्टम और पार्किंग की सुविधाएं। इसके साथ ही प्रशासनिक ढांचा भी मजबूत होगा और स्थानीय विकास योजनाओं को लागू करने में तेजी आएगी।



## न्यूज ब्रीफ

### दुर्गा सिंह ने बड़ा कॉलेज में नवाजे मेधावी छात्र



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन के दुर्गा सिंह बड़ा कॉलेज में वार्षिक पारितोषक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य तिथि के रूप में सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी एवं समाजसेवी डॉ. मोहन लाल कौंडल ने विशेष रूप से शिकरत की। इस दौरान उनके साथ बीस सूत्री कार्यक्रम के जिला सदस्य कुलदीप पटियाल, सुदर्शन जरियाल, लाल चंद परमार, कुलतार चंद परमार, पंचायत बड़ा की प्रधान सरिता देवी, सुदर्शन कौंडल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना कौंडल ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि द्वारा स्कूल के मेधावी विधार्थियों कों सम्मानित किया गया। स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार बच्चों की शिक्षा के प्रति पूर्ण रूप से सक्रियता से अपनी भूमिका निभा रही हैं, इसलिए शिक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा नई नई नीतियां लाई जा रही हैं ताकि किसी भी बच्चे को शक्षा प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो। यही नहीं मुख्यमंत्री सुक्खू ने बेसहारा बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्ति के लिए सुख आश्रय योजना चलाई है, जिसके तहत सैकड़ों बच्चे वर्तमान समय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

### सड़क में कीचड़ से छात्र और लोग परेशान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी नेशनल हाईवे नंबर-3 के निर्माण कार्य में लापरवाही का खामियाजा छात्रों व आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लगभग 15 दिन पहले एनएच निर्माण कंपनी सोसयटी व स्कूल जाने वाली सड़क के पास डंगे का निर्माण कर रही है और जल शक्ति विभाग द्वारा तहसील के लिए पाइप लाइन के लिए सड़क की खुदाई कर डाली, जिससे सड़क दलदल बनी हुई है। सड़क पर कीचड़ की वजह से छात्रों व ग्रामीणों को गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और जिससे यहां से गुजरने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण आशा देवी, प्यार चंद, देश राज, प्रकाश चंद, निर्मला देवी, सिमरो देवी, जय देवी सहित अनेक ग्रामीणों ने मांग की है कि इसे शीघ्र ठीक किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### नशे से बचने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं जरूरी: कौंडल



**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज की ओर से करियर प्वांइट विश्वविद्यालय (खरवाड़) हमीरपुर में अंडर-19 वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता शनिवार को शुरू हुई, जिसमें भोरंज क्षेत्र की 15 टीमों के खिलाड़ी डबल इवेंट की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस विभाग के विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो के एएसआई सुनील कौंडल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कला एवं खेल मंच युवाओं को खेलकूद गतिविधियों से जोड़ने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहा है। इससे जहां खिलाड़ी स्वस्थ रहेंगे, वहीं अनुशासन के साथ प्रतियोगिता की भी भावना भी सीखेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि नशे से बचने के लिए अधिक से अधिक समय खेलकूद गतिविधियों में लगाएं तथा अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता की भावना पैदा करें। प्रतियोगिता के पहले मैच में पीयूष और अनिरूध की जोडी ने अभिषेक व पार्टनर की जोड़ी को 2-0 से हराकर मैच जीता। दूसरे मैच में देव चंदेल और नैतिक की जोड़ी ने आयुष और दक्ष की जोड़ी को 2-0 से पराजित किया। तीसरे मैच में आर्यन और अभिषेक की टीम ने साहिल व रोहित को 2-0 से पराजित करके मैच अपने नाम किया। चौथे मैच में नितिन व पार्टनर की टीम ने अक्षय और रितेश की टीम को 2-1 के अंतर से हराकर मैच जीता। इस अवसर पर कला एवं खेल मंच के महासचिव दिनेश संधू, सह सचिव कै. राकेश, कोषाध्यक्ष संदीप कतना, समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर, संस्कृति सचिव प्रवीण शर्मा, खेल सचिव अमित सोनी, अक्षय कुमार उपस्थित रहे।

### विधायक सुरेश ने बधानी में नवाजे मेधावी छात्र



**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधानी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने द्वीप प्रज्जवलित करके किया। भोरंज विधानसभा क्षेत्र का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल एक ऐसा स्कूल है, जिसे विधायक सुरेश कुमार ने गोद लिया है। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि स्कूल के गोद लेने के बाद इसे विकसित करने के लिए जिम्मेवारी भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार व्यवस्था परिवर्तन के साथ शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन करने के लिए कारगर कदम उठा रही है ताकि बच्चों को आधुनिक और गुणात्मक शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि बधानी स्कूल का नया भवन बनेगा तथा कार्यक्रम के आयोजन के लिए मंच का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल के खेल मैदान को विकसित करने के साथ सुंदर पार्क का भी निर्माण प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को सभी सुविधाओं के लिए पारूप तैयार करने के आदेश दिए।

### बस और कार की टक्कर में नहीं हुआ कोई हताहत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग 103 पर झनियारी के पास शुक्रवार देर शाम करीब 7.30 बजे एचआरटीसी बस और कार की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक को मामूली चोटें आई है, जिसे एंबुलेंस 108 के माध्यम से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले जाया गया है, जबकि दूसरा युवक मौके से फरार हो गया है। हालांकि हादसे में कार और बस को काफी नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार रोहडू डिपो की रोहडू से कांगड़ा जा रही एचआरटीसी बस शुक्रवार शाम 6:55 बजे के करीब जैसे ही झनियारी के नजदीक पहुंची, तो सामने से उतराई में तेज रफ्तार में हमीरपुर की ओर आ रही एक्सयूवी कार को बचाने के लिए बस ड्राइवर ने बस को सड़क से बाहर तक निकाल दिया, लेकिन कार चालक ने फिर भी बस को टक्कर मार दी। टक्कर से कार का ड्राइवर साइड का जहां टायर पूरी तरह से टूट गया है। वहीं बस की ड्राइवर साइड की चादर भी अगले टायर से लेकर पिछले टायर तक निकल गई है और बस का पिछला टायर भी फट गया है। ऐसे में बस में सवार यात्री भी बाल बाल बच गए हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो कार चालक काफी तेज रफ्तार में कार चला रहे थे और उन्होंने कुछ नशा भी कर रखा था। जिसके चलते यह हादसा हुआ है। इसके चलते राष्ट्रीय उच्च मार्ग 103 करीब आधे घंटे तक बंद रहा, जबकि बस के यात्रियों को पीछे से आ रही शिमला धर्मशाला बस में भेज दिया गया है, ताकि यात्री समय पर अपने स्टेशनों पर पहुंच सके। हमीरपुर पुलिस भी हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई थी और मामले की जांच में जुटी हुई थी।

### मनुष्य को दान-पुण्य करने रहना चाहिए : पं. अंकुश



**डिडवीं टिक्कर।** मनुष्य को दान पुण्य करना चाहिए जिससे उनका जीवन धन्य हो जाता है। यह पंक्तियां श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर पंडित अंकुश शर्मा ने सेवानिवृत्त कर्नल जुगल किशोर शर्मा के निवास स्थान सेर गांव में कहीं। उन्होंने वहां पर आई संगत को अपने प्रवचन में बताया कि जो मनुष्य दान पुण्य करता है, उनका जीवन सार्थक हो जाता है। उन्होंने भागवत कथा के समापन अवसर पर कृष्ण और सुदामा की दोस्ती पर प्रवचन दिए। उन्होंने युवा पीढ़ी की ओर संकेत करते हुए कहा कि हमने गुड मॉर्निंग नहीं बोलनी चाहिए, बल्कि राधे-राधे, राम-राम या श्री कृष्णा बोलकर बड़ों को संबोधन करना चाहिए। कथावाचक अंकुश शर्मा ने कहा किसेवा करने से ही कर्मों की सिद्धि मिलती है। उन्होंने कहा कि मां-बाप की सेवा करने से सारे तीर्थ स्थलों की यात्रा हो जाती है, इसलिए बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ-साथ गोसेवा भी जरूर करनी चाहिए जिससे आपका आपका अगला जीवन धन्य हो जाता है। इस अवसर पर सुदेश शर्मा, मुकुल शर्मा और परिवार के समस्त सदस्यों सहित गांववासियों ने सात दिन तक चलने वाली इस भागवत कथा का पूरा आनंद लिया।

## कार व ट्रॉले में भिड़ंत कुछ लोग हुए घायल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के मुख्यालय समीप निर्माणाधीन नए बस स्टैंड के पास शनिवार सुबह एक कार व पिकअप ट्रॉले के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें ट्रॉला चालक को चोटें आई हैं, वही गाड़ी में सवार कुछ लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायल लोगों को उपचार के लिए आरके मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में उपचाराधीन किया गया है, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी है। हालांकि दोनों पार्टियों के बीच आपसी समझौता होने के चलते पुलिस में मामला दर्ज नहीं हो पाया है लेकिन इस दुर्घटना में दोनों गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

# एनआईटी हमीरपुर में रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना ने क्यों दिया इस्तीफा, चर्चाएं शुरू

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना ननोटी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस घटनाक्रम के बाद संस्थान के भीतर कई तरह की चर्चाओं का माहौल भी तैयार हो गया है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

हालांकि इस इस्तीफे को लेकर अभी फाइनल डिसीजन एक महीने के बाद होना है क्योंकि रजिस्ट्रार ने एक महीने के बाद संस्थान छोड़ने की पेशकश की है।

### पारिवारिक कारणों से दिया इस्तीफा: डॉ. अर्चना

हालांकि संस्थान की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना ननोटी का कहना है कि इस्तीफा तो उन्होंने दे दिया है। उसकी वजह पारिवारिक कारण हैं, लेकिन इसके लिए उन्होंने एक महीने का समय दिया है। वह इस्तीफे को वापस लेने पर भी विचार कर सकती हैं क्योंकि जो परिस्थितियां बनी हैं, उनका समाधान भी निकल सकता है।

संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एचएल सूर्यवंशी का कहना है कि इस्तीफा आ गया है, लेकिन फिलहाल उन्हें पद पर बने रहने के लिए कहा गया है।

**नियुक्ति पर उठे थे सवाल :** दरअसल करीब डेढ़ साल पहले हुई रजिस्ट्रार की इस नियुक्ति को लेकर बीच में ऐसा समय भी आया, जब कई सवाल उठने लगे। यह भी कहा जाने लगा कि नियमों और शर्तों को दरकिनार करके नियुक्ति दी गई है।

हालांकि संस्थान के डायरेक्टर ने इन सब आरोपों को तब सिरे से खारिज भी कर दिया था, लेकिन अब अचानक दो दिन पहले जब 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' की बैठक हुई, उसी के बाद रजिस्ट्रार के इस्तीफे की चर्चा सामने आई। उन्होंने लिखित तौर पर संस्थान को इस्तीफा सौंपा है।

याद रहे, इस संस्थान की भीतरी व्यवस्था को लेकर कई तरह के सवाल उठते रहे हैं, लेकिन मौजूदा डायरेक्टर के कार्यकाल में फिलहाल सब शांत चल रहा है। पूर्व में रहे डायरेक्टर को हटा दिया गया था। उन पर कई तरह के आरोप लगे थे, लेकिन अब इस्तीफे की नई चर्चा की वजह से माहौल फिर इस संस्थान की भीतरी व्यवस्था में गरमा गया है। (अनंत ज्ञान)

### इस्तीफे पर करें डॉ. ननोटी पुनर्विचार: डॉ. सूर्यवंशी



संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एचएल सूर्यवंशी का कहना है कि इस्तीफा तो आ गया है, इसके लिए 30 दिनों का समय भी मांगा गया है लेकिन जो पारिवारिक स्थिति बताई गई है, उसके मुताबिक संबंधित रजिस्ट्रार को यह भी कहा गया है कि वह इस्तीफा वापस भी ले सकती हैं, इस पर वे पुनर्विचार करें।

# सर्दियों में टेंट में रहने को मजबूर हुआ गरीब परिवार

## खग्गल गांव में मकान हुआ जर्जर, घर को फिर से बनाने के लिए सरकारी योजना की धनराशि का सालों से इंतजार कर रहा पीड़ित

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**







हमीरपुर जिले की नेरी पंचायत के खग्गल गांव में पीड़ित का क्षतिग्रस्त घर, (मध्य) पीड़ित गरीब होने से अब टेंट लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने को मजबूर हो गया है।

हमीरपुर जिले की ग्राम पंचायत नेरी के गांव खग्गल के कमलजीत और उसका परिवार सर्दियों में खुले आसमान के नीचे टेंट लगाकर जीवन बसर कर रहा है क्योंकि दो कमरों का कच्चा स्लेटनुमा मकान जर्जर हो चुका है और पंचायत के द्वारा पिछले करीब दो-अढ़ाई साल से घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पैसे देने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद भी पैसे नहीं मिल पाए हैं।

हालांकि, पंचायत के आश्वासन के बाद कमलजीत ने 1.20 लाख रुपए खर्च करके मकान की नींव की खुदाई के साथ-साथ इसमें डलने वाला सरिया भी खरीद लिया था, लेकिन अब पंचायत के द्वारा घर बनाने के लिए पैसों का भुगतान नहीं होने से यह परिवार टेंट में रहने के लिए मजबूर हो गया है। इस संदर्भ में अगर पंचायत की माने तो एक नाम के दो व्यक्ति होने से मामला लटका हुआ है, जिसमें कमलजीत को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए राशि को किसी दूसरे व्यक्ति को ही पैसे जारी हो गए थे। वहीं, पात्र कमलजीत के द्वारा इस बात का पता लगने पर वह बार-बार अधिकारियों व पंचायत के चक्कर काट रहा है, लेकिन अभी तक समस्या का कोई हल नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में मकान बनाने के लिए सर्वे हुआ था और 2024 में मकान बनाने के लिए राशि जारी होने के लिए पंचायत ने कहा था, लेकिन अभी तक राशि नही मिल सकी। अनंत ज्ञान)

### बीडीओ को दिए हैं उचित निर्देश: डीसी

वहीं, इस बारे में फोन पर डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़ित कमलजीत ने कार्यालय में भी इस बात की शिकायत की थी और बीडीओ हमीरपुर को जल्द से जल्द मामले की पड़ताल करके और उचित कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### पीड़ितों ने सरकार से की पैसे जल्द देने की मांग

पीड़ित कमलजीत ने बताया कि कई सालों से घर जर्जर होने के चलते टेंट लगाकर जीवन-यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में डाला गया था, लेकिन पैसे आज दिन तक नहीं दिए जिसके चलते मजबूरन अब टैंट लगाकर रहना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द मकान बनाने के लिए पैसे दिलवाए जाएं। कमलजीत की पत्नी ने बताया कि घर बनाने के लिए पैसे नहीं है और जिसके चलते मजबूरन टैंट में जीवन गुजारना पड़ रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार घर बनाने के लिए पैसे दे। कमलजीत के बेटे और बेटी ने बताया कि सर्दियों में बहुत ठंड लगती है और टैंट में रहने में डर लगता है। उन दोनों बच्चों ने नेरी पंचायत प्रधान और सरकार से मांग की है कि घर बनाने के लिए जल्द से जल्द पैसे दिए जाएं।

### एक नाम से दो व्यक्ति होने से फैला भ्रम : प्रधान

इस सारे मामले में ग्राम पंचायत प्रधान विपिन ठाकुर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि उनके गांव मे एक ही नाम के दो व्यक्ति हैं, जिनके पिता का नाम भी एक जैसा ही है। कमलजीत पुत्र नानकू राम नाम के दो व्यक्ति हैं। दोनों ही परिवार बीपीएल में हैं। एक परिवार को मकान स्वीकृत हुआ है। 2018 मे जिसे मकान स्वीकृत हुआ है, उसका सर्वे भी हो चुका है और किस्त भी उसके खाते मे डल चुकी है, जो व्यक्ति इस का विरोध कर रहा है, उसके दो भाइयों को भी मकान स्वीकृत करवाए जा चुके हैं, जिनका निर्माण भी हो चुका है। उक्त व्यक्ति वाटर करियर है, शायद जिस कारण इन्हें मकान नहीं मिल पाया है। मैंने किसी के साथ कोई जयाती नहीं की है। मेरे लिए पूरी पंचायत एक समान है। दो व्यक्तियों का एक ही नाम व पता होने के चलते दिक्कत हुई है, लेकिन वास्तव में जिसे मकान की स्वीकृति मिली हुई है, उसके सर्वे के बाद किस्त मिल चुकी है।

# उपतहसील जाहू में चोरी के मामले में पुलिस ने किए दो गिरफ्तार

**एसके शर्मा, जाहू**

**हौड़ गांव में आफताब खान के घर से मिले जाहू उपतहसील से चोरी कंप्यूटर व प्रिंटर**

भोरंज थाना के जाहू उपतहसील कार्यालय से चोरी हुए दो कंप्यूटर व दो प्रिंटर चोरी होने की घटना का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। इस संबंध में चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 9 दिसंबर को जाहू में खुली नई उपतहसील का लोकार्पण होना था, लेकिन इससे एक दिन पहले चोरों ने उपतहसील कार्यालय के कमरे के कुंडे तोड़कर अंदर रखे दो कंप्यूटर व प्रिंटर चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था। भोरंज पुलिस ने पांच दिन में चोरों की इस घटना की जांच करके चोरों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार शाम पुलिस ने करीब 15 मिनट मोबाइल फोन की डिटेल के पुख्ता सबूतों के आधार पर जाहू पंचायत के हौड़ गांव में आफताब खान (23) पुत्र साजिद खान डाकघर जाहू, तहसील भोरंज के घर के बेड में रखे चोरी किया गया सामान बरामद किया है।

इसके साथ एक अन्य आरोपी ऋषभ शर्मा पुत्र प्यार चंद (23) गांव जाहू कलां डाकघर जाहू, तहसील भोरंज को गिरफ्तार किया गया है।

> पुलिस ने जाहू उपतहसील से चोरी दो कंप्यूटर व प्रिंटर हौड़ गांव में आफताब खान के घर से बरामद किए हैं। इसके अलावा युवक ऋषभ शर्मा को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चोरी करके खेतों की तरफ से पैदल चलकर हौड़ गांव की ओर कंप्यूटर और प्रिंटर चोरी कर ले गए थे। दोनों आरोपियों ने चोरी को वारदात को कबूल कर लिया है।
>
> -प्रशांत सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी भोरंज

चोरी की इस घटना की जांच करने के लिए पुलिस ने सैकड़ों मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली हैं और सीसीटीवी कैमरे में चोरी घटना वाली रात को करीब 25 से 30 गाड़ियों की जांच की गई है। चोरी की घटना की भोरंज थाना के प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने जांच की है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने चोरों का पकड़ने के लिए पुलिस की सराहना की है।

गौर हो कि जाहू पंचायत में दर्जनों सौर ऊर्जा की बैटरियां भी चोरी हुई हैं। इसके अलावा उपतहसील के साथ लगते एक घर से मारुति कार की भी चोरी हुई है। उक्त चोरों के पकड़ने से और भी कई खुलासे होने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा कर रही फिजूल की बयानबाजी : पठानिया



**हमीरपुर।** कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक चेयरमैन रामचंद्र पठानिया ने होटल हमीर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल बहुत ही बेहतरीन रहा है, लेकिन भाजपा फिजूल में बयानबाजी कर रही है। पठानिया ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर से भी सवाल करते हुए कहा कि हमीरपुर में रेल लाइन कब पहुंचेगी। सांसद अवाहदेवी से हमीरपुर आ रही सड़क मार्ग कार्य को केंद्र के सहयोग से अनुराग ठाकुर आज दिन तक पूरा नहीं करवा पाए। राम चंद्र पठारिया ने कहा कि सांसद जब भी चुनाव आते हैं, तब रेललाइन की बात करते हैं लेकिन बाद में भूल जाते हैं।

## मुख्यमंत्री ने हमीरपुर के विकास को दिए नए आयाम : बिट्टू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने सुपर मैग्नेट स्कूल के मेधावी नवाजे।

हमीरपुर जिले में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने टाउन हॉल में आयोजित सुपर मैग्नेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए सुनील बिट्टू ने कहा कि हमीरपुर को हिमाचल के शिक्षा के हब के रूप में जाना जाता है, जहां प्रदेश का नंबर वन डिग्री कालेज, एनआईटी, पॉलीटेक्निक कालेज, तकनीकी विश्वविद्यालय और कई बेहतरीन निजी शिक्षण संस्थान हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां मेडिकल कॉलेज स्थापित करके हमीरपुर जिले के विकास को नए आयाम दिए हैं। इस संस्थान को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री एक बड़ी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। वह इस मेडिकल कॉलेज में कैंसर केयर संस्थान, नर्सिंग कॉलेज, एक अलग मातृ-शिशु अस्पताल और सभी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान कर रहे हैं।

सुपर मैग्नेट स्कूल के बेहतरीन संचालन के लिए इसके चेयरमैन शगुन दत्त और उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि और प्रतिभा के अनुसार ही प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री सुक्खू के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि एक सामान्य परिवार से निकलकर अपनी मेहनत और संघर्ष के बल पर प्रदेश के शीर्ष पद पर पहुंचे हैं।

उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। समारोह में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के पदाधिकारी, नगर परिषद के पदाधिकारी, प्रधानाचार्य वाटिका सूद और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

**आयोजन** गुरुकुल स्कूल बड़ू (हमीरपुर) का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया

# शिक्षा के साथ बच्चों की मानसिक सेहत भी जरूरी: डॉ. वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**




कार्यक्रम में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को सम्मानित करते गणमान्य।

गुरुकुल पब्लिक स्कूल बड़ू (हमीरपुर) का वार्षिक पारितोषिक समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर डॉक्टर वर्मा के पहुंचने पर स्कूल के प्रबंधक एचएस वर्मा, प्रिंसिपल निशा वर्मा व मैनेजमेंट ने बड़ी ही गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया तथा उन्हें टोपी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इसके बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो कि बड़ा ही लाजवाब और बेहतरीन था।

इस अवसर पर वर्मा ने उन सभी निजी शिक्षण संस्थाओं का धन्यवाद किया कि वे बड़े ही अच्छे तरीके से हमारे हिमाचल प्रदेश के बच्चों के भविष्य निर्माण में लगे हुए हैं और साथ ही साथ हजारों रोजगार निजी शिक्षण संस्थान हमारे हिमाचल वासियों के लिए उत्पन्न कर रहे हैं।

वर्मा ने कहा कि हम सब अभिभावकों और अध्यापकों को अपने बच्चों की मानसिक सेहत पर भी ध्यान देना आवश्यक है और बचपन से ही उनको गलत के लिए डांटना और सही के लिए शाबाशी देना बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि इस प्रतिस्पर्धा के वर्तमान तकनीकी युग में बच्चों का मानसिक रूप से मजबूत होना भी उतना ही आवश्यक है, जितना अच्छी तरह से शिक्षित होना। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी अपने हिमाचल के बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीर हैं और सुधार के कई कदम शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए जा रहे हैं जिनमें से एक है कि पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू करना बच्चों को उनकी मनपसंद वर्दी उपलब्ध करवाना और साथ ही साथ शिक्षा की क्वालिटी को मजबूत करने के लिए एक वर्ष के भीतर 3000 से ज्यादा रेगुलर अध्यापकों की भर्ती प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक की है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल कांगो, प्रधान नरेश, वार्ड पंच दिनेश, विक्रम ठाकुर व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### नादौन कॉलेज में करियर ओरिएंटेशन पर कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में करियर ओरिएंटेशन विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कदम संस्थान हमीरपुर के निदेशक सुनील शर्मा थे। शर्मा ने छात्रों को बैंकिंग, सरकारी नौकरियों और अन्य क्षेत्रों में होने वाली भर्ती परीक्षाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अनुशासन, सही रणनीति और नियमित अभ्यास का महत्व कितना अधिक है। कार्यक्रम में बीए, बीएससी, बीबीए और बीसीए अंतिम वर्ष के लगभग 100 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन करियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. रविकांत ने किया। उन्होंने मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए छात्रों को प्रकोष्ठ द्वारा संचालित अन्य गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि छात्रों को करियर संबंधी सही दिशा और मार्गदर्शन मिल सके।

### देश को 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की नहीं, 'वन नेशन वन एजुकेशन' की जरूरत : गोल्डी



**अनंत ज्ञान, नादौन।** संसद में चल रहे शीतकालीन सत्र में 'वन नेशन वन इलेक्शन' को कैबिनेट में मंजूरी मिलने के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की भी प्रतिक्रिया आ रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी हिमाचल के प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार गोल्डी ने भी नादौन में पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनता का ध्यान मूल मुद्दों से हटाकर व अपनी महत्वाकांक्षा के चलते देश में वन नेशन वन इलेक्शन लागू करना चाहती है जो कि तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश को वन नेशन वन इलेक्शन की नहीं, बल्कि वन नेशन वन एजुकेशन, वन नेशन वन हेल्थकेयर, वन नेशन वन जस्टिस की जरूरत है। एक तरफ जहां भाजपा नेता बृजभूषण सिंह पर जब देश का गौरव बढ़ाने वाली महिला पहलवानों ने यौन शौषण के आरोप लगाए तो इन बेटियों को न्याय दिलाने की बजाए भाजपा के नेताओं ने उल्टा बेटियों को ही कोसना शुरू कर दिया। देश वन नेशन वन जस्टिस चाहता है जिससे देश की बेटियां सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि देश के 12 राज्यों में भाजपा की सरकार है तथा चार राज्यों में भाजपा समर्थित सरकार है और इन 16 राज्यों की नीति तथा चुनावी घोषणाओं में रात-दिन का अंतर है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां की सरकारें ढंग से एक परीक्षा नहीं करवा पा रही है। बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगा पा रही है, तो ऐसे में वन नेशन वन इलेक्शन कैसे इन समस्याओं का समाधान करेगा यह समझ से परे है।

### अवैध खनन से प्राचीनतम मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव का अस्तित्व खतरे में



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन के प्राचीनतम मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव के पास बह रही व्यास नदी में वर्तमान समय में अवैध खनन जोरों पर हैं। खनन माफिया द्वारा सरेआम इस स्थान पर दिन दिहाड़े ही बेखौफ होकर अवैध रूप से खनन किया जा रहा हैं, जबकि खनन विभाग इन खनन माफियों पर शिकंजा कसने की बजाए कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। खनन माफिया द्वारा इस स्थान पर खनन इस तरह से किया जा रहा है कि यहां स्थित प्राचीनतम ऐतिहासिक मंदिर से जो पोड़ियां व्यास नदी को जाती हैं, वे कभी भी क्षतिग्रस्त होकर गिर सकती हैं ओर यदि इस स्थान पर खनन इसी तरह से जारी रहा तो बह दिन दूर नहीं, जब यहे ऐतिहासिक मंदिर भी खनन की चपेट में आने से इसका अस्तित्व भी समाप्त होने में समय नहीं लगेगा। बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा एव स्थानीय गांव वासियों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि यदि खनन विभाग द्वारा यहां पर खनन रोकना बंद नहीं किया तो न केवल इसके खिलाफ नादौन सुजानपुर रोड पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा बल्कि.यातायात व्यवस्था भी अवरुद्ध की जाएगी। इस बारे में खनन अधिकारी राजीव कालिया ने कहा कि इस स्थान पर हो रहे खनन कि शिकायत आपके माध्यम से हमारे ध्यान में आई है। इस पर अतिशीघ्र कार्रवाई की जाएगी और खनन माफिया पर शिकंजा कसने के लिए अतिशीघ्र टीम का भी गठन किया जाएगा एवं जो भी अवैध रूप से खनन करता हुआ पकड़ा जाता है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चुराह के बेली राम चार दिनों से लापता



**आजम डार, चुराह।** चंबा के चुराह के बेली राम 11 दिसंबर से लापता चल रहा है। बेली राम अपने घर वालों से भेड़-बकरियों के पास पंजाब जाने की बात कह कर निकाला था। बेली राम, पुत्र तेज लाल, गांव मलवास, ग्राम पंचायत जुनास, डाकघर तरेला, तहसील चुराह, जिला चंबा स्थाई निवासी है। जानकारी के अनुसार, बेली राम, पिछले 4 दिनों से लापता है। बेली राम के घर वालों के मुताबिक बेली राम 11 दिसंबर को अपने घर से पंजाब में अपनी भेड़-बकरी के पास जाने की बात कह कर घर से निकले थे, लेकिन काफी दिन बीत जाने के बाद उसके साथ संपर्क न होने पर परिवार वालों ने पंजाब मे रहने वाले अन्य उनके साथ भेड़ पालकों को कॉल करके उनके बारे में पूछा। पंजाब में रह रहे उनके रिश्तेदारों ने बेली राम के घर वालों को बताया कि बेली राम, पंजाब नहीं पहुंचे हैं। उधर परिवार तलाश कर रहा है। कोटि में बेली राम, को आखिर बार सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है। उधर मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी तीसा अशोक कुमार ने कहा है कि परिवार वालों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी है और पुलिस मामले की गहनता से से छानबीन कर रही हैं।

### लडभड़ोल महाविद्यालय में पीटीए कार्यकारिणी का गठन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में अध्यापक-अभिभावक संघ (पीटीए) की तीसरी आम बैठक में सत्र 2024-25 के लिए कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में राजकुमार को प्रधान, राजू को उप-प्रधान, प्रो. संजीव कुमार को सचिव, मीना देवी को उप-सचिव और तारा देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में बशीर खान, डॉ. मुनीष ठाकुर, प्रो. तिलक शर्मा, प्रो. पंकज कुमार, डॉ. प्रीति और प्रो. अनीता शर्मा शामिल हैं। इस मौके पर पीटीए प्रधान राजकुमार ने महाविद्यालय में इतिहास, अंग्रेजी और गणित विषयों के दो वर्षों से रिक्त पदों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सरकार से इन पदों को जल्द से जल्द भरने की मांग की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बधाई दी । उन्होंने बैठक में महाविद्यालय के विकास के लिए पीटीए के योगदान की सराहना की।

### चौंतड़ा खेल मैदान में विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के चौंतड़ा खेल मैदान में 2024-2025 विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आज विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कार्यकारी एसडीएम एवं तहसीलदार डॉ. मुकुल अनिल शर्मा और एसीएफ अश्विनी कुमार ने उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन का पहला मैच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रुचि जगाना है। डॉ. मुकुल अनिल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करती हैं। एसीएफ अश्विनी कुमार ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के महत्व को रेखांकित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दर्शकों ने भी इस आयोजन की सराहना की और युवाओं को इस प्रयास से प्रेरणा लेने की अपील की।

### बर्फबारी में भी पांगी घाटी में बहाल रहेगी बिजली आपूर्ति

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में अब बर्फबारी के दौरान भी बिजली की समस्या नहीं रहेगी। जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी के किलाड़ के लिए 33 केवी की 75.30 किलोमीटर लंबी नई बिजली लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। लाहौल-स्पीति के थिरोट से चंद्रभागा नदी के किनारे से होकर लाइन चंबा जिले के किलाड़ सब स्टेशन तक पहुंचेगी। इसमें 20 किमी क्षेत्र में टावर लगेंगे और 55 किमी में लाइन अंडरग्राउंड और ओवर हेड पोल से गुजरेगी। सरकार से थिरोट से किलाड़ तक 45.48 करोड़ की लागत से 33 केवी की नई लाइन के निर्माण के लिए डीपीआर को मंजूरी दे दी है। 90 प्रतिशत राशि विद्युत मंत्रालय और 10 फीसदी राशि विद्युत बोर्ड खर्च करेगा। अब बोर्ड ने परियोजना रिपोर्ट के आधार पर सर्वे का काम शुरू कर दिया है।

### रिज मैदान पर वीकेंड पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़



### सूडोकु 0016

★★★★★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0015 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

### स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा का दीक्षांत समारोह आयोजित

# कुलदीप पठानिया ने छात्राओं को बांटी डिग्रियां

**अनंत ज्ञान, चंबा ( ककीरा )**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती(एसएसआरबी) नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ–साथ प्रशिक्षणार्थियों में सामाजिक संस्कारों के समावेश के लिए भी प्रदेश के नाम को देश भर में ख्याति दिला रहा है। उन्होंने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि संस्थान आने वाले समय के दौरान एक उत्कृष्ट चिकित्सा महाविद्यालय के रूप में अपनी विशेष पहचान स्थापित करेगा ।

कुलदीप पठानिया आज स्वामी श्री हरिगिरी चिकित्सा चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने इससे पहले संस्थान के नए शैक्षणिक खंड का लोकार्पण भी किया। विधानसभा अध्यक्ष ने संस्थान के बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के दौरान संस्थान में चिकित्सा सेवाओं से संबंधित अन्य पाठ्यक्रमों को भी शुरू किया जाएगा ।



छात्राओं को डिग्रियां बांटते कुलदीप पठानिया व (नीचे) प्रस्तुति देती छात्राएं।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को उत्कृष्ट नर्सिंग प्रशिक्षण तथा सामाजिक सरकारों के समावेश के चलते आज देश भर के बहुराष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान यहां से नर्सिंग व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति दे रहे हैं। उन्होंने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि इससे न केवल संस्थान का नाम ऊंचा हो रहा है अपितु यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों की शत–प्रतिशत प्लेसमेंट भी सुनिश्चित हो रही है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं समाज के कल्याण में महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश सरकार प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है ।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान बीएससी नर्सिंग तथा जीएनएम का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर चुकी छात्राओं को सत्य–निष्ठा एवं सेवा भाव की शपथ दिलाते हुए डिग्री–डिप्लोमा तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए। इससे पहले स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य कन्ता अजय कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । उन्होंने बीएससी नर्सिंग तथा जीएनएम परीक्षाओं में विश्वविद्यालय स्तर पर मेरिट में आने वाले प्रतिभागियों की भी जानकारी प्रदान की ।

इस अवसर पर स्वामी श्री हरिगिरी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजन भाई पटेल, ट्रस्टी तरुण मल्होत्रा, जोगेंद्र महाजन, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम कृष्ण चंद, सदस्य निदेशक मंडल सहकारी बैंक राज कुमार, एसडीएम पारस अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक योगराज चंदेल, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण दिवाकर पठानिया, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, अधिशासी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर, संस्थान के प्रशिक्षणार्थी उनके अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## चुराह और भरमौर में ठंड बढ़ने से पानी जमना शुरू



ठंड के कारण जमा हुआ पानी।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

चंबा के चुराह व भरमौर में एकाएक ठंड का प्रकोप बढ़ जाने के कारण पानी जमना शुरू हो गया है। हालांकि चंबा के अधिकतर क्षेत्रों में पिछले कई महीनो से बारिश और बर्फबारी नहीं हो पाई है। लेकिन सूखी ठंड बढ़ जाने के कारण यहां पर लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं।

सूखी ठंड बढ़ जाने के कारण यहां पर पानी भी जमना शुरू हो गई है। हालांकि पिछले दिनों जनजातीय क्षेत्र पांगी में अधिकतर क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है लेकिन चंबा के दूसरे क्षेत्रों भरमौर, डलहौजी, खज्जियार में बर्फबारी न होने के कारण पर्यटक व स्थानीय लोग काफी मायूस दिख रहे हैं। यहां पर बर्फबारी न होने के कारण पर्यटकों के कदम रुक गए हैं इसके कारण चंबा के पर्यटन व्यवसाय पर भी काफी विपरीत असर पड़ा है।

गौरतलब है यहां पर पिछले करीब 4 महीने से बारिश वह बर्फबारी न होने के कारण किसान व बागवान काफी परेशान है।

लेकिन बारिशों पर भारी न होने के कारण यहां पर एक सूखी ठंड बढ़ गई है। यहां पर सूखी ठंड पर जाने के कारण पाइपों का पानी भी जानना शुरू हो गया है। भरमौर, चुराह, डलहौजी, खज्जियार वह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इस तरह की समस्या सबसे अधिक आ रही है।

## भरमौर में बिल जमा न करने पर 80 उपभोक्ताओं के काटे बिजली कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में बिजली विभाग ने अब तक 80 लोगों के बिजली कनेक्शन बिल जमा न करवाने के कारण अस्थाई रूप से काट दिए हैं। सहायक अभियंता विद्युत विभाग भरमौर ने कहा है कि जो लोग नियमित रूप से बिजली के बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं भविष्य में भी उनके कनेक्शन काटे जाने की पूरी संभावना है।

विद्युत उपमंडल भरमौर ने कहा है कि सरकारी गैर सरकारी व्यवसायिक और कई घरेलू उपभोक्ताओं ने अभी तक पिछले कई समय से बिजली के बिल का



भुगतान नहीं किया है। जिसके कारण उनका बिजली का कनेक्शन अस्थाई रूप से काट दिया गया है।

विभाग में इस तरह के उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द अगर उन्होंने बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया तो उनके बिजली के कनेक्शन को स्थाई रूप से काट दिए जाएंगे।

## लक्कड़ बाजार में तोड़े गाड़ी के शीशे

**शिमला।** लक्कड़ बाजार में शरारती तत्वों ने गाड़ी के शीशे और बाईपर तोड़ दिए है। वहीं गाड़ी के अंदर से शरारती तत्व स्टेपनी में ले गए है। गाड़ी के मालिक ने पुलिस में शिकायत दी है।

गाड़ी के मालिक धनंजय का कहना है ये दूसरी बार उनकी गाड़ी के साथ तोड़ फोड़ हुई है और इस क्षेत्र में 10 से ज्यादा बार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है यहां पुलिस गश्त होनी चाहिए।

वहीं लक्कड़ बाजार चौकी इंचार्ज दलीप ने बताया पुलिस मौके पर गयी थी जहां पाया की गाड़ी को नुकसान हुआ है और स्टेपनी चोरी हुई है।

## मुख्य बाजार बनीखेत व पद्दर में लगें सीसीटीवी कैमरे

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

गांव बनीखेत के गांववासियों ने स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस विभाग से मांग की है की बनीखेत के मुख्य बाजार एवं पद्दर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि सुरक्षा तथा यातायात के मध्य नजर कानून को अपने हाथ में लेने वालों पर नजर रखी जा सके।

व्यापार मंडल कमेटी के प्रधान संजीव ठाकुर तथा अन्य व्यापारियों ने भी इसमें अपनी पूरी सहमति जताई है। इस बारे में जब ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अभी बीते कल ही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने एक बनीखेत वासी को मुख्य बाजार में टक्कर



**यातायात नियमों व सुरक्षा के मद्देनजर कैमरे लगाना जरूरी**

मारकर घायल कर दिया जो अभी उपचाराधीन है। अगर यहां पर स्पीड ब्रेकर लगाए होते जैसे नैनीखड़ में बनाए गए हैं उससे बाजार में तेज रफ्तार पर अंकुश लगाया जा सकता है।

उन्होंने मुख्य बाजार तथा पद्दर बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की भी बात कही उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार में तथा पद्दर कैमरे लगाए जाने अत्यंत जरूरी है हालांकि कई दुकानदारों तथा होटल के बाहर सीसीटीवी कैमरे तो जरूर लगे हैं किंतु अगर कोई विशेष घटना हो तो ही उनकी मदद ली जाती है लेकिन अगर इन कैमरा का एक्सेस पुलिस प्रशासन के पास रहेगा तो पुलिस प्रशासन कंट्रोल रूम से ही यातायात नियमों की अभेलना करने वालों तथा अन्य पर भी निगरानी रखी जा सकती है।

इस बारे में जब थाना प्रभारी डलहौजी जगबीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह मांग उचित है और वो जल्द ही इस बारे में पुलिस जिला मुख्यालय में सूचित कर दिया जाएगा ताकि जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को अंजाम दिया जा सके।

## बच्चों को जीवन में एक लक्ष्य बनाना चाहिए : अनिल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस और पूर्व छात्र मिलन समारोह का शनिवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में आयोजन किया गया। इस आयोजन में केंद्रीय विद्यालय बनीखेत (डलहौजी) में शिक्षा ग्रहण कर चुके पूर्व छात्र उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

कार्यक्रम में डॉक्टर प्रमोद कुमार मनोनीत अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति मनजीत सिंह राघव ठाकुर सहायक प्रबंधन एसबीआई भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस आयोजन में मुख्यातिथि अनिल भारद्वाज ने अपने संबोधन में अपने स्कूली अनुभवों को सांझा करते हुए कहां की केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षा स्तर को सुधारना और समाज के सभी वर्गों के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने यह भी बताया कि सफलता का महत्व हर व्यक्ति के लिए अलग–अलग होता है सभी बच्चों को अपने जीवन का एक लक्ष्य जरूर बनना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत भी करनी चाहिए कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर स्वागत गीत के साथ की गई।

इसके बाद विद्यालय के गौरवशाली इतिहास और अंधकार से प्रकाश की और की विचारधारा को प्रदर्शित करती हुई प्रस्तुतियां दी गई। छात्रों द्वारा केंद्रीय विद्यालय गीत का गायन और संगठन की उपलब्धियां पर आधारित प्रस्तुतियां भी सभी के सामने पेश की गई। इस समारोह के सफल आयोजन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में है मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों में मिठाई भी बांटी गई।

## हिमाचल की सरकार वित्तीय संकट से जूझ रही : मनीष सरीन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश सरकार वित्तीय संकट से जूझ रही है। जो जग जाहिर है। इस स्थिति में सरकार ने कम विद्यार्थियों की संख्या वाले स्कूलों को दूसरे स्कूलों के साथ विलय करने का निर्णय लिया है। इस स्थिति पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवकता मनीष सरीन ने प्रदेश की सुख्खू सरकार से इस सम्बन्ध में कुछ सवाल किए हैं।



वहीं मनीष सरीन ने पूछा कि क्या सरकार ने कम छात्र संख्या का क्या मापदंड रखा है? छात्रों की कम संख्या का कारण क्षेत्र में कम बच्चे हैं या बच्चों का प्राइवेट स्कूलों में पढ़ना है? मर्जर के बाद बंद हुए स्कूलों के भवनों का रख रखाव किसका होगा और उनका क्या कोई दूसरा इस्तेमाल किया जाएगा? बच्चों को अगर विलय के बाद ज्यादा दूरी तय करने पड़ती है तो उसके लिए यातायात की व्यवस्था कैसे की जाएगी?

मनीष सरीन ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा एक छात्र कि जिंदगी की सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा होती है, यह एक छात्र कि नींव होती है। सरकार को इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए। सरकार को हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि वो स्कूलों का विलय नहीं करना चाहिए।

## एबीवीपी ने सलूणी कॉलेज का गेट बंद कर किया प्रदर्शन

**चंबा ।** सलूणी कॉलेज में अंग्रेजी विषय के प्राध्यापक का पद रिक्त होने से बीते वर्ष 50 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आ चुकी है।

सलूणी कॉलेज में प्रवक्ताओं के रिक्त पदों को भरने के लिए कोई भी प्रयास नहीं हो पाए हैं। इतना ही नहीं, सलूणी कॉलेज में विज्ञान संकाय की कक्षाएं आरंभ नहीं हो पाई हैं। इस वजह से विद्यार्थियों को चंबा या बनीखेत का रुख करना पड़ता है। इससे अभिभावकों पर बोझ पड़ रहा है। अपनी इन ज्वलंत मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सलूणी के पदाधिकारियों ने महाविद्यालय का गेट को बंद कर धरना–प्रदर्शन किया।

## प्रीतम पठानिया बने राजपूत सभा कैहनवाल के प्रधान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला मंडी राजपूत सभा की बैठक जिला अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में कैहनवाल के बगलामुखी माता मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई, जिसमें राजपूत समाज की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



राजपूत सभा कैहनवाल इकाई की नई कार्यकारिणी।

इस मौके पर राजपूत सभा की कैहनवाल इकाई को भंग करके नए चुनाव करवाए गए। इनमें प्रीतम पठानिया को प्रधान, अनिल पठानिया उपप्रधान, वीरेंद्र चंदेल सचिव, ललित गुलेरिया कोषाध्यक्ष, राजेंद्र पाल गुलेरिया सह कोषाध्यक्ष व अन्य सदस्यों को सलाहकार बनाया गया।

## गलत कृत्य पर आत्म मंथन करें मुख्यमंत्री : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री किस दर्जे का झूठ बोलते हैं यह आज प्रदेश के लोगों ने फिर देख लिया।

रात में जिसे जंगली मुर्गा बोलकर मुख्यमंत्री अपने सहयोगी और मंत्रियों को चटकारे ले लेकर खिला रहे थे सुबह वही जंगली मुर्गा देसी मुर्गा बन गया। एक मुख्यमंत्री, जो प्रदेश की संवैधानिक पर पर बैठता है और प्रदेश का संरक्षक होता है उसके द्वारा इस तरह का बर्ताव करना और भी शर्मनाक है। कुपवी में शुक्रवार की रात में जो हुआ उसे लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से पूरी दुनिया ने देखा, खाना देने के दौरान मुख्यमंत्री को बताया जा रहा है कि जंगली मुर्गा है तो वह कहते हैं कि जंगली मुर्गा कहीं बनाया जाता है? उसके बाद वह पूछ–पूछ कर अपने मंत्रियों और सहयोगियों को सर्व करने के लिए कहते हैं।

अगले दिन जब यह मुद्दा बनता है और लोगों को पता चलता है की सरकारी संरक्षण में संरक्षित जंगली मुर्गा सीएम के कार्यक्रम में परोसा गया है तो मुख्यमंत्री गैर जिम्मेदाराना बातें करते हैं और सही जवाब देने की बजाय झूठ बोलते हैं। उन्हें समझना चाहिए की प्रदेश के लोग बहुत समझदार हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कुपवी में जो कुछ हुआ वह सरकार के संरक्षण में हुआ। भोजन के पहले ही मीडिया कर्मियों को मुख्यमंत्री और उनके लोगों को परोसे जाने वाले भोजन के बारे में पूरी जानकारी दी गई थी। मामला बिगड़ता देख मामले की जांच पड़ताल करने की बजाय मुख्यमंत्री ने जंगली मुर्गे को देसी मुर्गा बात कर सारा आरोप विपक्ष पर मढ़ दिया।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

15 दिसंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** पूर्णिमा (02:33): **नक्षत्र** मृगशिरा (02:20), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** शुभ (02:02) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55-12:37), **राहुकाल** (4:08 -05:26)।

**विशेष दिन**

- 15 दिसंबर 2024 :सत्य पूर्णिमा व्रत आज।
- 15 दिसंबर 2024 : धनु संक्रांति आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज के दिन अपनी माता जी के प्रति अपने स्नेह को खुल कर दिखाएंगे। परिवार में सुख और सुकून की प्राप्ति होगी।

**वृषभ:** मानसिक तनाव बढ़ा हुआ रहेगा, लेकिन कार्य में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आप रिस्क लेना पसंद करेंगे और वे आपको फायदा पहुंचाएंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार के प्रति समर्पित रहेंगे। दांपत्य जीवन में आ रहे तनाव से मुक्ति मिलेगी। कार्य में सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आज का दिन कई मायनों में आपके लिए बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी और आपके बीच प्रेम और आकर्षण की वृद्धि होगी।

**सिंह :** सर्दी के कारण स्वास्थ्य समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान देना बेहतर होगा। खर्चों में बढ़ोतरी होने से आर्थिक दबाव रहेगा।

**कन्या :** आज का दिन एक ऐसा समय लेकर आएगा, जो आपको किए हुए कार्यों का अच्छा फल प्रदान करेगा। आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

**तुला:** आज का दिन व्यस्त रहने वाला है। कार्यों में बिजी रहेंगे। परिवार का वातावरण प्रसन्न रहेगा और आपको सुख की प्राप्ति होगी। कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक:** मानसिक तनाव को खुद पर हावी होने से रोकना ही आपके लिए बेहतर होगा, नहीं तो स्थिति बिगड़ सकती है। खर्चे बढ़े हुए रहेंगे ।

**धनु :** स्वास्थ्य के मामले में आपके लिए बेहद कमजोर है, स्वास्थ्य के प्रति संजीदा रहें और बीमारियों से बच कर रहें। धन हानि होने की प्रबल संभावना है।

**मकर :** आज का दिन मिला-जुला असर लेकर आएगा। व्यापार के सिलसिले में किए गए कार्य में सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन में चमत्कारिक रूप से प्रेम और आकर्षण की बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ :** अपने विरोधियों को धूल चटाएंगे, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता और वाकपटुता के कारण आप कार्यक्षेत्र में अपनी सफल उपस्थिति दर्ज कराएंगे ।

**मीन :** परिवार से दूर जा सकते हैं, जिससे उनके साथ समय बिताने का मौका नहीं मिलेगा। प्रेम जीवन में सफलता मिलेगी ।

**समस्या** कूंर स्कूल पिछले 2 सालों से चल रहा पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में

# कंपकंपाती ठंड में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर पिछले 2 सालों से पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में ही चल रहा है। तकरीबन 2 वर्ष पूर्व हुई भारी बरसात के चलते यहां के स्कूल भवन लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया था। स्कूल भवन में जगह–जगह दरारें होने के कारण विभाग द्वारा अनसेफ घोषित कर दिया गया था।

स्कूल भवन में दरारें आने के कारण आनंन–फानन में स्कूल को पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में शिफ्ट किया गया था। जानकारी के अनुसार स्कूल में 89 बच्चे तीन कमरों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हैरानी की बात यहां पर यह है कि सर्दियों के दिनों में यहां पर धूप बिलकुल भी नहीं लगती है।

लिहाजा मजबूरी में बच्चों को कंपकंपाती ठंड में ही शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। जगह के अभाव के चलते यहां पर कई बार बच्चों को खुले आसमान के नीचे ठंड में पढ़ाई करनी पड़ रही है। विभाग के आला अधिकारी भी मानते हैं कि यहां पर बच्चों को स्कूल भवन न होने के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार करीब 2 वर्ष पहले हुई भारी बारिश के चलते यहां पर बने स्कूल भवन लैंडस्लाइड की भेंट चढ़ गया था। उधर हालांकि स्कूल भवन के लिए जगह का चयन भी कर लिया गया है और विभाग द्वारा 2 करोड रुपए का बजट भी पीडब्ल्यूडी के पास भवन निर्माण के लिए जमा करवा दिया है। लेकिन अभी तक भी इस भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। लिहाजा अभी तक और कुछ बर्ष बच्चों को इसी रेस्ट हाउस में पढ़ाई करनी होगी। सुविधाओं के अभाव के चलते यहां पर बच्चों की पढ़ाई पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन

**डिप्टी** डायरेक्टर हायर एजुकेशन प्यार सिंह ने कहा कि स्कूल का अपना भवन न होने के चलते यहां पर बच्चों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा जगह का चयन कर लिया गया है और 2 करोड रुपए नए भवन के लिए स्वीकृत भी हो गए हैं। जिसे पीडब्ल्यूडी विभाग के पास जमा करवा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि सोमवार को वह स्वयं सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर चयनित जगह को देखने के लिए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही स्कूल भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा।



पढ़ाई करते बच्चे।

**याद** रखिए सबसे बड़ा अपराध, अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है। –**सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# कुत्तों का आतंक

हिमाचल में लावारिस कुत्तों का आतंक कुछ ज्यादा ही हो गया है। अब कुत्ते बेखौफ होकर इंसानों पर भी हमले करने लगे हैं। लाहुल-स्पीति में लावारिस कुत्तों ने तीन साल के एक मासूम बच्चे को नोंचकर मारा डाला। इस घटना से इलाके के लोग खौफजदा हैं। हालांकि, हिमाचल में पहली बार इस प्रकार की घटना पेश नहीं आई, बल्कि इससे पहले भी कई जगह लावारिस कुत्ते मासूमों को अपना शिकार बना चुके हैं। कुत्तों द्वारा हमला करने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि कुत्ते का प्रशिक्षण और सामाजिककरण न होना। कुत्ते को खतरा महसूस होना। कुत्ते का आक्रामक स्वभाव होना। कुत्ते को किसी बीमारी या दर्द का सामना करना पड़ रहा हो। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि कुत्तों के मालिकों को अपने कुत्तों की देखभाल और निगरानी करनी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए नियम और विनियम बनाए जाएं। लोगों को कुत्तों के प्रति सावधानी और सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए। यह भी कटु सत्य है कि कुत्ते बेहद वफादार होते हैं। इंसान और कुत्तों का साथ कई सालों से है फिर ऐसी क्या वजह हो जा रही कि कुत्ते बच्चों को नोंच रहे।

ऐसा भी नहीं है कि कुत्तों की समस्या हिमाचल में ही। देशभर से करीब हर दिन आवारा और पालतू कुत्तों के हमले में लोगों की जान चली जाती है और कई लोग घायल भी होते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कुत्तों के हिंसक स्वभाव के पीछे सबसे बड़ी वजह उनकी बढ़ती संख्या है। एक स्वस्थ कुत्तिया एक साल में करीब 20 बच्चों को जन्म देने की क्षमता रखती है। ऐसे में कुत्तों की संख्या तो तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उन्हें पर्याप्त खाना नहीं मिल पाता। ऐसे में वह हिंसक हो जाते हैं और छोटे बच्चों पर हमला करके उनके मांस से अपनी भूख मिटाते हैं। कुत्तों के हिंसक होने की एक वजह उनके बच्चों का किसी वाहन के नीचे कुचलकर मरना भी है। दरअसल, कुत्ते अपने बच्चों को लेकर बेहद संवेदनशील होते हैं। अगर किसी रोड एक्सीडेंट में या अन्य वजह से कुत्ते के बच्चे की मौत हो जाती है तो वह हिंसक हो जाते हैं और वाहनों को ही अपना दुश्मन समझ बैठते हैं।

ऐसे में अक्सर ये देखा गया है कि कुत्ते वाहनों के पीछे भागते हैं, जिससे वाहन चालक का संतुलन बिगड़ता है और वह हादसे का भी शिकार हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि सभी आवारा या पालतू कुत्ते हिंसक नहीं होते हैं, लेकिन अगर कोई एक कुत्ता आक्रामक है तो वह झुंड के बाकी कुत्तों को भी आक्रामक बना सकता है। अगर आप अपने आसपास कुत्तों को हिंसक होते हुए देख रहे हैं तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन, पंचायत, नगर निगम या संबंधित संस्था को देनी चाहिए। कुत्तों के हमले के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? 2001 में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला आया था, जिसके मुताबिक आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण की जिम्मेदारी नागरिक संस्थाओं की बताई गई थी। यानी नागरिक संस्थाएं, नगर निगम या नगर पालिका के साथ मिलकर कुत्तों के लिए अभियान चला सकती हैं, लेकिन संसाधनों का इतना अभाव है कि ये काम बड़े स्तर पर नहीं हो पाता। ऐसे में न केवल कुत्तों की संख्या बढ़ रही है, बल्कि उनके द्वारा किए जाने वाले हमलों की संख्या भी बढ़ रही है। वाहन के हॉर्न और शोर भी कुत्तों के हमले के लिए जिम्मेदार हैं।

मानव की जितनी आबादी बढ़ रही है, उतने ही वाहन भी बढ़ रहे हैं। इन वाहनों के विविध तरीके के हॉर्न की आवाज कुत्तों में चिड़चिड़ापन पैदा करती है। इसकी आवाज से उन्हें खतरा महसूस होता है और वह हिंसक रुख अख्तियार करते हैं और हमला कर देते हैं। सरकार ने साल 2030 तक भारत में कुत्तों से होने वाले रेबीज के मामलों से निपटने के लिए राष्ट्रीय कार्ययोजना शुरू की है। इसके तहत आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर लगाम लगाना और उनका प्रबंधन करना स्थानीय निकायों का काम है। वहीं अगर नियम की बात करें, तो कुत्ते को उसकी जगह से तब तक हटाया नहीं जा सकता, जब तक वह मानव जीवन के लिए खतरा न बन जाए। कुत्तों द्वारा इंसानों को नोंचकर मारने की घटना बहुत ही वीभत्स और दुखद है। यह घटना न केवल पीड़ित के परिवार और दोस्तों के लिए, बल्कि समाज के लिए भी एक बड़ा आघात है। हम सबको आती जाती बार सावधान रहना चाहिए और अगर कोई कुत्ता काट लेता है, तो तुरंत टीका लगवा लेना चाहिए, क्योंकि कुत्ते के काटने से प्राणघातक रेबीज बीमारी फैलती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### 'स्वर कोकिला' कही गईं लता मंगेशकर की छोटी बहन

**उषा** मंगेशकर भारतीय सिनेमा की 'स्वर कोकिला' कही गईं लता मंगेशकर की छोटी बहन हैं। उन्होंने अपने गायिकी कॅरियर में हिंदी, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, नेपाली, आसामी और कन्नड़ सभी भाषाओं में गाने गाए हैं। उषा मंगेशकर ने बॉलीवुड फिल्म 'सुबह का तारा' में 'मेरी बड़ी भाभी आई' से डेब्यू किया था। उषा मंगेशकर का जन्म मध्य प्रदेश के 'सांगली' में हुआ था। उनके पिता का नाम दीनानाथ मंगेशकर था जो प्रसिद्ध रंगमंच अभिनेता, गायक तथा संगीतकार थे। उषा मंगेशकर ने फिल्म 'सुबह का तारा' के हिंदी गीत 'बड़ी धूमधाम से मेरी भाभी आई' से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। यह एक रोमांटिक ड्रामा गीत था। उन्होंने अपने गायिकी कॅरियर में लगभग सभी भाषाओं के गीतों में अपनी आवाज दी है। पिता दीनानाथ मंगेशकर मध्यवर्गीय परिवार से थे और रंगमंच एलजीके कलाकार व गायक थे। उषा मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर भारतीय संगीतकार हैं जो लता मंगेशकर, आशा भोंसले और उषा मंगेशकर के भाई हैं। इनको संगीत और फिल्म जगत में बालासाहब के नाम से जाना जाता है। उषा के पिता का निधन उनके बचपन में ही हो गया था। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारियों को उठाने के लिए घर की बड़ी बेटी लता मंगेशकर ने गाना शुरू किया और इसके बाद उनकी बहन आशा और उषा भोंसले ने भी धीरे-धीरे गाना शुरू किया। वर्ष 2017 में 27 साल के लंबे वक्त के बाद उषा मंगेशकर और लता मंगेशकर ने फिल्म 'मैं खुदीराम बोस हूं' के गीत 'एक बार बधाई दे दो मन' को साथ में गाया। यह फिल्म एक बंगाली फ्रीडम फाइटर की लाइफ पर बेस्ड थी। इससे पहले दोनों पिछली बार फिल्म 'आया मौसम दोस्ती का' और 'मैंने प्यार किया' में साथ गाया था। उषा मंगेशकर ने कहा था कि अगर वह गायिका न होतीं तो पेंटिंग करतीं। उनकी पेंटिंग की थीम पोट्रेट रहती है ■



उषा मंगेशकर
जन्म : 15 दिसंबर, 1935

## कविता

### अखबार



अनिल शर्मा नील

*डाकिए का काम करता अखबार*
*घर-घर विज्ञापन पहुंचता अखबार।*
*पकड़ते ही अखबार झरते पोस्टर*
*पहले पोस्टर फिर पढ़ते अखबार।*
*कहां से चलता कहां पहुंचता*
*दूर-दूर तलक करता प्रचार।*
*प्राइवेट स्कूल हो या अस्पताल*
*घर द्वार पहुंच रहा प्रचार।*
*दुकानदार हो या कोई कारोबारी*
*प्रचार करता फिर रहा इश्तिहार।*
*अपने आंचल में छुपा छुपा*
*क्या-क्या न ढोता अखबार।*
*अखबार के बदले अखबार पहुंचाता*
*मुफ्त में विज्ञापन पहुंचता अखबार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# पर्यावरण प्रदूषण का खतरा, प्राणधारी संकट में

जल एवं वायु के बिना संसार में किसी भी प्राणधारी के अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। यह कहना तर्कसंगत है कि जल ही जीवन है तथा वायु के बिना धरती पर जीवन संभव ही नहीं है। जल एवं वायु धरती के प्राणधारियों के लिए प्रकृति की ओर से मिला अद्भुत उपहार है, लेकिन मानव द्वारा निजी स्वार्थों के लिए प्रकृति से जमकर छेड़छाड़ की जा रही है। इससे मानव सहित धरती पर रहने वाले अन्य सभी प्राणियों पर पर्यावरण प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है। इससे प्राकृतिक आपदा की अनेक घटनाएं घटित हो रही है तथा बड़े पैमाने पर जानी नुकसान भी होने लगा है।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

यदि मनुष्य ने समय रहते इस ज्वलंत समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तथा आए दिन बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण को उपाय नहीं किए, तो भविष्य में इसके अत्यंत गंभीर परिणाम होंगे। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। जलवायु में बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण प्रेमी अत्यंत चिंतित है। भू-विज्ञानियों के अनुसार पृथ्वी के दो-तिहाई से अधिक भाग में पानी है, लेकिन यह सारा पानी पीने योग्य शुद्ध नहीं है। जबकि शेष बचे भाग में जन-जीवन है तथा इसमें ही उपलब्ध पानी से समस्त प्राणियों की आवश्यकताएं पूरी होती है। निरंतर प्रदूषित हो रहे पर्यावरण का सबसे अधिक प्रभाव जल और वायु पर ही पड़ रहा है।

प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से पारंपारिक जल स्रोतों का अस्तित्व खतरे में है तथा वायुमंडल पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। परिणाम स्वरूप लगभग आधी से अधिक जनसंख्या के लिए नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि धरती पर यदि तृतीय विश्व युद्ध होगा, तो उसका कारण स्वच्छ पेयजल ही होगा, इसलिए देश एवं दुनिया के लिए दिन-प्रतिदिन बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। चिरकाल से मनुष्य पर्यावरण के प्रति



संवेदनशील रहा है। प्रदूषण से राहत पाने के लिए मनुष्य ने वीरान पड़ी धरती पर विभिन्न श्रेणियों के पेड़ लगाए। उनमें पीपल और वटवृक्ष की अधिकता रही है। इन वृक्षों से प्राणधारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन व शीतल छाया मिलती रही। इसके साथ ही इन पेड़ों की घनी छाया से से धरती का तापमान स्थिर रहता तथा जमीन में भी नमी बनी रहती। इन विशालकाय वृक्षों का मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए कटान न करें।

इस लिए उन वृक्षों के निचे देवी देवताओं की मूर्तियों रख दी, ताकि वहां देव स्थल मान कर कोई उन वृक्षों को नहीं काट सकें। सदियों से लोक आस्था के केंद्र रहे इन विशालकाय वृक्षों पर वनकटुओं की कुल्हाड़ी भी नहीं चलती। लोग पीपल व बटवृक्ष की लकड़ी का प्रयोग न तो इमारतों के दरवाजों एवं खिड़कियों के लिए करते हैं और न ही इसे जलाने के काम में लाया जाता है। यही कारण है कि सैकड़ों वर्षों के बाद भी इन वृक्षों का अस्तित्व बना हुआ है। पहले प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण करना लोग पुण्य का काम समझते थे। किसी बड़े पीपल या बटवृक्ष के नीचे लोग प्याऊ लगाते, ताकि राहगीर पलभर शीतल छाया में बैठकर आराम सकें तथा प्याऊ का ठंडा पानी पीने के बाद अपनी मंजिल की ओर चल पड़े। बढ़ते जंगली जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जंगलों में बड़े-बड़े तालाब (पोखर) बनाए जाते थे। जंगल में प्राकृतिक जल स्त्रोत कम होने की स्थिति में उन तालाबों में बारिश का पानी संग्रहीत होता, ताकि जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्तियों की ओर न आए। तालाब के उस पानी से जमीन में भी नमी भी बनी रहती। पहले कच्चे घर आंगन होने से बरसाती पानी का जमीन में रिसाव हो जाता था। इससे भी मिट्टी में नमी बनी रहती थी। अब घर आंगन भी पक्के हैं। इससे बरसात का पानी एकदम वह जाता है। विकास की अंधी दौड़ में भी पर्यावरण प्रभावित हुआ है। लंबी चौड़ी सड़कों को पक्का करने, बड़े-बड़े भवनों के निर्माण तथा कंक्रीट के बड़े-बड़े मैदानों के बनने से तापमान बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

जमीन पर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। निर्माण कार्य के लिए अंधाधुंध खनन हो रहा है। हरे-भरे पेड़ों का धड़ल्ले से कटान हो रहा है। उपजाऊ भूमि रेत में बदल गई है। नदियों, खड्डों व नालों में रेत बजरी एवं पत्थरों का अंधाधुंध खनन हो रहा है। इसके किनारों पर स्थित प्राकृतिक जल स्रोत लुप्त हो गए हैं या फिर लुप्त होने के कगार पर हैं।

इससे असंख्या उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं प्रभावित होने लगी है। उद्योगों से निकलने वाले धुंए से वायुमंडल का तापमान बढ़ा है तथा उससे निकलने वाले कैमिकल युक्त कचरे जलवायु प्रभावित हुआ है, हालांकि उद्योगों के प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, लेकिन ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि कुछ उद्योगों ने नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। गेहूं व धान की पराली जलाने तथा बिजली की मशीनों से फसलों की गाही से निकलने वाली धुंध भी वायुमंडल को प्रभावित हुआ। वाहनों से निकलने वाले धुंआ प्राणधारियों के लिए घातक सिद्ध हुआ है। इन सबसे वायुमंडल बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। धरती का तापमान बढ़ने से हिमालय के हजारों साल पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। अब पहले की अपेक्षा कम हिमपात हो रहा है तथा मौसम भी तेवर बदलने लगे हैं। घर द्वार पेयजल उपलब्ध होने से प्राकृतिक जल स्त्रोत बुरी तरह से प्रदूषित हो गए हैं। उनके रख-रखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है इस ओर अब स्वयंसेवी संस्थाएं या सरकार जल स्त्रोतों को नहीं संवार रही है। अंधाधुंध खनन होने तथा हैंडपंप लगने से खड्डों-नालों का जल स्तर काफी निचे चला गया है।

इससे भी प्राकृतिक जल स्त्रोतों को ग्रहण लगा है। करीब तीन दशक पहले तक लोगों की दिनाचार्य पनघट से ही शुरू होती थी, लेकिन अब यह बीते जमाने की बात हो गई है। हालांकि पर्यावरण बचाओ पर सरकार ने पहले से ही अपना ध्यान केंद्रित किया है। यदि इस दिशा में प्रभावी ढंग से ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो संसार के प्राण धारियों का भविष्य संकट में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# इंसानियत और मानवता है सबसे बड़ा धर्म

इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इंसान को गिरा सके, इंसान, इंसान द्वारा ही गिराया जाता है। दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है, खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। संस्कृति का विनाश हो रहा है। दया, धर्म, ईमान का नामोनिशान मिट चुका है। इंसान खुदगर्ज बनता जा रहा है। दुनिया में लोगों की सोच बदलती जा रही है। निजी स्वार्थों के लिए कई जघन्य अपराध हो रहे हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है। आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है। विडंबना देखिए कि आज इंसान रिश्तों को कलंकित कर रहा है। भाई-भाई के खून का प्यासा है, जमीन जायदाद के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। आज माता-पिता का बंटवारा हो रहा है। आज बुजुर्ग दाने-दाने का मोहताज है। कलयुगी श्रवणों का बोलबाला है। आज संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। शायद यह बुजुर्गों का दुर्भाग्य है कि जिन बच्चों की खातिर भूखे प्यासे रहे, पेट काटकर जिन्हें सफलता दिलवाई आज वही संतानें घातक सिद्ध हो रही हैं।

मां-बाप दस बच्चों को पाल सकते हैं, लेकिन दस बच्चे मां-बाप का बंटवारा कर रहे हैं। साल भर उन्हें महीनों में बांटा जाता है। वर्तमान परिवेश में ऐसे हालात



देखने को मिल रहे हैं। बेशक ईश्वर ने संसार में करोड़ों जीव जंतु बनाए, लेकिन इंसान सबसे अहम कृति बनाई, लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़कों पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है।

इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है, क्योंकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए, तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है। जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है, भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गए हैं।

आत्मा सिसक रही है। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। चोर उच्चकों, गुंडे, मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है। आज हंस भीड़ में खोते जा रहे हैं, कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं, एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे हैं, लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जंतु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे, मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है।

नफरत को छोड़ देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है। ईश्वर की चक्की जब चलती है, तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है मानव सेवा ही नारायण सेवा है। यह अटल सत्य है। भगवान व श्मशान को हर रोज याद करना चाहिए। किसी को दुखी नहीं करना चाहिए। अल्लाह की लाठी जब पड़ती है, तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**पुरुष** एटीएम बनता जा रहा है। स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीडन्, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? बलात्कार, यौन उत्पीडन्, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। अदालतों के जरिए ऐसे मामले भी सुर्खियां बनते रहे हैं। स्त्री को निर्णायक तौर पर दंडित करने वाले कानून क्यों नहीं हैं। समाज में पुरुष भी उतनी महत्वपूर्ण और अनिवार्य ईकाई है, जितनी महिला है। **शिवानी,टांडा**

# आधारहीन पत्रकारिता हमारे देश के लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी

आधारहीन पत्रकारिता, पेड न्यूज यह सब लोकतंत्र के विनाशक तत्व हैं। चुनावों के दौरान इसका रोल और भी बढ़ जाता है। इससे सच्चाई के स्थान पर झूठ लोगों के समाने परोसा जाता है। गौरतलब है कि झूठ की बैसाखियों के सहारे अंततः मंजिल हासिल नहीं हो सकती। झूठ सदैव झूठ रहेगा और सच्च हमेशा सच्च। आखिर राजनीतिक दल क्यों यह गलत रास्ता अपनाते हैं। उन्हें संयम, धैर्य एवं निर्भिकता से सत्य का सामना करना चाहिए। पैसे देकर आप मीडिया को तो खरीद सकते हैं। धन खर्च कर समाचार-पत्रों में अपना प्रचार कर सकते हैं पर इससे आप कदापि अपने ध्येय में सफल नहीं हो सकते।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

सत्य को क्या कोई धन, बल-शल से खरीद सकता है क्या? इस बात को सहज ही समझा जा सकता। धन से समाचार-पत्रों में आप अपना प्रचार कर सकते हो। उचित-अनुचित इश्तहार लगवा सकते हो। ऐसे में आप अंधेरे में तीर चला रहे हो। वास्तविकता को क्यों भूल रहो हो? आधारहीन पत्रकारिता इस बात से अवगत हो जाए कि काठ की हांडी आग पर बार-बार नहीं चढ़ती। सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। मीडिया की तस्वीर स्पष्ट होनी लाजिमी है। मीडिया अपना रुख पूर्णतः साफ रखे। सिर्फ अपना हित सामने रखकर भोली जनता को गुमराह न करे। गलत खबरें प्रसारित करने व झूठा प्रचार करने से समाज में अशांति फैल जाएगी। जनता को अराजकता से बचाना मीडिया का नैतिक कर्तव्य है, इसलिए मीडिया ऐसी नाजुक घड़ी में जनता की सही अगुवाई करे। लोगों का क्या, इन्हें किसी भी हद तक जहां-तहां ले जाया जा सकता है।

लोकतंत्र ही देश को सुदृढ़ता प्रदान कर सकता है। हमारा देश समूचे विश्व में एक महान लोकतंत्र देश है। अतः इसमें लेशमात्र भी दिखावा नहीं होना चाहिए। मीडिया ही इसमें उचित




मार्गदर्शन करता हुआ देश को उच्च पायदान पर लेकर जा सकता है। हिंसक एवं अश्लीलता भरे दृश्य को दिखाने से मीडिया बाज आए। अपनी आत्मा को धनाढ्य लोगों के सामने मीडिया गिरवी न रखे।

परिवर्तित युग में मीडिया अपने आपको भी सही रूप में परिवर्तित कर ले तो श्रेयस्कर रहेगा, अन्यथा वो दिन दूर नहीं जब लोग खुद व खुद इसे उखाड़ फेंकगे। मीडिया केवल एक पक्ष को ही चित्रित न करे। लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ होते हुए मीडिया सभी राजनीतिक दलों को एक समान समझते हुए उनका सही पक्ष लोगों के समक्ष प्रस्तुत करे। धन लेकर सिर्फ एक पार्टी का गुणगान करना कहां तक उचित है? अगर देश में सांप्रदायिकता कायम रखनी है और भ्रातृत्व को बढ़ावा देना है तो मीडिया स्वयंमेव आगे आए। समाज में तभी खुशहाली आएगी।

जब जनता को सही और सच्ची खबरें सुनने, पढ़ने व देखने को मिलेंगी, तो हमारा देश को पूरे संसार में यथोचित सम्मान मिलेगा। सभी हमारे देश के मीडिया की विश्वनीयता पर भरोसा रखेंगे। आधुनिक समाज में आप किसी को बारंबार धोखा नहीं दे सकते। जनता सब जानती है। जनता को अब मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। ऊल-जुलूल समाचार, अनुमान एवं गलत इश्तिहार देकर जनता को जीता नहीं जा सकता। ऐसे में लोगों की नब्ज टटोलना असंभव है। पेड न्यूज को देखकर लोग हंसते हैं। उस विशेष उम्मीदवार को गलतफहमी होती है। अंततः वह अपने ही बुने जाल में मकड़ी की तरह फंस जाता है। चुनाव में उम्मीदवार एवं आधारहीन पत्रकारिता का गठजोड़ व बाजार में भ्रष्ट व्यापारी का झूठा विज्ञापन अनैतिकता की सभी सीमाएं पार कर रहा है। क्यों हो रहा है ऐसे? क्या इन पर अकुंश लगाने वाला कोई नहीं? समय बदल रहा है।

सावधान हो जाए आधारहीन पत्रकारिता! बदल ले अपने आपको। धन का लालच आप सभी को किसी न किसी दिन तहस-नहस कर देगा। आधारहीन पत्रकारिता को उखाड़ फेंकने की कोई तो पहल करे। इससे सभी का हित होगा। स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। अंत में यही कहना श्रेस्यकर है कि समूचा समाज सत्य का प्रत्यक्ष रूप से सहर्ष स्वीकार करे। वो दिन दूर नहीं जब बिकाऊ लोगों को कोई भी मुंह नहीं लगाएगा। आइए हम सभी मिलकर आधारहीन पत्रकारिता का बहिष्कार करें। आज के बाद कल भी हमारा होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि हमारे व्यक्तिगत स्वार्थ भी हैं क्षेत्र के पिछड़ने का कारण

विभिन्न क्षेत्रों के परिप्रेक्ष्य में अगर हम जनहित अर्थात सामूहिक कार्यों पर जानकारी लेने एवं देखने का प्रयास करें, तो निसंदेह बहुत से कारण देखने को मिलते हैं, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विकासात्मक कार्यों को करवाने के लिए स्थानीय जनता की अपने अधिकारों एवं जागरूकता पर काफी हद तक निर्भर करता है कि किन-किन क्षेत्रों में सामूहिक कार्य को करवाने में जनता सफल हो पाई है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वर्तमान में ऐसे अनेक उदाहरण देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जिसमें बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों के जानकारी अनुसार जिन क्षेत्रों में विकास के मामले में पिछड़ने का एक बड़ा कारण यह भी है, ऐसे अनेक क्षेत्रों में लोग सामूहिक कार्य की अपेक्षा व्यक्तिगत कार्यों एवं व्यक्तिगत जीवन तक सीमित होते आएं हैं, जबकि हम अधिकांश समय में अपने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं राजनेताओं को दोषी मानते हैं, जबकि सच्चाई यह भी है कि जो विभिन्न क्षेत्रों के प्रभावशाली स्थानीय राजनेता माने जाते हैं। वह कहीं न कहीं व्यक्तिगत स्वार्थ तक सिमित होते जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों तक अनेक क्षेत्रों से जनहित के कार्य को लेकर जनता का एकजुटता का अभाव देखने को मिलता है।

इस प्रकार इसमें भी कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि ऐसे विभिन्न क्षेत्रों के विकास के रूप में पिछड़ने का भी एक बड़ा कारण यहीं माना जाता है कि हम जनप्रतिनिधियों के समक्ष केवल एवं केवल अपने निजी कार्यों को लेकर मांग एवं सुझाव रखने का प्रयास करते हैं, जबकि अगर हम समय-समय पर अपने विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं एवं विशेषताओं को लेकर राजनीति से ऊपर उठकर मिलकर आवाज बुलंद करते हैं तो निस्संदेह क्षेत्र



के अनेक कार्य निश्चित रूप पूर्ण होते हैं, तो वहीं दूसरी ओर हम परंपरागत राजनीति विचारधाराओं में इतने अंधभक्त हो जाते हैं कि मानों कोई भी जनप्रतिनिधि सामूहिक एवं विकासात्मक कार्यों को करवाने का प्रयास कर रहा है, तो हम फिर भी उसी रूढ़िवादी राजनीतिक विचारधाराओं से बहार ही नहीं निकलना चाहते, जबकि हमें किसी भी राजनीतिक दलों के उन तमाम जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं विकास को आगे बढ़ाने वाले जन-प्रतिनिधि को सामाजिक रूप से सहयोग करने की भी आवश्यकता है, तभी संभव है कि हम भविष्य में अपने क्षेत्र समाज को विकास के रूप में विकसित करने में कहीं न कहीं सफल हो सकें, इस प्रकार अनेक कारण हमारे क्षेत्र के पिछड़ने के माने जाते हैं, जबकि जन-प्रतिनिधियों में अनेक बार सामूहिक कार्य एवं जनहित के कार्यों को करवाने के लिए खासी उत्सुकता एवं सक्रियता देखने को मिलती हैं, परंतु अगर स्थानीय जनता के सहयोग एवं विकास को आगे बढ़ाने की बात की जाएं, तो ऐसे अनेक अवसरों में मानों अनेक व्यक्तियों के पास इन सभी जनहित के कार्यों को करवाने के लिए समय का अभाव देखने एवं सुनने को मिलता है, जिसके कारण स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी ऐसे अनेक जनहित के कार्यों में दिलचस्पी नहीं लेते। इस प्रकार किसी भी क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों को करवाने में सबसे बड़ी भूमिका स्थानीय जनता की रहती हैं।

वह अपने जनप्रतिनिधियों से सामूहिक कार्य को करवाने के लिए कितने एकजुटता एवं राजनीति से ऊपर उठकर जनप्रतिनिधियों को जवाबदेही बनाने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार देवभूमि हिमाचल प्रदेश में भी ऐसे अनेक उदाहरण देखने एवं सुनने को मिलते हैं तो वहीं रूढ़िवादी राजनीतिक विचारधाराओं से बहार निकलने का प्रयास किया जाएं, तो वहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया बंधुओं से भी निवेदन रहेगा कि इस छोटे से संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें, ऐसी उम्मीद एवं विश्वास करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### गेस्ट टीचर पॉलिसी का विद्यार्थी परिषद ने जताया विरोध



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित गेस्ट टीचर पॉलिसी को लेकर कड़ा विरोध दर्ज किया है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि प्रदेश सरकार यह कदम स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा और शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करेगा। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में गेस्ट टीचर पॉलिसी को कैबिनेट से स्वीकृति दी गई है, जिसे अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा। हालांकि इस नीति में शिक्षकों के मानदेय को पर पीरियड आधार पर तय किया गया है, लेकिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस पॉलिसी में कई खामियों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती है। विद्यार्थी परिषद के स्कूली विद्यार्थी कार्य प्रदेश संयोजक विशाल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार जब से सत्ता की कुर्सी पर बैठी है अपने शिक्षा विरोधी रवैए को लगातार बरकरार रखा है। उन्होंने बताया कि गेस्ट टीचर पॉलिसी स्थायी शिक्षकों की भर्ती को प्राथमिकता देने के बजाय तात्कालिक उपाय के रूप में लागू की जा रही है, जिससे हजारों बेरोजगार युवा प्रभावित होंगे।

### अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए प्रचार अभियान 16 से

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिला में राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के साथ-साथ राज्य सरकार की अन्य जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से 16 दिसंबर से चार दिवसीय विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत विभाग से संबद्ध नाट्य दल गीत संगीत, नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी व उनका लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराएंगे। अभियान के तहत विशेषकर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लाभ के लिए चलाई योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### धर्मपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** युवक मंडल धर्मपुर द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज किया गया, जिसका शुभारंभ थाना प्रभारी धर्मपुर तिलक राज ने किया। युवक मंडल के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का मोमेंटो देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता का ओपनिंग मैच ग्राम पंचायत भरौरी व ग्राम पंचायत बनेहड़ी की मलौन टीम के बीच खेला गया, जिसमें भरौरी टीम ने विजय हासिल की। मुख्यातिथि तिलकराज ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी दिनचर्या में खेल गतिविधियों को शामिल करना चाहिए और खेलों में व्यस्त रहकर अपने समय का सही उपयोग करें। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में धर्मपुर क्षेत्र की 32 टीमें भाग ले रही है और विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता टीम को 16 हजार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर युवक मंडल धर्मपुर के सदस्य व अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

### बांग्लादेश और केंद्र सरकार के विरुद्ध निकाली रैली

**भीम बसेड़ू, महादेव।** बांग्लादेश की कट्टरपंथी सरकार द्वारा हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार किए जा रहे अत्याचारों के खिलाफ सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा निकाली गई आक्रोश रैली बांग्लादेश सहित केंद्र सरकार को चाहे भारत सरकार के विरुद्ध भी समझी जानी चाहिए, क्योंकि बयानबाजी एवं विदेश सचिव स्तर की वार्ता मात्र औपचारिकता है। सनातन चेतना मंच सुंदरनगर के अध्यक्ष प्रकाश भारद्वाज के अनुसार बांग्लादेश की अंतरिम मुहम्मद यूनुस सरकार की मुखिया दमनकारी नीतियों की हद पार कर गई है और भारत की सरकार खून की प्यासी बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कुछ कड़ी कार्रवाई न कर अपने राजनीतिक कामों में ही उलझकर देश की चिंता में डूबी जनता को केवल ख्याली पुलाव ही परोसने में लगी है, जबकि आक्रोश रैलियों में सनातनियों की सख्त नाराजगी व गुस्सा फूटना साफतौर पर देखा जा सकता है। भारद्वाज ने मांग उठाते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ की जा सकती रही हिंसा, आगजनी, बलात्कार, अन्न धन, मंदिरों की लूटपाट को रोकने के लिए भारत सरकार को चाहिए कि वह बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाए।

### एचपी प्रोजेक्ट शिवा में करसोग व चुराग हो शामिल

**अनंत ज्ञान, करसोग।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करसोग के सदस्य महेश राज ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी एचपी प्रोजेक्ट शिवा में अपने विधानसभा क्षेत्र के दोनों ब्लॉकों करसोग व चुराग को शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपा व इस विषय पर उनसे विस्तार में चर्चा की। आपको बता दें कि 1292 करोड़ के एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत 6000 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि पर नकदी फसलों को उगाने के कार्य को वर्ष 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें पौधरोपण, सिंचाई सुविधा और बाड़बंदी का कार्य शामिल है। जल्द ही एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत वाटर यूजर एसोसिएशन बनेंगी, ताकि कलस्टर में शामिल किसानों को उचित तरीके से सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके। इन्होंने बताया कि हमारे करसोग विधानसभा की भौगोलिक स्थिति के अनुसार यहां का लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र इस तरह की नकदी फसलों के लिए बहुत अच्छा है, ताकि हमारे विधानसभा क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी में व्यापक सुधार हो सके। एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत नींबू, संतरा, आम, लीची, अनार, प्लम, पिकनेट और जापानी फलों को बढ़ावा देना है। मंत्री ने जल्द ही विभाग व संबंधित एजेंसियों को जल्द ही जांच व कार्य शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं।

### शैलजा अयोध्या में दिखाएगी खो-खो का दम



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** खेलों में निरंतर सफलता के झंडे गाड़ते हुए कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की प्रतिभावान छात्रा शैलजा ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने जानकारी दी कि शैलजा का चयन अंडर-17 खो-खो नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। शैलजा 15 दिसंबर को जोगिंद्रनगर से घुमारवीं, बिलासपुर के लिए रवाना होगी, जहां 15 से 18 दिसंबर तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

### ट्राईअम्फ एफसी की टीम आनंदपुर साहिब रवाना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ट्राईअम्फ एफसी की टीम को हिमाचल प्रदेश वूमन फुटसल लीग खेलने के लिए आनंदपुर साहिब रवाना किया गया। ट्राईअम्फ एफसी मंडी के प्रधान सुशांत शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की छह टीमें भाग लेंगी, जो 14-15 लीग खेलेंगी। इसमें 6 मैच सेमीफाइनल व फाइनल खेला जाएगा। ट्राईअम्फ एफसी मंडी की टीम में शिवाली देवी (कप्तान) नीता बढगल, रूपाली देवी, स्नेहा, कशिश, काबारी शर्मा, प्रिया शर्मा (गोलकीपर), प्राची शर्मा, सीमा अहिरवार, स्नेहा रानी, बाला देवी कोच शामिल है। टीम में हेड कोच अरुण पाल सिंह, स्ट्रैंथ व कंडीशनिंग कोच साहिल शर्मा, गोलकीपिंग कोच आयुष शर्मा, टीम मैनेजर कार्तिक शर्मा व टीम डॉक्टर डॉ. ऋषभ शर्मा साथ हैं।



# 300 मीटर खाई में लुढ़की कार, व्यक्ति की मौत

**सुनील शर्मा, गोहर**




पुलिस थाना गोहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत परवाड़ा के शैट में देर रात एक कार हादसे में चालक की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना का मामला दर्ज कर पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात कार चालक गाड़ी में सवार होकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही शैट गांव के समीप पहुंचा, आगे स्लाइडिंग प्वाइंट से कार को थोड़ा बाहर से निकाल ही रहा था, कार नंबर एचपी 65- 5150 अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में लुढ़क गई।

कार हादसा इतना भयंकर था कि दुर्घटना ग्रस्त कार के परखच्चे उड़ गए। अचानक रात के वक्त नाले में हुए धमाके को सुन आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए तथा राहत कार्य में जुट गए। कार हादसे की सूचना फैलते ही आसपास के गांवों में शोक का पहाड़ सा पसर गया। बताया जा रहा है कि यह कार हादसा घर से कुछ दूरी के फैसले में हुआ। सूचना मिलते ही गोहर पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से निकाले चालक के शव को अपने कब्जे में लेकर हादसे की जांच में जुटी रही। पुलिस ने कार हादसे में मृतक अश्वनी कुमार पुत्र सेवा सिंह 45 वर्ष निवासी परवाड़ा के रूप में पहचान की है।

मृतक अश्वनी कुमार अपने पीछे पत्नी सहित तीन बेटियों को छोड़ गए हैं। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में मृतक व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसके उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

### जबरदस्ती बंधक बनाने पर मामला दर्ज

**मंडी।** मंडी के पंडोह में आरोपियों द्वारा एक व्यक्ति को बंधक बनाकर रखने और जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस थाना सदर मंडी में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में पुलिस थाना सरकाघाट में शिकायतकर्ता राकेश कुमार पुत्र ज्ञान चंद गांव व डाकघर रिस्सा तहसील सरकाघाट जिला मंडी के शिकायत पत्र के आधार पर जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बीते 29 नवंबर को आरोपियों ने उसके ही ट्रक नंबर एचपी-65-7726 में जबरदस्ती बंधक बनाया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसका बेटा अश्विनी ही उनके ट्रक नंबर एचपी-65-7726 को चला रहा था। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है।

### कसोल निवासी से 366 ग्राम चरस बरामद

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने कुल्लू जिला के कसोल के रहने वाले 25 वर्षीय युवक के कब्जे से 366 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत पुलिस चौकी सलापड़ की टीम जड़ोल में नाकाबंदी पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस टीम ने टैक्सी नंबर एचपी-01क-3013 में पिछली सीट पर बैठे आरोपी युवक गोविंद (25) पुत्र शेर बहादुर गांव व डाकघर कसोल तहसील भुंतर जिला कुल्लू के कब्जे से 366 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने बरामद चरस को कब्जे में लेकर आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लहर मिशन को सालाना समागम 20 से 22 तक

**मंडी।** गुरु नानक गुरु गोबिंद सिंह लहर मिशन द्वारा 25वां सालाना गुरमत समागम 20 से 22 दिसंबर तक मनाया जाएगा। लहर मिशन के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम ब्यास नदी के बीच ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी कोलसर साहिब पर होगा। कार्यक्रम के अनुसार 19 दिसंबर को कोलसर साहिब की सेवा व निशान साहिब सेवा सुबह 9 बजे होगी। 20 दिसंबर को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पाठ सुबह 10 बजे से होगा। 21 दिसंबर को बच्चों का कीर्तन दरबार शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक होगा। रविवार 22 दिसंबर को भोग पाठ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी सुबह 10 बजे, कीर्तन दरबार 11 बजे से शाम 3 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में रागी भाई अमरजीत सिंह जी नानकसर वाले सहित आदि पहुंचेंगे।

# जोगिंद्रनगर को 26 सड़कों के लिए 1 .20 करोड़ का तोहफा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



फाइल चित्र, मुख्यमंत्री से गुफ्तगू करते हुए जीवन ठाकुर।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की 26 सड़कों के लिए 1 करोड़ 20 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस घोषणा के साथ ग्रामीण विकास को रफ्तार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के सचिव जीवन ठाकुर ने मुख्यमंत्री के जोगिंद्रनगर नगर दौरे के दौरान 32 सड़कों को बजट प्रदान करने का अनुरोध किया था।

मुख्यमंत्री ने तत्परता दिखाते हुए 16 सड़कों के लिए 5-5 लाख और 10 सड़कों के लिए 4-4 लाख रुपए की राशि मंजूर की। प्रमुख सड़कों में नेर घरवाढ़ा पंचायत के आशापुरी माता मंदिर तक लिंक रोड, धार पंचायत के शानन से अरमबला गहरा लिंक रोड, द्रबल पंचायत के बनोण से चडोझ लिंक रोड, धार पंचायत के नागन से जरल और अम्बारा गहरा तक सड़क, हार गुनैन पंचायत की ट्रैकरनेस्ट से पंगांगना सड़क, रोपा पधर पंचायत के बदवाड़ से बदन धार सड़क, नोहली पंचायत के सरवाल्डी से हरिजन बस्ती बट धार सड़क, रोपा पधर पंचायत के बगीचा लिंक रोड, जिमजिमा पंचायत के पंजन से सुही लिंक रोड, सिमस पंचायत के माकन से सिमस सड़क, ऊटपुर पंचायत के संडापत्तन से निचला तैन लिंक रोड, भड़याडा पंचायत की नैनी धार सड़क, धार पंचायत के झमेहर सियोही बणोण सड़क शामिल है।(अनंत ज्ञान)

### ग्रामीणों ने व्यक्त किया आभार

**मुख्यमंत्री** द्वारा सड़कों के लिए स्वीकृत बजट से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री और जीवन ठाकुर का धन्यवाद किया। इस योजना के तहत स्वीकृत सड़कों का कुल बजट 1 करोड़ 20 लाख रुपए है, जिसमें पहले चरण में 16 सड़कों को 80 लाख और 10 सड़कों को 40 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। क्षेत्रवासियों ने इसे जोगिंद्रनगर के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।

# एनएसयूआई ने प्राचार्य के माध्यम से उपकुलपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



ज्ञापन सौंपते हुए गणमान्य।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर इकाई ने पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के उपकुलपति को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई ने ज्ञापन में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की सुंदरनगर कैंपस की बिल्डिंग जल्द सरकार के आदेशानुसार एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर को सौंपने की मांग उठाई। एनएसयूआई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय जल्द से जल्द सरकार के आदेशों के अनुसार एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर को सौंपे।

अनित जसवाल ने कहा कि जो भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन इस मामले में प्रतिक्रिया दे रहे है वे पहले तथ्यों की जानकारी ले लें तथा उसके पश्चात ही इस मामले में सरकार के खिलाफ बोलें। अनित ने कहा कि सभी व्यक्तियों, दलों व छात्र संगठन को निजी राजनीतिक लाभ के लिए भ्रांतियां फैलाने से बचना चाहिए और तथ्यों के आधार पर ही वक्तव्य जारी करना चाहिए। उन्होंने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार के आदेशों का पालन करते हुए सुंदरनगर कैंपस की बिल्डिंग को एमएलएसएम कॉलेज को सौंपे, ताकि वहां कक्षाएं शुरू हो सके अन्यथा एनएसयूआई उपकुलपति का घेराव करेगी।

# अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग का तृतीय सेमेस्टर का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



परीक्षा में अव्वल आने वाली छात्राएं।

अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुंदरनगर का द्वितीय सत्र का परीक्षा परिणाम अटल मेडिकल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। इसमें अरोमा कॉलेज की छात्राओं ने प्रदेश भर में टॉप टेन में स्थान हासिल कर कॉलेज तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कॉलेज की कशिश सचदेवा ने 8.71 अंक लेकर कॉलेज में प्रथम और प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर स्नेहा और तीसरे स्थान पर तनुजा चौधरी रही।

**कशिश सचदेवा 8.71 अंक लेकर कॉलेज में प्रथम**

कॉलेज प्रबंधन ने छात्राओं और स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि अरोमा कॉलेज का परीक्षा परिणाम हर साल शत प्रतिशत रहता है। इससे स्टाफ की मेहनत और बच्चों की लगन चिरतार्थ हुई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए 31 तक करें आवेदन

**जोगिंद्रनगर।** चौंतड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 14 पदों में से 6 पदों के साक्षात्कार को स्थगित कर दिया गया है। अब इन पदों के लिए महिला उम्मीदवार 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं और 2 जनवरी को सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।

बाल विकास परियोजना अधिकारी बालम राम वर्मा ने बताया कि स्थगित पदों में ग्राम पंचायत खुड्डी के आंगनबाड़ी केंद्र खुड्डी, ग्राम पंचायत ऊपरी धार के गंगोटी केंद्र आदि शामिल हैं।

# बिजली बोर्ड के पास नहीं स्टोर

**भीम बसेड़ू, महादेव**



नगर परिषद सुंदरनगर के चांगर वार्ड से सटे बिजली महकमे के दफ्तरों के बाहर वर्षों से एक बड़ा भाग समुचित सफाई व्यवस्था बनाने की राह देख रहा है यहां-वहां कंटीली झाड़ियां आदि बेतरतीब ढंग से फैली बढ़ी हैं जो रास्तों का एक बड़ा भाग रोककर परेशानी का सबब बनी हैं।

यही नहीं खुले में पुराने ट्रांसफार्मर आदि पड़े हैं जिनकी और मिट्टी पलीद की जा रही है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि इन दफ्तरों में बड़े-बड़े अधिकारी बैठते तो जरूर हैं मगर उन्हें स्वच्छता अभियान की जरा भी परवाह नहीं कि स्वच्छ वातावरण कितना जरूरी है। नौकरी चल रही है बस बाकी से उन्हें क्या लेना-देना, पूछने वाला तो कोई है नहीं। खुले में फेंका सामान जंग की गिरफ्त में है, जिससे सरकार को कुछ तो चूना लगता ही होगा।

बुद्धिजीवियों ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि बिजली महकमे के यहां शीघ्र ही उचित ढंग की सफाई व्यवस्था कर सामान रखने के लिए एक अच्छे स्टोर का निर्माण किया जाए।(अनंत ज्ञान)

### नारला कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

**कविता, पधर।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में ऊर्जा बचत के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम एनसीसी यूनिट और ऊर्जा क्लब द्वारा मिलकर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता से हुई। जिसमें छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण और उसके महत्व पर आधारित विभिन्न सवालों के उत्तर दिए। इस क्विज में छात्रों ने ऊर्जा बचाने के सरल और प्रभावी तरीकों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया।

# कबीर पंथों की मदद के लिए होंगे कार्य : मस्तराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**




बैठक में भाग लेते हुए पदाधिकारी।

कबीर पंथी सुधार सभा की राज्य स्तरीय त्रैमासिक बैठक नेरचौक हिमगिरि में आयोजित की गई। इस दौरान संस्था के संस्थापक की याद में 2 मिनट का मौन भी रखा। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मस्त राम कौंडल ने की।

कांगड़ा के अध्यक्ष मस्तराम द्वारा संगठन को मजबूत और एकता के साथ चलने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मस्तराम कोंडल ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें कार्यकारिणी की अवधि को 2 वर्ष के दौरान 50 रुपए चंदे के तौर पर बढ़ोतरी करना तथा तहसील एवं जिला स्तर पर समाज के उत्थान के लिए फंड को खर्च करना।

**कबीर पंथी सुधार सभा की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न**

कबीरपंथी कल्याण बोर्ड की शीघ्र बैठक बुलाने के बारे भी विधानसभा क्षेत्र के मंत्री, विधायकों से संपर्क करना और उनको ज्ञापन प्रेषित करने पर चर्चा की गई। मस्तराम ने बताया कि बैठक में सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ उठाने और सरकार के साथ तालमेल बनाकर कार्य करने और सरकार का विरोध न करने पर जोर दिया गया और कबीर कल्याण बोर्ड का गठन कर सरकारी विभाग में कबीर पंथों को नौकरी दिलाने में कार्य करना जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

# संधोल में लचर स्वास्थ्य सेवाओं पर महिला संगठन हुए लामबंद

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



क्षेत्र में लचर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर से महिलाओं के संगठन मातृ शक्ति संगठन फिर लामबंद होने के लिए तैयारी करने लगे हैं, जिसको लेकर संगठन की उपाध्यक्ष व महिला मंडल हटनाला संधोल मनोकामना शर्मा की अध्यक्षता में लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की। बैठक में करीब 16 महिला मंडलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बार महिला मंडल के अलावा क्षेत्र के विकास को लेकर अग्रसर रहे अन्य स्वंयसेवी संगठनों के साथ भी अब चर्चा कर अगली रणनीति बनाई जाएगी, जिसमें विभिन्न राजनीतिक लोगों से भी सहयोग लिया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ साथ रुके पड़े विकास कार्यों को लेकर एक मत से निर्णय लेगी। उपाध्यक्ष मनोकामना ने बताया कि अभी सिर्फ बैठक महज स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर की गई ।

### महिलाओं ने दिया था धरना

**काबिलेगौर** रहे कि पिछले वर्ष इसी माह सैंकड़ों महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर 23 दिन संघर्ष किया था। आम चुनावों के चलते स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने स्वयं यहां आकर ये आंदोलन ये सब आश्वासन देने के बाद बंद किया था कि उन्हें मात्र सौ दिन का समय चाहिए उसके बाद सभी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, लेकिन आज पूरा एक वर्ष हो गया लेकिन यहां रेडियोग्राफर का डेपुटेशन लगा न महिला विशेषज्ञ आई, न कोई अन्य विशेषज्ञ आया। आज महज ये सिविल अस्पताल नए नवेले डॉक्टरों के हवाले है, जहां महज रैफर ही होते हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए कई मामले

**पीयूष शर्मा, करसोग।** करसोग न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में सैकड़ों वादों का निष्पादन किया गया, जबकि समझौता राशि भी लाखों में रही। कई बैंकों से जुड़े वादों का निष्पादन किया गया। विभिन्न बैंकों के निष्पादित वादों का समझौता किया गया। अपराधिक, दीवानी और बीएसएनएल के मामला भी निपटा दिए गए। इसके अलावा लंबित मोटर वाहन वैवाहिक दीवानी व फौजदारी मामलों का भी निष्पादन हुआ। खंड विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राहुल ने कहा कि नेशनल लोक अदालत जनता की अदालत है।

# गेस्ट टीचर भर्ती का माकपा ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



हिमाचल सरकार के मंत्रिमंडल ने अब स्कूलों व कॉलेजों में रेगुलर टीचर भर्ती न करने और गेस्ट टीचर लगाने का फैसला सरकार का दिवालियापन है और हजारों युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर धोखा है। यह बात माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने सरकार द्वारा गेस्ट टीचर्स भर्ती करने के निर्णय पर कही। रेगुलर भर्ती के बजाए गेस्ट आधार पर टीचर्स लगाने का जनविरोधी लेकर प्रदेश के लाखों युवाओं से धोखा किया है। सरकार ने मल्टीटास्क वर्कर्स चार पांच हजार रुपए पर भर्ती किए हैं और जो विभागों में सृजित पोस्टें थी उन्हें डाइंग कैडर घोषित कर दिया है और अब उनके स्थान पर कच्चे किस्म और कम वेतन वाली भर्तियां की जा रही है जिसे रोजगार में माना जा सकता है। ये ही नीतियां केंद्र की तथा पूर्व की भाजपा की जयराम सरकार कर रही थी और कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने तो हदें पार करते हुए अब गेस्ट टीचर्स भर्ती करने का निर्णय ले लिया है जिसका मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी विरोध करती है।

**आस** | बेसहारा बच्चों का भविष्य संवारने में मील पत्थर साबित हो रही मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना

# चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट कार्तिक को गृह निर्माण के लिए मिली दो बिस्वा भूमि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कार्तिक

मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना कार्तिक की जिंदगी में आशा की नई किरण बनकर आई है। सरकार ही माता सरकार ही पिता की भावना को साकार करते हुए प्रदेश सरकार की ओर से चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट कार्तिक को दो बिस्वा भूमि प्रदान की गई है।

बल्ह तहसील के घट्टा (कुम्मी) गांव के रहने वाले कार्तिक ने बचपन में ही अपने माता-पिता को खो दिया। पेशे से निजी बस चालक पिता ज्ञानचंद का साया चार साल की उम्र में ही उनके सिर से उठ गया। उसके बाद मां ने निजी क्षेत्र में नौकरी कर कार्तिक व दो बहनों का लालन-पालन शुरू किया। मगर, नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। 11 वर्ष की आयु में कार्तिक ने अपनी मां को भी खो दिया। इसके बाद नाना दुर्गादास सैनी व नानी रूपा देवी के यहां राजगढ़ में वे पले-बढ़े। मंडी कॉलेज से नॉन-मेडिकल में ग्रेजुएशन की। वर्ष 2019 से आईजीएमसी, शिमला के डॉ. विकास शर्मा का बहुमूल्य योगदान व साथ भी उनके लिए सहायक रहा। उन्होंने योजना के अंतर्गत गृह निर्माण के लिए भूमि आवंटन बारे आवेदन किया। सरकार की ओर से उन्हें सुंदरनगर मुहाल में दो बिस्वा भूमि गृह निर्माण के लिए स्वीकृत हुई है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने गत दिनों पंडोह दौरे के दौरान इस बारे में उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्तिक ने कहा कि अनाथ व बेसहारा बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए यह योजना मील पत्थर साबित हो रही है। मंडी जिला में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत 393 अनाथ व बेसहारा बच्चों तथा 27 वर्ष आयु तक के पात्र वयस्कों को सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिगत 30 नवंबर, 2024 तक 1,27,48,000 रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। आठ बाल देखभाल आश्रमों में रहने वाले 390 आवासियों को भी 41,04,700 रुपए की राशि सामाजिक सुरक्षा के रूप में प्रदान की गई है।

23 पात्र बच्चों को 13,07,587 रुपए की राशि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदान की गई है। इनमें 14 बच्चों को उच्चतर शिक्षा, 6 को व्यावसायिक प्रशिक्षण, तीन वयस्कों को स्वरोजगार के लिए यह सहायता राशि प्रदान की गई है।

### क्या कहते हैं डीसी मंडी

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि मंडी जिला में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत पात्र बच्चों व वयस्कों को लाभान्वित किया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों को गृह निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस फ्लैगशिप कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# जरल फोरलेन पर उपले बनाना खतरनाक, लोग रहें सावधान


**अनंत ज्ञान, महादेव**



नाचन क्षेत्र के एक बड़े भाग से होकर निकले फोरलेन व बिजली संबंधी एचटी लाइन टावर आदि के यहां कुछ लोग अपना व्यक्तिगत कारोबार करने के लिए अपनी जान खतरे में डाल रहे हैं।

गांव जरल फोरलेन एवं टावर लाइन स्थल पर बेखौफ होकर लोग उपले बना सूखा रहे हैं, वहीं दूसरे स्थानों पर कृषि करना, दुकानें लगाना, गाड़ियां खड़ी करना आदि शामिल है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि लोग जान की परवाह किए बगैर इस कार्य को कर रहें है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि फोरलेन एवं बिजली की टावर लाइन स्थल पर अपनी सुरक्षा को गंभीरता से न लेते हुए मुट्ठी भर लोग अपने अवैध कब्जे करने के मोह से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, जिससे ऐसा अवैध कार्य जोर पकड़ता जा रहा है जो किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है। लोगों ने संबंधित अथॉरिटी व केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि जोखिम भरे कारोबार को शीघ्र ही जनहित में सख्ती बरतते हुए बंद करवाए।

### एसएससी जीडी परीक्षा में संधोल के संदीप अव्वल



**सरकाघाट।** संधोल के संदीप कुमार (लक्की) सुपुत्र सुनील धीमान ने एसएससी जीडी की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संदीप का चयन सीआईएसएफ के लिए हुआ है। बता दें कि संदीप कुमार संधोल तहसील के दयोडी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधोल से ग्रहण की है और राजकीय महाविद्यालय संधोल से वाणिज्य में स्नातक की पढ़ाई की है। संदीप के पिता सुनील धीमान ने कहा कि कड़ी मेहनत से बेटे ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### लैंप के तहत छात्राओं के लिए लगाया शिविर



**अनंत ज्ञान, घनारी।** ल्यूमिनस उद्योग द्वारा चलाई जा रही निर्धन मेधावी छात्रवृत्ति योजना लैंप के अंतर्गत शनिवार को गगरेट में छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट निदेशक मनीषा मिश्रा ने बताया कि इस कार्यशाला में गगरेट, अंब और हरोली ब्लॉक के 241 छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में सच्ची सहेली संगठन ने व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में मनीषा मिश्रा, सुपरवाइजर अदिति ठाकुर, श्वेता ठाकुर और काजल शर्मा, सच्ची सहेली टीम सहित मुस्कान उपस्थित रहे।

### आउटसोर्स कर्मी 16 को शिमला में करेंगे धरना-प्रदर्शन

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड आउटसोर्स यूनियन ने सरकार की कार्यप्रणाली पर रोष प्रकट किया है। उनका कहना है कि बिजली बोर्ड मैनेजमेंट ने आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन के द्वारा दिए गए नोटिस के ऊपर कोई भी संज्ञान नहीं लिया। यूनियन के उपाध्यक्ष पुनीत सोनी ने बताया कि इस वजह से मजबूरन 16 तारीख को कुमार हाउस शिमला में आउटसोर्स कर्मचारी यूनियन द्वारा धरना दिया जाएगा। जिन 81 आउटसोर्स ड्राइवर भाइयों को बोर्ड मैनेजमेंट ने निकाला, उन साथियों को लगभग 10 से 15 सालों का समय बिजली विभाग में अपनी सेवाएं देते हुए हो गया था। उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय बिजली बोर्ड को दिया, उसके बावजूद बोर्ड मैनेजमेंट ने उनके हितों के बारे में कुछ भी संज्ञान नहीं लिया और उन्हें नौकरी से निकलने का फरमान जारी किया जो कि बेहद दुखद है। इन ड्राइवर भाइयों के घरों का गुजारा और बच्चों की पढ़ाई का खर्च का जो इकलौता माध्यम था, वह भी उनसे छिन गया है और न जाने कितने बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया। यह बेहद ही चिंता का विषय है। इस विरोध प्रदर्शन में ज्वाइंट फ्रंट भी हमारे साथ खड़ा है। हम इसके लिए उनका भी बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। बिजली बोर्ड में आउटसोर्स पर तैनात 3045 कर्मचारियों को भी यह कहना चाहूंगा कि वह 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे कुमार हाउस शिमला में अपने हितों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाएं।

### खिलाड़ियों का कॉलेज पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, संजीव पुरी।** इंटर कॉलेज रेसलिंग प्रतियोगिता सुंदरनगर में आयोजित की गई, जिसमें ऊना कॉलेज के दो खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल, 2 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल और एक खिलाड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। खिलाड़ी स्पोर्ट्स हॉस्टल ऊना से संबंध रखते हैं, जिन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच प्रिंस पठानिया को दिया। गवर्नमेंट कॉलेज ऊना की प्रिंसिपल मीता शर्मा, खेल प्रेमी रमन सैनी, दयाल, पंकज पीटर, संदीप बेदी, नवीन शर्मा सुनील शर्मा ने खिलाड़ियों और कोच प्रिंस पठानिया को जीत के लिए बधाई दी। इस मौके पर संजय शर्मा, संजय वर्मा, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# छपरोह खुर्द में लोगों की वर्षों से सड़क बनाने की मांग हुई पूरी

## छपरोह खुर्द गांव के लिए सड़क निर्माण होने पर जनता ने विधायक विवेक का आभार जताया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की छपरोह पंचायत के गांव छपरोह खुर्द में वर्षों से जनता की सड़क की मांग पूरा होने पर स्थानीय जनता ने विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट किया है। स्थानीय लोगों का कहना है। कि उक्त सड़क के निर्माण के लिए हमने कई बार पूर्व में रहे विधायक मंत्री को अपनी समस्या बताई, लेकिन किसी ने भी हमारी समस्या का कोई समाधान नहीं किया।

उपचुनावों में विवेक शर्मा के विधायक बनने के बाद हमने अपनी समस्या को लेकर उनसे मुलाकात की और विधायक विवेक शर्मा दूसरे दिन मौके पर पहुंच गए और हमारी समस्या को देखकर अधिकारियों को तुरंत रास्ते के निर्माण के आदेश दिए और आज हमें वर्षों बाद सड़क मिल गई है।



सड़क निर्माण से प्रसन्न ग्रामीण।

उनके लिए समस्त गांववासियों की तरफ से विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे छोटे छोटे बच्चे स्कूल शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं औरर सड़क न होने के कारण जंगली जानवरों ओर बानर सेना का खौफ बच्चों में रहता था। कई बार सड़क न होने के कारण बच्चों के साथ छिटपुट घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन अब सड़क बनने के कारण हमारी सारी समस्या दूर हो गई है। उसके लिए विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विधायक विवेक शर्मा ने मशीनरी लगाकर दो दिनों में हमें सड़क का प्रबंध करवाया है, उसी प्रकार अब तेजी से विधायक विवेक शर्मा उक्त सड़क को पक्का करवा दें।

ज्ञात रहे उक्त सड़क के निर्माण होने से उक्त पंचायत की जनता को श्मशानघाट जाने की बड़ी समस्या का भी समाधान हुआ है, क्योंकि श्मशान घाट पर संस्कार करने के लिए उक्त जनता को घूमकर आना पड़ता था और सड़क न होने से बड़ी समस्या होती थी, लेकिन अब उक्त रास्ते के निर्माण होने से छोटी गाड़ियां या ट्रैक्टर आदि आराम से लकड़ी और सामान आदि लेकर आराम से जा सकते हैं। स्थानीय पंचायत प्रधान गौरी का कहना है कि विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से छपरोह खुर्द के गांव की जनता को सड़क की पुरानी मांग पूरी हुई है।

अब उक्त गांव के लोगों को पक्की सड़क में आने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द विधायक विवेक शर्मा के आशीर्वाद से उक्त सड़क पक्की होगी और लोगों की छोटी गाड़ियां उनके घर तक पहुंचना शुरू हो गई हैं। इस मांग को पूरा करने पर स्थानीय पंचायत की तरफ से विधायक विवेक शर्मा का आभार प्रकट करती हूं।

### कुटलैहड़ के हर गांव को मिलेगी सड़क सुविधा : विवेक

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि छपरोह पंचायत के छपरोह खुर्द के गांव के कुछ गणमान्य परिवार के सदस्य अपनी रास्ते की समस्या को लेकर हम से मिले थे और हमने मौके पर जाकर तत्काल अधिकारियों को रास्ते निर्माण के आदेश दिए थे ताकि उक्त गांव की जनता को रास्ते की सुविधा मिले। विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ की जनता से आग्रह किया है कि सभी गांवों को सड़क से जोड़ने और पक्के रास्तों के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन जनता रास्तों ओर सड़क निर्माण की स्वीकृति पर भूमि विवाद न करे, ताकि कुटलैहड़ के हर घर हर गांव को सड़क सुविधा देने का जो हमने लक्ष्य रखा है, वह जल्द पूरा हो सके।

## मुकेश ने 'इन द एक्सप्लोरेशन ऑफ लाइफ : व्हाई वी लाई' पुस्तक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को गोंदपुर जयचंद स्थित अपने निवास पर नवोदित लेखिका एवं शिक्षाविद निहारिका अग्निहोत्री की पुस्तक 'इन द एक्सप्लोरेशन ऑफ लाइफ : व्हाई वी लाई' का विमोचन किया। इस पुस्तक में झूठ बोलने के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर गहराई से प्रकाश डाला गया है।

यह पुस्तक सभी झूठ बोलने वालों को समर्पित है और इस विचार को सामने रखती है कि हममें से हर किसी ने जीवन में कभी न कभी झूठ बोला है। उपमुख्यमंत्री ने निहारिका को इस रचना के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान लेखिका निहारिका के साथ उनकी माता कामिनी अग्निहोत्री तथा अन्य परिजनों में राजकुमार, नवीन कुमार और बहन आकृति अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

**लेखिका के बारे में :** निहारिका अग्निहोत्री इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बाथू (ऊना) में प्रबंधन विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बिजनेस मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री प्राप्त की है और वर्तमान में मैनेजमेंट में पीएचडी कर रही हैं। उनकी विशेष रुचि मानव व्यवहार, संगठनात्मक संस्कृति और प्रबंधन के क्षेत्र में है। निहारिका की पुस्तक 'इन द एक्सप्लोरेशन ऑफ लाइफ : व्हाई वी लाई' में उन्होंने मानवीय रिश्तों, सामाजिक अपेक्षाओं और व्यक्तिगत विकास की जटिलताओं को गहराई से खोजा है।



निहारिका अग्निहोत्री और अन्य उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ।

**यह पुस्तक सभी झूठ बोलने वालों को समर्पित है**

यह पुस्तक झूठ के विभिन्न पहलुओं पर एक विचारोत्तेजक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है और पाठकों को आत्म-चिंतन के लिए प्रेरित करती है। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के गोंदपुर जयचंद की रहने वाली निहारिका अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से गहराई से जुड़ी हैं। उनके लेखन और अकादमिक कार्य में यह जुड़ाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

## बेहड़ी गुग्गा में लगे शिविर में लोगों ने रक्त देकर कमाया पुण्य



**हीना पठानिया, बड़ूही।** शिवालिक सेवा समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य नेत्र और रक्तदान शिविर ग्राम पंचायत सोहरी के अंतर्गत बेहड़ी गुग्गा में लगाया गया। इस अवसर पर 450 रोगियों का इलाज किया गया। जरूरतमंद लोगों को मुफ्त दवाइयां और चश्मे दिए गए। इस अवसर पर 19 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर की शुरुआत स्वयं सेवी अनिल कुमार ने की। इस अवसर पर शिवालिक सेवा समिति के प्रधान डॉ. सुरेश कुमार गर्ग ने शिविर में स्टाफ का धन्यवाद किया जिन्होंने इस कैंप को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण कुमार नेत्र रोग विशेषज्ञ जोनल हॉस्पिटल ऊना, डॉ. शालु धीमान मनोरग विशेषज्ञ, डॉ. वरुण गर्ग, डॉ. अनिल कुमार ने मरीजों की जांच कर इलाज किया। इस अवसर पर तरलोक चंद, जमीत कुमार, रिम्पल कुमार, अमरजीत कुमार, सरबजीत सिंह, अनिल उर्फ डान ने इस शिविर को कामयाब बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

### सरकार ने ऊना में की दलितों की अनदेखी : महें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार द्वारा ऊना में खुले अनुसूचित जाति आयोग के कार्यालय में जिला ऊना के एक भी दलित नेता की उपस्थिति नहीं थी। यह बात शनिवार को महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा के बंगाणा ब्लॉक के अध्यक्ष नवदीप महें ने कही।



उन्होंने कहा की यहां कुलदीप कुमार के चेयरमैन बनाए जाने पर दलित संगठनों में भारी रोष है, वहीं कोई भी दलित नेता इनके कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ और पूरी तरह सभी दलित नेताओं द्वारा इसका वहिष्कार किया गया। नवदीप महें ने कहा कि सरकार द्वारा किसी भी दलित नेता को नियुक्ति व सदस्य चुनने के लिए नहीं पूछा गया, उल्टा स्वर्ण समाज के लोगो को सदस्य बना दिया गया। उन्होंने कहा की कार्यालय खोलने के लिए भी किसी भी दलित नेताओं को न्यौता तक नहीं दिया गया जिससे गहरी साजिश की बू आती है।

### गीता जयंती पर समाज सेवा समिति बंगाणा की प्रतियोगिताएं संपन्न

## खंड स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में आरती प्रथम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

समाज सेवा समिति बंगाणा के सौजन्य से गीता जयंती के अवसर पर खंड स्तरीय श्लोकोच्चारण और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गीता के अद्भुत उपदेशों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना और उन्हें जीवन में उतारने के लिए प्रेरित करना था। इन प्रतियोगिताओं में स्कूली छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समिति के अध्यक्ष डीआर शर्मा ने गीता के महत्व को बताते हुए कहा कि यह न केवल धर्मग्रंथ है, बल्कि जीवन के हर पहलू को समझाने के लिए एक अमूल्य मार्गदर्शक है। गीता जयंती पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं ने हर आयु वर्ग के व्यक्तियों को गीता के श्लोकों और उनके संदेशों से जोड़ने का एक अच्छा अवसर प्रदान किया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने न केवल अपनी कला का प्रदर्शन किया, बल्कि गीता के शाश्वत ज्ञान को भी सराहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा के प्रधानाचार्य ने भाग लिया और विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए।



गीता जयंती पर श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

उन्होंने कहा कि गीता का अध्ययन न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक और मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समिति के अध्यक्ष ने सभी भाग लेने वाले छात्रों का धन्यवाद करते हुए यह भी घोषणा की कि आगामी वर्षों में गीता जयंती पर और भी बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि और अधिक लोग गीता के उपदेशों से लाभान्वित हो सकें।

इस सफल आयोजन ने क्षेत्र के लोगों को गीता के संदेश से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया और एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में रिद्धिमा शर्मा ने प्रथम, पलक ने द्वितीय और अंजलि व तनु जसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं, राधिका, ममता और हर्षिता पटियाला ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में आरती कुमारी ने प्रथम, जेसमिन भारद्वाज और जतिन कुमार ने द्वितीय और समाक्षी ने तृतीय, वंशिका और सेजल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर मदन लाल शर्मा, शिव कुमार शास्त्री, चिरंजी लाल, मदन लाल शर्मा, नीलम कुमारी, सुरजीर कुमार, बाल कृष्ण शर्मा, किशोरी लाल शर्मा, बलदेव राज, विशन दास समेत अन्य मौजूद रहे।

## सहकारिता आंदोलन को जन आंदोलन बनाने की शुरुआत

### साल से अधिक छात्र एवं महिलाएं सहकारिता में खोलें अपना बचत खाता : डॉ. जगदीश शर्मा

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

सहकारिता आंदोलन को जन आंदोलन में परिवर्तित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा भारत वर्ष के चार प्रदेशों में पायलट परियोजना की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले को भी शामिल किया गया है। ये शब्द कृषि सहकारी सभा समिति लठियाणी के सभागार में सदस्य एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए सहकारी प्रबंध संस्थान चंडीगढ़ के डॉ. जगदीश शर्मा ने कहे।

इस कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर लठियाणी कृषि सहकारी सभा समिति की कार्यकारिणी एवं प्रधान अश्विनी शर्मा ने द्वारा आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में चंडीगढ़ के प्रशिक्षक प्रो. सुनील शर्मा ने भी जानकारी दी। डॉ. जगदीश शर्मा ने भारत सरकार द्वारा हाल ही में गठित तीन बीज जैविक व निर्यात सहकारी सभाओं को जानकारी देते हुए बताया कि इन संस्थाओं से हिमाचल प्रदेश की सहकारी सभाओं को सुदृढ़ करने में मजबूती मिलेगी।



कार्यक्रम में प्रधान अश्विनी शर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया।

इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए प्रोफेसर सुनील ठाकुर ने सहकारिता आंदोलन को बढ़ाने के उद्देश्य से आम सदस्यों के अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी। अंत में मुख्यातिथि ने कहा कि हम सबको मिलकर इस आंदोलन को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आम जन मानस को स्वभाव से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने इफको द्वारा निर्मित नैनो तरल खाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी व लोगों से अपील की कि इसे स्प्रे करने के लिए इफको ने ड्रोन का प्रबंध कर रखा है, ताकि किसानों को स्प्रे करने में कठिनाई न आए।

उन्होंने कहा कि किसान आजकल खेतों में दवाइयां का प्रयोग बहुत ज्यादा कर रहे हैं जो कि जीवन के लिए बहुत ही हानिकारक सिद्ध हो रहा है। हिमाचल में कैंसर का रोग तेजी से बढ़ रहा है, हो सकता है कि यह खेतों में जो दवाइयां डाल रहे हैं, उसी का प्रभाव हो सकता है। कृषि सहकारी सभा समिति लठियानी के प्रधान अश्विनी शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद किया व लोगों को उनके द्वारा बताए गए कल्याणकारी नीतियों को अपनाने का आह्वान किया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर कृषि सहकारी सभा समिति लठियाणी के उपप्रधान, सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष प्रमोद ठाकुर, वार्ड पंच संजय, देशराज शर्मा, मदन लाल शर्मा, जिया लाल शर्मा, पूर्व प्रधान जगमोहन सिंह, राजकुमार चंद, सुरेश शर्मा, ओम प्रकाश, टेक चंद, राजिंद्र कुमार, तरसेम सिंह, दिलबाग सिंह, विनोद शर्मा, सुशील ठाकुर, दलजीत शर्मा, विजय कुमार, रोशन लाल, प्रशांत कुमार के अलावा अन्य गणमान्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## प्रतिबंधित दवा तस्करी मामले में महिला आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट के बहुचर्चित दवा तस्करी मामले में अग्रिम जमानत हासिल करने के प्रयास कर रहे एक और आरोपी को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने आरोपी महिला की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है।

प्रतिबंधित दवा तस्करी मामले का भंडाफोड़ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने करते हुए प्रतिबंधित दवा को बड़ी खेप पकड़ते हुए गगरेट पुलिस थाना में मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में यह भी खुलासा हुआ था कि किस प्रकार ड्रग माफिया तस्करी का खेल ट्रांसपोर्ट कंपनियों के माध्यम से खेल रहा है। मामला हाई प्रोफाइल होने के चलते इस मामले की जांच का जिम्मा सीआईडी की एसआईटी को सौंपा गया था।

इस मामले में अब तक आठ आरोपी सलाखों के पीछे धकेले जा चुके हैं, जबकि एक आरोपी साक्ष्य मिटाने के आरोप में उच्चतम न्यायालय से जमानत हासिल कर चुका है। अहम बात यह है कि कई राज्यों में फैले प्रतिबंधित दवा तस्करी के इस रैकेट में महिलाएं भी शामिल थीं।

**मामले में अब तक आठ आरोपी सलाखों के पीछे धकेले जा चुके हैं**

सीआईडी की एसआईटी ने इस मामले में दिल्ली की एक महिला समता को भी आरोपी बनाया था। उक्त महिला ने पहले प्रदेश उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की और वहां से उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई। इसके बाद उस महिला ने अग्रिम जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया। उच्चतम न्यायालय ने उक्त महिला को चार सप्ताह का समय देते हुए सक्षम न्यायालय के समक्ष सरेंडर करने का समय देते हुए वहीं पर जमानत याचिका दायर करने को कहा लेकिन महिला सरेंडर करने को आगे नहीं आई। इस पर उच्चतम न्यायालय ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। सीआईडी के एक उच्च अधिकारी ने बताया कि महिला आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका उच्चतम न्यायालय से खारिज जो गई है।

**श्रद्धा** उपमंडल बंगाणा की हिमुडा कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा में पहुंच रहे सैकड़ों श्रद्धालु

## जब संकट आते हैं, तब भगवान करते हैं निवारण : डॉ. सुमन

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की हिमुडा कॉलोनी में चल रही श्रीमद् देवी भागवत के तृतीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि व्यास सूत ऋषि जी में शौनक आदि हजारों ऋषियों को श्री देवी भागवत कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब कभी भी मनुष्यों या फिर देवताओं पर कोई कष्ट पड़ा भगवान विष्णु ने किसी न किसी रूप में पहुंचकर उनकी रक्षा की है। श्री हरि ने देवताओं और भक्तों के कल्याण के लिए वामन, मत्यस्य, कच्छप और नरसिंह सहित अन्य कई रूप धारण किए हैं।

कथा व्यास ने कहा कि ग्रंथों में ऐसे ही एक और स्वरूप की कथा मिलती है, जिसका उद्देश्य हयग्रीव नामक दैत्य से देवताओं को मुक्ति दिलाना था। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् देवी भागवत कथा के अनुसार एक बार भगवान विष्णु वैकुंठ धाम में एक धनुष की डोरी के सहारे काफी गहरी नींद में सो गए थे। उसी समय स्वर्ग लोक में हयग्रीव नामक दैत्य ने अपनी सेना सहित खूब आंतक मचा रखा था। देवताओं के उससे लड़ने के सभी प्रयास विफल साबित हो रहे थे। तभी सब अपनी समस्याएं लेकर ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी ने सभी देवताओं को श्री हरि विष्णु के पास जाने को कहा। इसपर सभी वैकुंठ लोक पहुंचे, वहां देखा कि नारायण तो गहरी निद्रा में लीन हैं। सभी परेशान होकर फिर से ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। उनसे बताया कि श्री हरि तो निद्रा में लीन हैं, तब ब्रह्मा जी ने विष्णु को जगाने के लिए वम्री नामक कीड़े जो दीमक के नाम से प्रसिद्ध हैं। उसको भेजा। कथा व्यास ने कहा कि उस कीड़े ने जाकर धनुष की डोर को काट दिया, जिसके सहारे नारायण सो रहे थे। कीड़े की डोर को काटते ही उसी डोर से भगवान विष्णु का शीश कट गया। भगवान विष्णु का शीश कटते ही समस्त ब्रह्मांड में अंधेरा छा गया। देवता परेशान हो गए कि यह क्या हो गया? अब क्या होगा? तभी ब्रह्मा जी ने सभी देवताओं को देवी भगवती की स्तुति करने के लिए कहा। कथा व्यास ने कहा कि आराधना से मां भगवती प्रसन्न हुई और देवताओं को दर्शन देकर बताया कि यह सब कुछ दैत्य हयग्रीव के वध निमित्त हुआ है। उन्होंने बताया कि अश्वमुखी हयग्रीव ने तपस्या कर यह वरदान प्राप्त किया है कि उसे कोई अश्वमुखी मनुष्य ही मार सकता है। इसलिए श्री हरि विष्णु को यह रूप लेना ही था।



श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते श्रद्धालु।

इसके बाद नारायण को घोड़े का सिर लगाया गाया और उन्होंने दैत्य हयग्रीव का संहार किया। इसके बाद देवताओं को स्वर्ग लोक प्राप्त हो गया। कथा व्यास ने कहा कि कथा सुनने का एक महत्व है। कथा श्रवण करते समय मन को एकाग्र रखकर कर भगवान के चरणों का ध्यान करते हुए कथा श्रवण करनी चाहिए, ताकि कथा का सार हमारे मन में आकर हमें प्रभु के साकार दर्शन हो सकें। प्रभु सिमरन ही मनुष्य को भव सागर पार करवा सकता है और प्रभु सिमरन से मनुष्य सफलता की मंजिल को प्राप्त करता है। कथा विराम के बाद सभी श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया और भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

बंगाणा हिमुडा कॉलौनी में प्रथम बार हो रही श्रीमद् देवी भागवत कथा को सुनने के लिए श्रोतागणों की भीड़ देखी जा रही है। हालांकि इससे पहले श्रीमद् भागवत कथा श्री राम कथा होती आई है, लेकिन इस बार आयोजकों द्वारा श्री मद देवी भागवत कथा सुनाने के लिए कथा व्यास आचार्य से निवेदन किया है। इस मौके पर दीवा साड़ी ऐप के फाउंडर एवं सीईओ देश के प्रथम युवा व्यवसाई अंकुश वर्जाता, हंसराज वर्जाता, ज्योति वर्जाता, विनोद कुमार सेंटी, आरबी राणा, माया देवी मदन गोपाल बोहरा, राजन सोनी, बिंदू सोनी, अजमेर सिंह कुटलैहडिया आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## ऊना में खोला जाए अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड का कार्यालय : हरपाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अनुसूचित जाति आयोग की तर्ज पर ऊना में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड का कार्यालय भी खोला जाए ताकि अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोगों को इस का लाभ मिल सके। यह मांग गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला ने प्रदेश सरकार से की है।



उन्होंने ऊना जिला मुख्यालय पर अनुसूचित जाती आयोग का कार्यालय खुलने का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यह एक अच्छा कदम है। कार्यालय खुलने से लोगों को इसका काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में प्रदेश में सब से अधिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोग रहते हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी बहुत सी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ लेने के लिए लोगों को शिमला के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिसमें धन और समय की बर्बादी होती है। बहुत से लोग समय और धन की कमी से लाभ लेने से बंचित भी रह जाते हैं।

ऊना में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड का कार्यालय खुलने से लोगों को आपने कार्य करवाने में आसानी होगी और उनको सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा, इसलिए प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के हितों का ध्यान रखते हुए ऊना में जल्द से जल्द अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड का कार्यालय स्थापित करे।

### उपचार के बाद वारिस के पास पहुंचाया घायल गोवंश

**अनंत ज्ञान, घनारी।** क्षेत्र के युवाओं के एक क्लब ने घायल गोवंश का उपचार करके उसके असली वारिस के पास पहुंचाया। गगरेट क्षेत्र में कई परिवार ऐसे भी हैं, जिनके घर में गाय है व उसपर बकायदा विभाग का टैग लगा है, फिर भी उन्होंने गोधन को खुला छोड़ रखा है। बता दें शुक्रवार देर रात संघनेई दियोली के पास रात्रि एक गर्भवती गाय दुर्घटना का शिकार हुई जिसे शहीद भगतसिंह क्लब गगरेट की टीम ने उपचार सहायता दी। वहीं गाय पर लगे टैग से उसके मालिक को सूचित किया, लेकिन मालिक जोकि काला पंगा से था, उसने कहा कि यह गाय उसने बेच दी है। जब क्लब सदस्यों ने जांच की तो उसकी बात झूठी निकली। क्लब सदस्यों को गाय न रखने की बात कहने वाले गाय के मालिक को जब पुलिस में शिकायत करने की बात क्लब ने कही तो उसके मालिक ने गाय को रखनी की बात मान ली।

# लाहौल में आवारा कुत्तों का आतंक तीन साल की मासूम की ली जान

अनंत ज्ञान, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में पहली बार आवारा कुत्तों के आतंक का एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार घाटी के सुमनम गांव में छह-सात आवारा कुत्तों के झुंड ने लोअर सुमनम गांव में नेपाली मूल के दंपती के 3 साल के मासूम बच्चे को नोंच-नोंच कर मौत के घाट उतार दिया। हालांकि बच्चे की मां ने कुत्तों के झुंड से अपने जिगर के टुकड़े को छुड़वाने की पूरी कोशिश की, लेकिन तब तक कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह से जख्मी कर दिया था।

तांदी पंचायत के प्रधान विरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक मासूम कुंजन की मां कमला और पिता काली बहादुर सीमा सड़क संगठन (94 आरसीसी) में मजदूरी करते हैं। वे अक्तूबर से लोअर सुमनम गांव में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुंजन जब दो अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इस बीच, छह-सात आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की मां थोड़ी दूर लकड़ियां इकट्ठा कर रही थी, जैसे ही उसने देखा कि कुत्तों का झुंड बच्चे पर टूट पड़ा है वह भाग कर आई और बच्चे की जान बचाने के लिए वह कुत्तों से भिड़ गई। बड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को छुड़वाया, लेकिन तब तक बच्चे की हालात नाजुक हो चुकी थी। उन्होंने घायल बच्चे को गांव के दो अन्य लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल केलांग पहुंचाया, लेकिन यहां उसने दम तोड़ दिया। उधर, पुलिस उपअधीक्षक राज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। लाहौल घाटी में आए दिन आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इलाके के स्थानीय लोगों पर भी कई बार आवारा कुत्तों द्वारा हमला हो चुका है। (अनंत ज्ञान)



## बाहर से कुत्ते लाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**उधर,** इस घटना के बाद पंचायत केलांग ने निर्देश जारी किए हैं कि केलांग में सर्दी के मौसम के दौरान बाहर से कुत्ते लाए जा रहे हैं, जो गलत और अस्वीकार हैं। सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को बाहर से कुत्ते लाते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इस नियम का पालन करें और सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं।

## स्टेरलाइजेशन कैंप लगाने के दिए निर्देश

**कुत्तों** के हमले से एक मासूम की जान जाना बेहद दिल दहला देने वाली घटना है, जिसकी भरपाई करना असंभव है। आपदा प्रबंधन की ओर से परिवार को 4 लाख रुपए की मुआवजा राशि जल्द देने के लिए प्रशासन को निर्देशित कर दिया है। स्थानीय तांदी पंचायत प्रधान एवं गांव वालों ने भी परिवार की हर संभव मदद की। इसके अलावा आने वाले समय में ऐसी घटनाएं न हो इसके लिए पशुपालन विभाग को स्थानीय पंचायत की मदद से स्टेरलाइजेशन कैंप आदि लगाने के निर्देश दिए हैं।

**अनुराधा राणा विधायक, लाहौल-स्पीति**

## जिगर के टुकड़े के लिए कुत्तों से भिड़ गई मां

**लाहौल-स्पीति** में तीन साल के बच्चे पर छह-सात लावारिस कुत्ते टूट पड़े तो मां भी जिगर के टुकड़े की जान बचाने के लिए उनसे भिड़ गई, लेकिन भूखे कुत्तों के आगे मां की ममता हार गई। जब तक मां ने बच्चे को कुत्तों से छुड़ाया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। आवारा कुत्तों के हमले में बच्चे की आंतें भी पेट से बाहर निकल गई थीं। सिर और पैर भी बुरी तरह से नोच लिए थे। आंखों के सामने सारा मंजर देखा, लेकिन लाडले की जान नहीं बचा पाई। इस घटना में अपने मासूम बच्चे को खो चुकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। लाहौल घाटी के लोअर सुमनम गांव में हुई इस घटना से हर किसी की आंख नम है। इस घटना के बाद लाहौल-स्पीति जिले के लोग खौफजदा हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## प्रदेश पूर्व सैनिक लीग कल मनाएगी विजय दिवस

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति विजय दिवस मनाएगी। जिला मुख्यालय ढालपुर में स्थित कंटीन भवन में 16 दिसंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। लीग के चेयरमैन टीएस ठाकुर ने कहा कि विजय दिवस हर पूर्व और वर्तमान सैनिक के लिए हर्ष और गौरव का पल है। इस साल भी पूर्व की भांति सैनिक इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे और कारगिल युद्ध की यादों को साझा करेंगे। उन्होंने लीग के सभी पूर्व सैनिकों से विजय दिवस के इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## डॉ. खेम गणतंत्र दिवस में कंटिजेंट इंचार्ज के रूप में देंगे सेवाएं

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेम चंद ठाकुर दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ क्षेत्रीय निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। निदेशालय के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश, पंजाब व चंडीगढ़ आते हैं। डॉ. खेम चंद ठाकुर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस में कंटिजेंट इंचार्ज के तौर पर अपनी सेवाएं देंगे। इनका चयन भारत सरकार युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना कुल्लू ईकाई परिवार ने डॉ. खेम चंद ठाकुर को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। इसी के साथ कुल्लू ईकाई की स्वयंसेवी बेबी शर्मा राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित हुई हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना कुल्लू ईकाई के सभी सदस्यों ने बेबी शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं सभी सदस्यों ने कहा कि यह उपलब्धि हर युवा को प्रेरित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी सपना असंभव नहीं है। राष्ट्रीय सेवा योजना कुल्लू ईकाई ने डॉ. खेम चंद ठाकुर व स्वयंसेवक बेबी शर्मा को बधाई देने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विधायक ने किया तटीकरण कार्य का निरीक्षण

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में प्राकृतिक आपदा के तहत जाहलमा नाले के चल रहे तटीकरण के कार्य ने गति पकड़ ली है। हालिंग गांव से नीचे चंद्रभागा नदी के किनारे तटीकरण का कार्य चल रहा है। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मौके पर जाकर कार्य का निरीक्षण किया। गत 22 अक्तूबर को तटीकरण का यह कार्य शुरू हुआ था। जुलाई और अगस्त में जाहलमा नाले की भारी बाढ़ में आई गाद चिनाब के बहाव में अवरोधक बन गई थी। इसके कारण जोबरंग गांव के नीचे अभी भी झील जैसे हालात बने हुए हैं। हालांकि बाढ़ के कारण चंद्रभागा नदी उफान पर रहने से हालिंग, जसरथ और ताड़ंग गांव की जमीन भी जद में आई और फूड़ा के कुछ किसानों की जमीन और क्षेत्र की सिंचाई कूहलें भी तहस-नहस हुई थी। विधायक ने जाहलमा में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विकास के कार्यों को गति देने की बात कही। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि जाहलमा, हालिंग, जसरथ में चल रहे तटीकरण का जनता, जनप्रतिनिधियों और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। जिले में विकास के कार्यों को गति दी गई है और जिले का एक समान विकास किया जा रहा है।

## उपभोक्ता शिकायत के 10359 मामले निपटाए

**कुल्लू।** जिला एवं सत्र न्यायालय कुल्लू में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुल्लू प्रकाश चंद राणा ने की। इसमें लोगों के 10359 मामलों का निपटारा किया गया। सुबह 10 बजे से पहले ही लोग लोक अदालत के लिए पहुंचने शुरू हो गए थे। लोक अदालत में मोटर व्हीकल चालान, उपभोक्ता शिकायत के मामलों का निपटारा किया गया। प्री-लिटिगेशन और पोस्ट-लिटिगेशन के तहत दो वर्गों में मामले रखे गए थे। इसमें बिजली, पानी के बिल, वाहन के चालान सहित अन्य मामलों को रखा था। मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया गया। विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से लगाई लोक अदालतों में करीब 13975 मामले सुनवाई के लिए रखे गए थे। इनमें 10359 मामलों का निपटारा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से हुआ। प्री-लिटिगेशन के 1556 मामलों में से 156 का निपटारा किया। इसमें 38,00,931 रुपए की राशि का सक्षम वादियों को उचित मुआवजा भी दिया गया। पोस्ट-लिटिगेशन के 12419 मामलों में से 10203 का निपटारा हुआ। इस दौरान 131,418,578 रुपए का मुआवजा सक्षम वादियों को दिया गया।

## देवता कैला वीर के सम्मान में मनाया पुनू मेला

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की लगघाटी के तहत आने वाले बढ़ेई-रा-ग्रां में देवता कैला वीर के सम्मान में मंगर पुनू मेला मनाया गया। मेले में देवता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। दो दिन तक गांव में मेले का देव परंपरा के अनुसार निर्वहन किया गया। वहीं, मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किसान विकास समिति ने किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष रोशन लाल ने किया।

इसके उपरांत स्कूली छात्राओं ने वंदे मातरम की प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। वहीं, छात्रा ध्रुव रतना, सोनिया, नीरजा, अंजना, सपना, अक्षरा, रेशमा, भावना, चांदनी, अंजलि, दीक्षा, तनवी, मंजू ने लोकनृत्य और लालड़ी की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। गुनगुन ने फिल्मी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। राकेश ने अपनी शायरी से दर्शकों को खूब हंसाया। ध्रुव रतना और दोस्तों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नाटक के माध्यम से पौधे रोपने का संदेश दिया। समिति के अध्यक्ष रोशन लाल ने कहा कि हर साल दिसंबर माह में मंगर पुनू मेला मनाया जाता है। इस मेले में देव परंपराओं का निर्वहन किया जाता है।

# पर्यटन स्थलों में सप्ताहांत बढ़ी पर्यटकों की संख्या

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

पर्यटन नगरी मनाली व लाहौल घाटी में सप्ताहांत पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। दो दिन अवकाश के कारण पर्यटन स्थलों में भीड़ बढ़ी है। मनाली में होटलों में आक्यूपेंसी बढ़ी है, जो कि 50 से बढ़कर 65 प्रतिशत पहुंच गई है। पर्यटक मनाली में कहीं डीजे तो कहीं कुल्लवी नाटी का लोग आनंद ले रहे हैं। मनाली में यातायात जाम की समस्या भी बढ़ने लगी है। कोकसर, अंजनी महादेव, सिस्सू व अटल टनल में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ी है।

कोकसर के पर्यटन कारोबारी दोरजे, पलजोर व तेंजिन ने बताया कि शनिवार को डेढ़ हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं। कोकसर सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा। पर्यटकों ने शनिवार को दिन भर खिली धूप के बीच बर्फ की खेलों का आनंद लिया। दूसरी ओर अंजनी महादेव के सोलंग नाला सहित धुंधी में भी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। फोटोग्राफर यूनियन के अध्यक्ष दुर्गा दत्त ने बताया कि सप्ताहांत में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पर्यटक फोटोग्राफी कर अपने लम्हों को मोबाइल में कैद कर रहे हैं। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा ने बताया कि पर्यटन स्थलों में धुप खिली रही। पर्यटकों ने दिन भर घूमने का आनंद लिया। डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि जगह-जगह जवान तैनात हैं। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि अपने वाहन सड़क किनारे खड़े न करें। वाहनों को पार्किंग में ही पार्क करें, ताकि ट्रैफिक सुचारु रखी जा सके।



## मनाली पहुंचीं बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया

**मनाली।** बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया छुट्टियां बिताने के लिए मनाली पहुंची हैं। शनिवार को वह शॉपिंग करने के लिए माल रोड पहुंचीं। उन्होंने एक दुकान से ड्राई फ्रूट्स के अलावा उन्होंने कुछ कपड़े भी खरीदे। प्रशंसकों ने उन्हें खरीददारी करते देखा, तो उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड़ मच गई। डिंपल ने भी प्रशंसकों के साथ खूब फोटो लिए। मशहूर अभिनेत्री इन दिनों छुटियां बिताने मनाली पहुंची हैं। वह यहां से 20 किलोमीटर दूर नग्गर में एक निजी कॉटेज में ठहरी हैं।

## नेशनल एक्सिलेंस मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड 11 को

**मनाली।** राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन द्वारा नेशनल एक्सिलेंस मेकअप आर्टिस्ट-इंटरटेनमेंट अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी को टांडा मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में करवाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष सुषमा ठाकुर ने बताया कि बेटियां फाउंडेशन एक नेशनल एनजीओ है, जो महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। इस बार बेटियां फाउंडेशन ने उनके लिए एक बॉलीवुड स्टार के साथ एक नया मंच उपस्थित किया है। इस अवॉर्ड समारोह के मुख्य आकर्षण बॉलीवुड एक्ट्रस दीपशिखा नागपाल, साउथ स्टार, मॉडल, मेकअप आर्टिस्ट, दिव्यांग चाइल्ड आर्टिस्ट, समाजसेवी और बेटियां फाउंडेशन के तमाम पदाधिकारी होंगे।

# 19 एथलीट राज्य स्तर प्रतियोगिता में मनवाएंगे प्रतिभा का लोहा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



कुल्लू के 19 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। इंदिरा स्टेडियम ऊना में राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता खेली जाएगी। 15 दिसंबर से शुरू होने वाली पुरुष एवं महिला वर्ग की प्रतियोगिता में कुल्लू के 19 एथलीट दमखम दिखाएंगे।

जिला मुख्यालय ढालपुर से शनिवार को प्रबंधक युवराज वर्मा और कोच विजय ठाकुर की अगुवाई में एथलीटों का दल ऊना के लिए रवाना हुआ। इसमें अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 और ओपन वर्ग में प्रतियोगिताएं होंगी। एथलेटिक्स संघ कुल्लू के महासचिव युवराज वर्मा ने कहा कि आठ दिसंबर को खेल मैदान ढालपुर में जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया था। इसमें जिले भर के एथलीटों ने दमखम दिखाया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले 19 पुरुष-महिला खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। 21 सदस्यों का दल शनिवार को ऊना के लिए रवाना हुआ। इनमें सीमा देवी, कांता देवी, मंजुला ठाकुर, मीना देवी, सीता देवी, खोए सिंह आदि शामिल हैं।

# हरिपुर के 150 किसानों की 300 बीघा भूमि हो रही बंजर

जितेंद्र गुप्ता, आनी

- संघ ने जलशक्ति विभाग पर लगाया मरम्मत पर पैसा पानी की तरह बहाने का आरोप
- 3 सालों से हरिपुर तक नहीं पहुंच रहा निगान-हरिपुर कूहल का पानी

जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के अंतर्गत आनी के रवाह से हरिपुर तक कृषि योग्य भूमि की सिंचाई के लिए बनी वर्षों पुरानी निगान-हरिपुर सिंचाई कूहल का हरिपुर के किसानों को पिछले करीब 3 वर्षों से लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि जलशक्ति विभाग का कहना है कि हमने कूहल की मरम्मत कर पानी चला दिया है, लेकिन इस सिंचाई जल के सही डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा किसान विकास संघ का है, जो वे सही ढंग से नहीं कर रहे हैं। वहीं, इस कूहल के उत्थान के लिए बने किसान विकास संघ के प्रधान धनी राम ठाकुर ने जलशक्ति विभाग पर सिंचाई कूहल पर ठेकेदारों को लाभ देने के लिए पैसा पानी की तरह बहाने का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि गत वर्ष मंत्री के दौरे से पहले ठेकेदार से कूहल की मरम्मत करवाकर, पानी चलाया गया और उसके फोटो खिंचे गए और मंत्री के जाने के बाद पानी कूहल से गायब हो गया।

उनका कहना है कि आरटीआई के अनुसार वर्ष 2007-8 से वर्ष 2011-12 तक ही कूहल की मुरम्मत पर करीब 19 लाख खर्च किया गया है। उनका आरोप है कि जिस सिंचाई कूहल की मरम्मत पर पैसा पानी की तरह बहाया जाता है, उसमें पानी का बहना मानो भूतकाल की बात लगता है। फलस्वरूप करीब 150 किसानों की 300 बीघा भूमि एक बार फिर बंजर होने की कगार पर है। फसलें उग नहीं पा रही हैं, जो बोई गई हैं, वे बिना पानी के नष्ट होने की कगार पर हैं। इतना ही नहीं उनका कहना है कि हाल ही में किसानों ने जलशक्ति विभाग से पाइपें लाकर निगान तक खुद पानी चालू किया है, जिस कारण कृषक विकास संघ में जलशक्ति विभाग के प्रति रोष पनप गया है। संघ के प्रधान धनी राम ठाकुर का कहना है कि इस सिंचाई कूहल के रिसाव को रोकने की मरम्मत का काम जलशक्ति विभाग द्वारा साल भर करवाया जाता है, जिस पर लाखों रुपए हर साल खर्च हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो।

"हमने कूहल की मरम्मत करवाकर पानी हरिपुर तक पहुंचा दिया है, इसकी बाराबंदी करने का जिम्मा किसान विकास संघ का है, जिसका हमें अतापता नहीं। उन्हें चाहिए कि वे समस्या को लेकर हम तक आएं, ताकि हम मिलकर समाधान कर सकें।

**इं. किशोर कुमार, अधिशाषी अभियंता, जलशक्ति मंडल, आनी।**

"हमने बीते 20 वर्षों में कई बार पत्राचार किया, सत्याग्रह किया, लेकिन जलशक्ति विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी और हरिपुर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके लिए हम जल्द कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

**धनी राम, अध्यक्ष, किसान विकास संघ, निगान-हरिपुर सिंचाई कूहल।**

## 2016 की तरह जल के लिए करेंगे सत्याग्रह

**धनी** राम ठाकुर ने कहा कि इस कूहल की बदहाली के कारण हरिपुर के प्रभावित किसानों ने वर्ष-2016 में सत्याग्रह की राह पकड़ी थी, जिसके बाद जिला प्रशासन और जिलाधिकारी ने एक 6 सूत्रीय बिंदु तय किए थे, जिनमें जलशक्ति विभाग द्वारा किसान विकास संघ के साथ पूरी कूहल का सर्वे कर इसकी मरम्मत का आकलन कर प्राकलन तैयार करना, साल में दो बार जलशक्ति विभाग और किसान विकास संघ की बैठक करना और कूहल की मरम्मत किसान विकास संघ के परामर्श से करना मुख्य थे, लेकिन संघ के अध्यक्ष धनी राम ठाकुर का कहना है कि ये 6 बिंदु उस दिन कागजों में दर्ज हुए और जलशक्ति विभाग द्वारा आज तक इन पर कोई अमल नहीं किया गया। नतीजतन कूहल की मरम्मत पर हर साल औसतन 4 से 5 लाख खर्च हो रहा है, मगर हरिपुर के किसानों को कूहल का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# देव श्रीबड़ा छमाहूं के दर्शन को उमड़ी भीड़

## 30 हजार श्रद्धालु, 65 देउल पहुंचे दलियाड़ मंदिर, नए देवरथ से लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान, बंजार

सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं के दर्शन के लिए रविवार को जिला कुल्लू की सराज घाटी के दलयाड़ा मंदिर में भारी जनसैलाब उमड़ा। यहां नए देवरथ के दर्शन के लिए 30 हजार से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचे। वहीं, कुल्लू व मंडी के 65 देउलू अपने क्षेत्र के देवताओं की भेंट लेकर यहां पहुंचे।

12, 13 व 14 दिसंबर को यहां भारी भीड़ रही और श्रद्धालुओं ने यहां पहुंच कर नवनिर्मित देव रथ सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं से आशीर्वाद लेकर पुण्य कमाया। शनिवार को देवश्री बड़ा छमाहू तीन भाई व बहन महाशक्ति माता तोतला के अलावा पराशर ऋषि संग दलियाड़ा मंदिर से सोने के जमाणे में सवार होकर अपनी हरयान के लिए लाव-लश्कर के साथ रवाना हुए। देवता के पुजारी धनेश गौतम, कारदार मोहन सिंह, देव कमेटी के सचिव शेर सिंह मास्टर ने बताया कि बीते तीन दिनों में देवश्री बड़ा छमाहू के मूल स्थान दलियाड़ा मंदिर में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। वहीं, कुल्लू व मंडी के प्रमुख देवी-देवताओं में बालुनाग, श्रृंगा ऋषि, चुंजवाला, मार्कंडेय सुनारू, देवता भूहणी भुराह, श्यामा काली दलासनी, मार्कंडेय बलागाड़, पुलगा व शरण छमाहूं कमेटी, जमलू पुलगा, लक्ष्मी नारायण थणी चेंड आदि के प्रतिनिधियों ने देव रूप में शामिल होकर देवश्री बड़ा छमाहू को भेंट अर्पित की और देवश्री बड़ा छमाहू ने 65 देउल के देऊलूओं की भेंट स्वीकार कर उन्हें आशीर्वाद दिया। नवनिर्मित देवरथ सृष्टि के रचयिता देवश्री बड़ा छमाहू शनिवार को लाव-लश्कर के साथ अपने मूल स्थान दलियाड़ से अपने क्षेत्र के लिए रवाना हो गए हैं। देवश्री बड़ा छंमाहू सबसे पहले फगवाना गांव में पहुंचे, जहां देवता का भव्य स्वागत हुआ। चार छमाहूं, महाशक्ति तोतला माता व पराशर ऋषि इस दौरान मौजूद रहे। वहीं, रविवार को धाराखरी, सोमवार 16 दिसंबर को धामण, मंगलवार को लारजी आदि जगह देवश्री बडा छंमाहू अपने भव्य मंदिर कोटला पहुंचेंगे। इस दौरान जगह-जगह देवश्री बड़ा छंमाहू के आगमन पर ग्रामीण जहां जोरदार स्वागत करेंगे। वहीं, घर-घर में जग का भी आयोजन होगा।



**आयोजन** डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं में वार्षिकोत्सव समारोह का किया आयोजन

# सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

मोहन कपूर, पतलीकूहल

डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं में शनिवार को वार्षिकोत्सव 'अभिव्यक्ति' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्यातिथि मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने शिरकत की। विशिष्टातिथि एआरओ हिमाचल प्रदेश केएस गुलेरिया रहे।

डीएवी कटराईं के प्रबंधक आरएस राणा तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों में स्कूल के वाइस चेयरमैन नरेश कटोच, एलएमसी मेंबर मोहिंद्र कटोच, डॉ. संदीप, राकेश राणा, विभिन्न डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल, पीटीए प्रेसिडेंट नतीश उपाध्याय, पूर्व पीटीए प्रेसिडेंट पूजा, मेंहदी रत्ता रिटायर्ड एसडीओ पीडब्लू डिपार्टमेंट, विकास बहल गवर्नमेंट कांट्रेक्टर, डॉ. सिद्धार्थ, खराहल स्कूल के प्रधानाचार्य ललित, यंग सोशल एक्टिविस्ट मानवी शर्मा भी इसमें शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया और डीएवी गान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हें छात्रों ने ऋषि दयानंद सरस्वती की महिमा का गुणगान करते हुए उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त फ्रीज डांस, इंग्लिश डांस, सोशल मीडिया पर प्ले, रेट्रो डांस, योग प्रदर्शन, कराटे, बटरफ्लाई डांस, इंग्लिश सांग विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, देशभक्ति नृत्य, भांगड़ा और विद्यार्थियों द्वारा बेटियों पर आधारित सुंदर नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसमें बेटियों के महत्व और उनकी भूमिका को दर्शाया गया, जो कि इस उत्सव के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसके पश्चात प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा ने समारोह में आए अतिथियों तथा अभिभावकों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उनका धन्यवाद किया।

उन्होंने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और छात्राओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों को साझा किया। तत्पश्चात मुख्यातिथि ने सभी मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा साथ ही इस वर्ष की न्यूजलेटर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए और साथ ही साथ सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय प्रधानाचार्या और शिक्षकों को भी इस अद्भुत आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या ने इस वार्षिक समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया और छात्रों की शानदार प्रस्तुति के लिए उनकी सराहना भी की। मुख्यातिथि भुवनेश्वर गौड़ ने छात्रों को पुरस्कार से नवाजा। इतना ही नहीं, डीएवी कटराईं में वार्षिकोत्सव में छात्रों की प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मुख्यातिथि ने उन्हें अगले माह मनाली में आयोजित होने वाले विंटर कार्निवाल में शिरकत करने का निमंत्रण दिया।





डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि के साथ बच्चे व स्कूल प्रबंधन के सदस्य।

# ओंकार शर्मा को पेंशनभोगी संघ भुंतर खंड की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की भुंतर खंड इकाई के चुनाव प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता और जिलाध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर की देखरेख में बाल गोपाल भवन शमशी में करवाए गए, जिसमें सर्वसम्मति से ओंकार शर्मा को भुंतर खंड का अध्यक्ष बनाया गया।

इसके अलावस खुशाल चंद नेगी को महासचिव, जीवन लता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तम चंद को उपाध्यक्ष, प्रेम लता को उपाध्यक्ष (महिला विंग), हेमराज शर्मा को संयुक्त सचिव नरेश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, निर्मला देवी को संगठन सचिव, रेणुका शर्मा प्रेस सचिव, राधा देवी को मुख्य सलाहकार, अनिला कुमार, रमा ठाकुर को सलाहकार चुना गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एलआर ने पेंशनभोगी संघ भुंतर खंड की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। नवनिर्वाचित भुंतर खंड अध्यक्ष ओंकार शर्मा और महासचिव खुशाल चंद नेगी ने कहा कि वह सबको साथ लेकर पेंशन भोगियों की समस्याओं का समाधान करने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार से पेंशनर्स की लंबित वित्तीय देनदारियों का जल्द भुगतान करने की अपील की।



प्रदेश पेंशनभोगी संघ की भुंतर खंड इकाई के चुनाव के बाद नवनियुक्त कार्यकारिणी।



## न्यूज ब्रीफ

### महिला का बैग चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोलन।** अनिल शर्मा निवासी तह व जिला सोलन ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी गंज बाजार सोलन में डेली नीडस की दुकान है। 10 दिसंबर को यह अपने निजी कार्य से नेर चौक मंडी गए हुए था तथा दुकान को इसकी माताजी ने खोला था, जब शाम के समय इनकी माता जी ने दुकान बंद करने के लिए अपना बैग साथ खड़ी एक स्कूटी पर रखा, जिसमें 5000 रुपए कैश व एक कान की सोने की बाली व एक की-पैड वाला मोबाइल व कुछ दवाइयां रखी थी, जैसे ही इनकी माताजी दुकान बंद करने के लिए मुड़ी तो उसी समय किसी नामालूम व्यक्ति ने इनकी माता के बैग को चुरा लिया। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 20,000 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में चोरी की धारा 303(2) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले की जांच के दौरान सूचना मिलने ही पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चैक किया गया, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उक्त मामले में दो आरोपियों सत्यम सिंह पुत्र करण सिंह निवासी बावडी मोहल्ला लोअर बाजार सोलन व हर्ष चंद्न पुत्र रवि चंद्न बावडी मोहल्ला लोअर बाजार सोलन उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में जांच जारी है।

### आबकारी विभाग का केंद्रीय जोन परवाणू ही रहे

**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन को लेकर हर कदम उठा रहे हैं, लेकिन आबकारी विभाग के उच्च अधिकारी ऐसे फैसले ले रहे हैं, जिससे इंडस्ट्री का कामकाज आसान होने बजाए प्रभावित हो रहा है। इंडस्ट्री एरिया बीबीएन को एंव आबकारी विभाग के केंद्रीय जोन ऊना से जोड़ने पर लगातार विरोध किया जा रहा है। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन पहले भी इस बारे में आबकारी विभाग के सचिव को पत्र लिख चुकी है, लेकिन अभी तक इंडस्ट्री को कोई राहत नहीं मिली है। इंडस्ट्री एसोसिएशन ने सीएम से गुहार लगाते हुए आबकारी विभाग के केंद्रीय जोन को परवाणू में ही रखने की मांग उठाई है। इस बारे में सीएम को हस्तक्षेप करने की जरूरत है, ताकि इंडस्ट्री के कामकाज विभागों के दूरदराज होने के चलते प्रभावित न हो। बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष अशोक राणा ने कहा कि विभाग ने कुछ समय पहले नई अधिसूचना जारी कर बीबीएन क्षेत्र को केंद्रीय जोन ऊना में शिफ्ट कर दिया है, जबकि पहले यह दक्षिण परवाणू के तहत आता था। इस परिवर्तन के कारण बीबीएन के उद्योगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीबीएन के अधिकांश उद्योगपति चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली में रहते हैं, जिनके प्रशासनिक कार्यालय और विनिर्माण सुविधाएं बीबीएन में हैं। उद्योग से संबंधित विभिन्न विभाग, उच्च न्यायालय और हिमाचल प्रदेश सचिवालय में कामों के चलते अकसर शिमला जाते रहते हैं और इसी रास्ते में परवाणू क्षेत्र भी आता है, लेकिन अब केंद्रीय जोन को ऊना कर दिया गया है, जो कि चंडीगढ़ से 90 किलोमीटर और बीबीएन से उल्टी दिशा में 75 किलोमीटर है।

### आईटीआई अर्की में कैंपस इंटरव्यू कल

**अर्की।** राजकीय औद्योगिक संस्थान अर्की के कैंपस में शिवालिक बायो मैटेलिक कंपनी चंबाघाट सोलन द्वारा प्रशिक्षुओं के लिए 16 दिसंबर को विभिन्न ट्रेड के चयन के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। अजय ठाकुर प्रधानाचार्य, ट्रेनी एवं प्लेसमेंट अधिकारी आईटीआई अर्की ने बताया कि कंपनी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट ट्रेड के प्रदेश के किसी भी आईटीआई से पासआउट ट्रेनी पुरुष व महिला अपने संपूर्ण दस्तावेज के साथ इस चयन प्रकिया के लिए साक्षात्कार में आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा 12,500 रुपए मानदेय दिया जाएगा।

### बाइक की टक्कर से बैल की मौत, चालक घायल

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट थाना क्षेत्र में एक बाइक और बैल की टक्कर हो गई। इस हादसे में बैल की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार अनुज देशवाल और एक लड़की घायल हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हादसा एनएच 205-चमाकड़ी में शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुआ, जब एक बाइक बिलासपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही थी। इसी दौरान एक बैल सड़क के किनारे से गुजर रहा था, जिसे बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बैल की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार अनुज देशवाल पुत्र जशमीर देशवाल निवासी गांव खेड़ी जसौर, डाकघर बहादुरगढ़ (हरियाणा) और एक लड़की घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के संबंध में हेमंत कुमार पुत्र सुंदर लाल निवासी गांव चमाकड़ी ने पुलिस से कहा कि वह अपने घर के आगन में बैठे हुए थे, जब यह हादसा हुआ। पुलिस ने इस मामले में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने पर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। एसडीपीओ दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है।

### यूरो वर्ल्ड नेक्स जनरेशन में मेधावी नवाजे



**दाड़लाघाट।** यूरो वर्ल्ड नेक्स जनरेशन स्कूल दाड़लाघाट में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मनाया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य रचना ढालीवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में पूर्व कृषि विशेषज्ञ कृषि विभाग डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्कूल के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रों को उनकी शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। मुख्यातिथि डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करना आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का मार्ग मेहनत और अनुशासन से होकर जाता है। प्रधानाचार्या ने विद्यालय के वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वापस लेने की मांग

**सोलन।** एसएफआई सोलन इकाई का 22वां जिला सम्मेलन हुआ। सम्मेलन ने जनवादी तरीके से रोहित शर्मा को जिला अध्यक्ष व रोहित वरधान को जिला सचिव के तौर पर चुना। सम्मेलन ने रोहित शर्मा, रोहित वर्धान, राघव, शिवानी, विकास बिरसांटा, साहिल जिंटा, धंराज, निशांत नेगी, आंचल, सचिन, संगीता, सानिया, विजय, बंधना, हितेश अत्री, आर्यन तथा 7 सदस्य सचिवालय का चुनाव किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन भूतपूर्व जिला सचिव मोहित ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिस तरीके से देश और प्रदेश में समावेशी व समतामूलक शिक्षा व्यवस्था पर हमले किए जा रहे हैं, यह हमारी लोकतांत्रिक शिक्षा प्रणाली पर सबसे बड़ी चुनौती है। केंद्र की मोदी सरकार ने 2020 में आपदा को अवसर के रूप में लेते हुए नई शिक्षा नीति-2020 को संसद में बिना चर्चा के छात्रों पर थोपने का काम किया। परिणाम स्वरूप शिक्षा को एक वस्तु की तरह बेचने का काम किया जा रहा है। देश और प्रदेश में जिन कॉलेजों व विद्यालयों में 3000 से कम विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनको जबरन बंद किया जा रहा है। वर्तमान समय में देश में लगभग 13 करोड़ बच्चे ऐसे हैं, जो शिक्षा के मूल अधिकार से वंचित हैं। देश व प्रदेश में लगातार शैक्षणिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला फर्जीवाड़े का सबसे बड़ा केंद्र उभरकर सामने आया है। 2020-21 में प्रदेश में भूतपूर्व जयराम ठाकुर की सरकार ने हिमाचल विश्वविद्यालय में 200 से अधिक फर्जी प्रोफेसर भर्ती किए, जिसका परिणाम यह है कि आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का शैक्षणिक स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यह सम्मेलन आने वाले समय में शिक्षा की बेहतरी के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। सम्मेलन के समक्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वापस लो, लिंग संवेदनशील कमेटी, छात्र संघ चुनाव बहाल करो, महिलाओं पर बढ़ते हमले, बढ़ती बेरोजगार, देश प्रदेश में बढ़ती सांप्रदायिकता व नफरत, नशे की चपेट में बढ़ता युवा आदि पर सम्मेलन के समक्ष प्रस्ताव पढ़े गए।

# सोलन में सख्ती से लागू होगा घरों से गीला व सूखा कूड़ा उठाने का नियम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन पिछले साल के मुकाबले स्वच्छता में अन्य शहर के मुकाबले पिछड़ गया। इसका एक कारण घरों से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग न लेना भी है। कहने को तो निगम ने शुरू से ही गिला और सूखा कूड़ा अलग-अलग लेने का नियम बनाया है पर इस पर कम ही अमल हो रहा है।

इससे कूड़ा उठाने का जिम्मा संभाल रही पंचकूला की सनटन कंपनी को गिला और सूखा कूड़ा पृथकीकारण में दिक्कत पेश आ रही है। लिहाजा स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ने के बाद निगम ने अब सोलन शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की मुहिम के तहत नगर निगम ने खुले में कूड़ा फेंकने, घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 में सोलन शहर को नंबर वन आने का लक्ष्य रखा है। लोगों की जागरूकता को शहर में जगह-जगह होर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे। यही कारण है कि खुले में कूड़ा फैंकने, घर से कूड़ा न देकर सड़कों और नालों में कूड़ा फेंकन वालों पर पहले से अधिक सख्ती होगी। बता दें कि निगम ने घरों से गीला व सूखा कूड़ा उठाने के लिए अलग-अलग दिन तय किए हैं पर इस पर बहुत कम अमल हो रहा है। अब इस नियम को सख्ती से लागू करने के लिए निगम घरों से अब सोमवार, बुधवार, वीरवार और शनिवार को गीला कूड़ा ही लेगी और मंगलवार और शुक्रवार को सूखा कूड़ा उठाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



सोलन माल रोड में बने फुटपाथ के आसपास फैली गंदगी।

### कई पैच ऐसे जहां हमेशा रहती है गंदगी

**वर्ष-2022** स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश भर में प्रथम स्थान पर आने वाले नगर निगम सोलन की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। शहर के सार्वजनिक शौचालय में सुधार जरूर हुआ पर शहर के कई स्थान ऐसे हैं, जहां गंदगी पसरी रहती है और कई लोग खुले में ही कचरा फेंक देते हैं इसके अलावा कचरा उठाने वाली गाड़ियां भी कई प्रतिदिन नहीं पहुंच पाती है। एक जगह पर कचरा जमा होता जाता है, लेकिन लोगों की सहायता के बिना इससे पार पाना मुमकिन नहीं है। निगम को पिछले काफी समय से इस तरह की शिकायतें मिल रही थी कि लोग खुले में कचरा फेंक देते हैं। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए अब निगम ने चालान काटने शुरू कर दिए हैं। चालान 500 रुपए से 1 हजार रुपए तक का काटा जाएगा।

### लोगों से मांगा सहयोग

**निगम** ने इस मुहिम को सफल बनाने के लिए लोगों का सहयोग मांगा है। इसके तहत यदि कोई व्यक्ति कूड़ा फेंकते नजर आए, तो उसकी वीडियो या फोटो नगर निगम को भेजी जा सकती है, जिस पर निगम कार्रवाई करेगा। स्वच्छता में सहयोग के लिए मेयर उषा शर्मा, डिप्टी मेयर मीरा आंनद सहित आयुक्त एकता कापटा ने लोगों से आह्वान किया है।

### स्वच्छता में अव्वल रहने का लक्ष्य

**केंद्रीय** शहरी विकास मंत्रालय के स्वच्छता सर्वेक्षण में वर्ष 2022 में 25 से 50 हजार की आबादी वाले नगर निगम में सोलन ने प्रदेश भर में पहला और देश भर में 31वां स्थान प्राप्त किया था पर 2023 में ओडीएफ प्लस का रैंक तो मिला पर प्रदेश की ओवरआल रैंकिंग पहले स्थान से गिरकर 12वें में आ गई। स्वच्छता में फिर से टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए निगम स्वच्छता मुहिम को तेज करेगा, जो कि शहर वासियों के सहयोग से सफल हो सकती है। नगर निगम ने घर से कूड़ा उठाने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। इससे यदि सफाई कर्मचारी छुट्टी की स्थिति में घर से कूड़ा नहीं उठता है, तो संबंधित व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर 01792- 223657 में कॉल कर सकता है। इससे सफाई कर्मचारी 1 घंटे के अंदर आपके घर पहुंच जाएगा।

**स्वच्छता** सर्वेक्षण में सोलन शहर को अव्वल रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। घरों से गीला व सूखा कूड़ा उठाने के लिए दिन सुनिश्चित किया जाएगा। कूड़ा फैलाने और घर से गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग नहीं देने पर चालान का प्रावधान किया जा रहा है।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# छात्राओं को नशे के खिलाफ लक्ष्मीबाई बनकर आना चाहिए आगे : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रेडक्रॉस स्वयंसेवकों और महिलाओं से नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं विशेषकर छात्राओं को नशे के खिलाफ लक्ष्मीबाई बनकर आगे आना चाहिए। यह बात राज्यपाल ने नालागढ़ में जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोलन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के उद्घाटन समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस एक सामाजिक अभियान है, जो पीड़ित मानवता के लिए काम कर रहा है और इसका उपयोग समाज से सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए भी किया जा सकता है। खासकर रेडक्रॉस मेलों जैसे अवसरों के दौरान। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है और आज समाज की सोच को बदलने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से रेडक्रॉस से जुड़ने का आग्रह किया, ताकि वंचितों को सहायता प्रदान करने के लिए मानवीय गतिविधियां चलाई जा सकें। कल्याणकारी गतिविधियों को गति देने के लिए संसाधन जुटाने के प्रयास किए जाने चाहिए और जिम्मेदार नागरिकों को रेडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह मेला करुणा, एकता और सेवा की भावना का प्रमाण है, जो रेडक्रॉस आंदोलन को परिभाषित करता है। रेडक्रॉस पूरे विश्व में मानवता की सेवा और सहायता का प्रतीक है और मानवता के उच्च मूल्यों को बनाए रखते हुए इसने दुनिया भर में अनगिनत गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा की है।

उन्होंने लोगों को आंदोलन से जोड़ने के लिए शिक्षित करने और संगठित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सोलन जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में नशा मुक्ति केंद्र खोले जाने चाहिए। राज्यपाल ने नशा मुक्ति के लिए जन जागरण अभियान में महिलाओं से सहयोग मांगा।

# पंचकूला और फिरोजपुर के दो युवक चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विशेष अन्वेषण ईकाई सोलन की टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए सोलन शहर के क्षेत्र में मौजूद थी, तो उक्त टीम को सूचना मिली कि आंजी में एक युवक अपने मोटर साइकिल पर बैठा है, जो आंजी व रबौण में युवक व युवतियों को चिट्टा बेचने की फिराक में है।



इस सूचना पर विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त युवक जिसका नाम व पता सूधीर उर्फ सोनू पुत्र स्व. रोशन लाल निवासी गांव व डाखा बरवाला जिला पंचकूला हरियाणा उम्र 30 वर्ष मालूम हुआ उसको करीब 6 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान वारदात में संलिप्त मोटर साइकिल को कब्जे पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर 5 दिन का पुलिस हिरासत रिमाण्ड हासिल किया गया, जिससे गहनता से पूछताछ की गई। इस मामले की जांच के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपी के साथ इस धंधे में अन्य लोग भी संलिप्त है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम ने 13 दिसंबर को इसका सप्लायर अन्य आरोपी कविश पुत्र बिंदर निवासी गांव खिलजी जदीद तह. व जिला फिरोजपुर पंजाब उम्र 28 वर्ष को मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मौहाली पंजाब से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# सीएम सुक्खू आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। सुक्खू 12 बजे अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोहारघाट में जनसभा को संबोधित करेंगे। तदोपरांत मुख्यमंत्री दोपहर बाद 2.15 बजे अंद्रेली भटोली में भटोली खड्डु रेडु पर पुल की आधारशिला रखेंगे।

सुक्खू दोपहर 2.45 बजे पंचायत मलैहनी में रेटर खड्डु पर निर्मित होने वाले पुल का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री सायं 3.25 बजे कोटला कलां खड्डु पर पुल की आधारशिला रखेंगे। सुक्खू तदोपरांत सायं 4 बजे पंचायत करसौली के गुल्लरवाला में भटोली जटां, चाखां, गुल्लरवाला, करसौली, मियानीवाल, ब्राह्मण माजरा, डोलां, खंगरूवाल में विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री नालागढ़, जोघों, मितियां-बेहली-खेलर के लिए विभिन्न उठाऊ जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। तत्पश्चात सायं 5.50 बजे नालागढ़ में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के समापन समारोह में भाग लेंगे।

# सोशल मीडिया पर जंगली मुर्गों की दावत का मेन्यू वायरल होने पर उठे सवाल : भाजपा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



अभी तक हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के समोसे गुम होने का जांच पूरी भी नहीं हुई कि सोशल मीडिया पर शिमला जिले की चौपाल क्षेत्र के टिक्कर गांव में मुख्यमंत्री सुक्खू के दौरे के दौरान उनके रात्रिभोज के लिए जंगली मुर्गों की दावत का मेन्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल इस मेन्यू के अनुसार 13 को चौपाल के टिक्कर गांव में मुख्यमंत्री के रात्रि भोज के लिए तैयार किए गए मेन्यू में हिमाचली व्यंजन सिड्डू और बिच्छू बूटी सहित मेन्यू के क्रमांक 12 में जंगली मुर्गे की दावत का भी इंतजाम दर्शाया गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर मुख्यमंत्री के रात्रि भोज के लिए ये जंगली मुर्गे किसने मारे और चूड़धार की तलहटी में वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में इन नीरीह जंगली मुर्गों की हत्या की इजाजत किसने दी। भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के रात्रि भोज के लिए वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में जंगली मुर्गों के शिकार करने की वारदात की कड़े शब्दों में निंदा की है और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में मुर्गों की हत्या के इस गंभीर मामले की बड़े स्तर पर जांच की मांग की है। उन्होंने जंगली मुर्गों की दावत के चित्कारे लेने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू से सवाल किया कि क्या यह व्यवस्था परिवर्तन है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रदेश के जिस क्षेत्र में मुख्यमंत्री प्रवास पर जाते हैं उनके भोजन का मेनू पहले मुख्यमंत्री से अनुमोदित करवाया जाता है, अब सवाल यह उठता है कि सोशल मीडिया पर वायरल टिकरी गांव में उनके रात्रि भोज का मेन्यू उन्होंने जंगली मुर्गों के डिश के साथ कैसे अनुमोदित किया और किसने वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में इन जंगली मुर्गों को मारने की इजाजत दी। यहां सरेआम बन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धज्जियां उड़ाई गई हैं। भाजपा नेताओं ने मांग की है कि जंगली मुर्गों की हत्या के लिए दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।

# हर घर को स्वच्छ जल प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

## नालागढ़ में लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत से उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में सिंचाई के लिए समुचित जल और नल के माध्यम से प्रत्येक घर को सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।



मुकेश अग्निहोत्री विभिन्न सिंचाई व जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण करते हुए।

मुकेश अग्निहोत्री ने नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विभिन्न सिंचाई व जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण करने के उपरांत आमजन से संवाद में कहा। अग्निहोत्री ने नालागढ़ में 21 सिंचाई व जलापूर्ति योजनाओं को लोगों को समर्पित किया। उन्होंने 18.26 करोड़ रुपए लागत की 18 सिंचाई योजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं से 298 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने लगभग 5.20 करोड़ रुपए लागत की तीन पेयजल आपूर्ति योजनाएं भी लोगों को समर्पित की। इन सभी योजनाओं से 36 गांव के 8350 लोग लाभान्वित होंगे। मुकेश अग्निहोत्री ने 5.33 रुपए करोड़ की लागत से निर्मित गांव भोगपुर, घरोटी बाइपास, पंचायत खिल्लियां के गांव नग्गर के लिए नलकूप आधारित सिंचाई योजना का लोकार्पण किया। उन्होंने 7.20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित आदुवाल, बघेरी मुंडनबास, टिक्करी, प्लासरा, कंगनवाल, दभोटा, कटीरड्डु माजरा, बघेरी चमलियां, खोखरा में नलकूप आधारित सिंचाई योजना को लोगों को समर्पित किया। उपमुख्यमंत्री ने 5.73 करोड़ की लागत से निर्मित नंगल ढक्का, रामपुर हरिजन बस्ती, कुलारी, ढ़ाना-2, ढ़ाना-1, नंगल में नलकूप आधारित सिंचाई आदि योजना का लोकार्पण भी किया।

# जीनियस ग्लोबल स्कूल का 17वां वार्षिक समारोह आज

**सोलन।** जीनियस ग्लोबल स्कूल सोलन का 17वां वार्षिक समारोह रविवार को आयोजित किया जाएगा। स्कूल डायरेक्टर नीति शर्मा ने बताया कि भारत एक खोज और वीआर फैमिली थीम पर आधारित आयोजित होने वाला यह समारोह शहर के समीप कोठों स्थित कला मंच ऑडिटोरिम में मनाया जाएगा। इस समारोह में प्री-नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के सभी बच्चे भाग लेंगे, जिसमें सरस्वती वंदना, डांस एंड ड्रामा शो का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा इस दौरान बच्चे मोहन जोदारो से लेकर ईसरो तक भारत का सफर खूबसूरती के साथ पेश करेंगे। समारोह में बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बच्चों को मोमेंटो सहित सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

# एनएच 907-ए के संबंधी बैठक कल

**नाहन।** पच्छाद एसडीएम प्रियंका चंद्रा ने बताया कि नेशनल हाईवे 907-ए का चौड़ीकरण किया जाना है इसलिए जिन पंचायतों का क्षेत्र एनएच907-ए के साथ लगता है या क्षेत्र के जिन लोगों की निजी भूमि इस एनएच के साथ लगती है उनसे आपत्तियां व परामर्श लिए जाएंगे, जिसके लिए 16 दिसंबर को प्रात: 11 बजे होटल सराहां ब्ल्यूज नजदीक बस स्टैंड में बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी पच्छाद, पंचायत प्रतिनिधि व संबंधित ग्रामीण राजस्व अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह होटल सराहां ब्ल्यूज में कल 11 बजे इस बैठक में भाग लेकर अपनी-अपनी आपत्तियां व परामर्श अवश्य दर्ज करवाएं।

# प्रकृति की सुरक्षा के साथ ऊर्जा बचाने का लिया संकल्प



राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अव्वल रहे प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय कुमारहट्टी सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि विश्वविद्यालय की संस्था नवाचार परिषद (आईआईसी) द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को ऊर्जा के महत्व और विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से इसके संरक्षण के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए ऊर्जा संरक्षण पर भाषण, पोस्टर-मेकिंग और स्लोगन-लेखन आदि कई गतिविधियां भी आयोजित की गई।

# पंजाबी कलाकार रंजीत बावा का कार्यक्रम रद्द

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मशहूर पंजाबी सिंगर रंजीत बावा का हिमाचल में होने वाला एकदिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अब रद्द कर दिया गया है। हिमाचल में उनके खिलाफ चल रहा भारी विरोध इस फैसले का कारण बना है। हिमाचल के जिला सोलन के नालागढ़ में आयोजित हो रहे जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले में उन्हें अंतिम सांस्कृतिक 15 के लिए बुक किया गया था। उनका नाम निमंत्रण पत्रों पर प्रकाशित होने और फिर प्रचार होने के बाद से हिंदु संगठन उनके हिमाचल में प्रवेश को लेकर भड़क उठे।

प्रदेश में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल इसका लगातार विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि बावा ने अपने गाने से हिंदूओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उनका कहना था कि जो लोग हमारे शिव भगवान, जनेऊ और गो माता को लेकर टिप्पणी करते हैं, उन लोगों को हिमाचल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह रेडक्रॉस मेला 13 दिसंबर से शुरू हो गया है और यह 15 दिसंबर तक सोलन जिले के नालागढ़ में चलेगा। रंजीत बावा की जगह अब नए सिंगर कुलविंदर बिल्ला को इसमें बुलाया गया है। नालागढ़ के एसडीएम राज कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि रेडक्रॉस मेले में कमेटी ने जिन कलाकारों का चयन किया है। उन्हीं को कार्यक्रम में बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाबी गायक रंजीत बावा प्रोग्राम में प्रस्तुति नहीं देंगे, उनके स्थान पर कुलविंदर बिल्ला अपनी परफॉर्मेंस देंगे। विश्व हिंदू परिषद के मंत्री राजेश कुमार ने बताया कि नालागढ़ के मेले में ऐसे सिंगर को आमंत्रित किया गया है, जिसने हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। ऐसे किसी भी व्यक्ति को परिषद बर्दाश्त नहीं करेगा। हमने विरोध किया, जिस वजह से प्रशासन को फैसला बदलना पड़ा।

### रंजीत बावा के गाने को लेकर हुआ था विवाद

**विश्व** हिंदू परिषद के मुताबिक रंजीत बावा ने एक पंजाबी गाना मेरा की कसूर निकाला था। इसमें हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अभद्र टिप्पणी की गई थी, जब बावा को रेडक्रॉस मेले में बुलाने का पता चला तो वह भड़क गए। उन्होंने एसडीएम के जरिए डिप्टी कमिश्नर को मांग पत्र भेजा, जिसमें कहा कि बावा की जगह किसी दूसरे सिंगर को बुलाया जाए। अगर बावा मेले में आए, तो वह इसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

**परेशानी** पर्यावरण को पहुंच रहा नुकसान, बारिश से सारी गंदगी नाले से आ जाएगी सड़क पर, लोगों को होगी परेशानी

# अंबुज होटल को जाते रास्ते के साथ नाले पर लगे कूड़े के ढेर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट पंचायत के तहत अंबुज होटल से जाने वाले रास्ते के साथ लगते नाले में इन दिनों कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे लोगों को बहुत समस्या हो रही है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि नाले में कूड़े के ढेर कई दिनों से लगे हुए हैं और इसकी सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे नाले का पानी भी प्रदूषित हो रहा है और लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं भी हो रही हैं। इसके अलावा शिव मंदिर के पास पुली भी बंद है, जिससे कूड़े के ढेर की समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, अगर बारिश हुई तो सारी गंदगी नाले से सड़क पर आ जाएगी, जिससे समस्या और भी बढ़ जाएगी। इस समस्या के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाले के पास शिव मंदिर से आने-जाने वाले लोगों और नजदीकी मकानों में रहे लोगों को सबसे ज्यादा समस्या हो रही है क्योंकि उनके घरों में भी गंदगी और दुर्गंध आ रही है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि नाले की सफाई करवाई जाए व कूड़े के ढेर को हटाया जाए और शिव मंदिर के पास पुली को ठीक करवाया जाए। लोगों को उम्मीद है कि जल्द इस समस्या का समाधान होगा और लोगों को राहत मिलेगी। उधर, इस संबंध में पंचायत प्रधान बंसी राम भाटिया और उपप्रधान हेमराज ठाकुर का कहना है कि मकान मालिकों को हिदायत देते हुए कहा कि वे स्वयं और अपने किरायेदारों को कूड़ा दान प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें क्योंकि सफाई कर्मचारी घर-घर से कूड़ा कचरा एकत्रित करते हैं इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि इस पंचायत में रहने वाला कोई भी व्यक्ति अपने घर का कूड़ा कचरा इधर-उधर न फेंके, केवल सफाई कर्मचारी या स्वयं पंचायत के ट्रैक्टर में सफाई कर्मचारी को ही कूड़ा दें, ताकि पंचायत द्वारा बनाई गई इस व्यवस्था में कोई ढील न आ पाए और हम अपनी पंचायत को स्वच्छ और रोग मुक्त बनाने में स्वयंसेवी भावना से अपना सहयोग दें। जो यह नियम नहीं मानेगी, उसके खिलाफ पंचायत पंचायतीराज अधिनियम-1994 की धारा 13 व 15 के अंतर्गत जुर्माना करने से परहेज नहीं किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब राज्य महिला आयोग ने एसजीपीसी अध्यक्ष किया तलब

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य महिला आयोग ने शनिवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंद्र सिंह धामी को उनकी पूर्ववर्ती बीबी जगीर कौर के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए नोटिस जारी किया। आयोग की अध्यक्ष राज लाली गिल ने धामी को व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष उपस्थित होने और 17 दिसंबर तक लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। गिल ने कौर को निशाना बनाकर किए गए कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक ऑडियो क्लिप का संज्ञान लिया है, जिसमें धामी ने एक पत्रकार के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान बीबी को निशाना बनाते हुए कथित तौर पर "अत्यधिक आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा" का इस्तेमाल करते सुनाई दे रहे हैं। गिल ने धामी को एसजीपीसी अध्यक्ष पद से हटाने की भी मांग की। धामी पहले ही पूर्व एसजीपीसी अध्यक्ष के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर खेद जता चुके हैं।

### दादर हनुमान मंदिर को नहीं गिराया जाएगा

**मुंबई।** मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित एक मंदिर को गिराने के लिए रेलवे की ओर से जारी नोटिस पर रोक लगा दी गई है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं ने शनिवार को यह दावा किया। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इसे नियमों के अनुसार नियमित किया जाएगा। सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा नोटिस को लेकर भाजपा पर निशाना साधे जाने के एक दिन बाद यह बयान दिया है। भाजपा विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि दादर हनुमान मंदिर को संरक्षित किया जाएगा। लोढ़ा, सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सटे दादर ईस्ट के प्लेटफॉर्म नंबर 12 के पास स्थित मंदिर गए। उन्होंने मंदिर के न्यासी से बातचीत की और आरती में भी शामिल हुए। विधायक कालिदास कोलंबकर, बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के सदस्य भी मंदिर में मौजूद थे। लोढ़ा ने कहा कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की है और मंदिर को गिराने संबंधी नोटिस पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है। ठाकरे ने भाजपा के "एक हैं तो सेफ हैं" नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में मंदिर भी सुरक्षित नहीं हैं।

### हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष हिरासत में

**हिसार।** हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने शनिवार को हिरासत में लिया। खरखौदा स्थित उनके आवास पर छापेमारी के बाद एसीबी की टीम उन्हें पूछताछ के लिए अपने साथ ले जाने की बात सामने आ रही है। मामला जुलाना से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जहां उनके पीए कुलबीर को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। पीए कुलबीर पर आरोप है कि वह उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल के नाम पर अवैध रूप से पैसे वसूल रहा था। हिसार में हुई इस गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने मामले की तह तक जाने के लिए उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल के खिलाफ जांच शुरू की। शनिवार को एसीबी की टीम ने खरखौदा स्थित सोनिया अग्रवाल के आवास पर छापेमारी की। घर की तलाशी लेने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए विश्राम गृह ले जाया गया। इसके बाद टीम दोबारा उनके घर पहुंची और विस्तृत छानबीन की।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की संपत्ति को तोड़ने वाले 4 काबू

**ढाका।** उत्तरी बांग्लादेश के सुनामगंज जिले में हिंदू समुदाय के घरों व दुकानों तथा स्थानीय लोकनाथ मंदिर में तोड़फोड़ कर उसे नुकसान पहुंचाने के आरोप में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 12 नामजद सहित 150 से 170 लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में सुनामगंज जिले के दोराबाजार इलाके में तोड़फोड़ करने के आरोप में अलीम हुसैन (19), सुल्तान अहमद राजू (20), इमरान हुसैन (31) और शाहजहां हुसैन (20) को गिरफ्तार किया गया है।

### भारत बोला-कनाडाई मीडिया हमें कर रहा बदनाम

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा की मीडिया पर भारत को बदनाम करने के आरोप लगाए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उन कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज किया है, जिनमें दावा किया था कि भारत ने कुछ कनाडाई नागरिकों को वीजा नहीं दिया। दरअसल, हाल ही में कनाडा के मीडिया ने कुछ खबरें चलाई थीं, जिनमें आरोप थे कि भारत वीजा पॉलिसी का गलत इस्तेमाल कर कनाडा के मामलों में दखल दे रहा है। भारत ने कई कनाडाई नागरिकों को खालिस्तानी एजेंडा का समर्थन करने की वजह से वीजा नहीं दिया। भारत सरकार वीजा पॉलिसी का इस्तेमाल कर उनके आंतरिक मामलों में दखल दे रही है। इस पर भारत ने कनाडा की मीडिया पर गलत जानकारी के जरिए देश के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी का आरोप भी लगाया। जयसवाल ने कहा, 'हम कनाडा के मामलों में नहीं बल्कि वे हमारे मामलों में दखल दे रहे हैं।'

### भदोही में बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा शिव मंदिर

**भदोही (उत्तर प्रदेश)।** भदोही जिले में सीतामढ़ी और महर्षि वाल्मीकि आश्रम के पास सुंदरवन में पांच से तांबे के विश्व के सबसे ऊंचे 180 फुट के शिव मंदिर का निर्माण किया जाएगा। 18 दिसंबर को प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह निर्माण कार्यों की शुरुआत करेंगे। श्री राम जानकी मंदिर ट्रस्ट से जुड़ी मां राज लक्ष्मी मंदा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 9 टन वजन और 9 फुट ऊंचा शिवलिंग 17 अप्रैल, 2022 को भदोही के सुंदरवन लाया गया था और मंदिर के गर्भगृह के लिए 45 फुट खुदाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि वाराणसी, चेन्नई, मुंबई और कानपुर के आईआईटी के सहयोग से 180 फुट ऊंचे तांबे के शिव मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। इस मंदिर के स्थापित होने से क्षेत्र में पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

### पैरासिटामोल से वृद्धों में पाचन तंत्र पर पड़ता दुष्प्रभाव

**नई दिल्ली।** चिकित्सक की पर्ची के बिना मिलने वाली दवाओं में शामिल पैरासिटामोल 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों में आंत, हृदय और गुर्दे से संबंधित बीमारियों का जोखिम बढ़ा सकती है। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हल्के से मध्यम बुखार के दौरान आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली पैरासिटामोल, अस्थियों से जुड़ी बीमारियों के उपचार के लिए भी चिकित्सक द्वारा परामर्श दी जाने वाली पहली दवा है क्योंकि इसे प्रभावी, अपेक्षाकृत सुरक्षित और सुलभ माना जाता है। हालांकि, दर्द निवारण में पैरासिटामोल की प्रभावशीलता पर कुछ अध्ययनों में सवाल उठाए गए हैं, जबकि अन्य अध्ययनों ने लंबे समय तक इसके उपयोग से पाचन तंत्र संबंधी दुष्प्रभावों, जैसे अल्सर और रक्त स्राव, के बढ़ते जोखिम को रेखांकित किया है। ब्रिटेन के नॉटिंघम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए नवीनतम अध्ययन में पाया गया कि पैरासिटामोल के उपयोग से पेप्टिक अल्सर रक्त स्राव (पाचन तंत्र में अल्सर के कारण रक्त स्राव) के जोखिम में क्रमशः 24 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की वृद्धि होती है और आंत संबंधी रक्त स्राव में कमी आती है। अध्ययन के मुताबिक, पैरासिटामोल के सेवन से गुर्दे के गंभीर रोग का खतरा 19 प्रतिशत, दिल का दौरा पड़ने का खतरा नौ प्रतिशत तथा उच्च रक्त चाप का खतरा सात प्रतिशत बढ़ सकता है।

### स्विट्जरलैंड ने भारत का मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा खत्म किया

**बर्न।** स्विट्जरलैंड सरकार ने भारत से मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा वापस ले लिया। स्विस सरकार के इस फैसले के बाद अब वहां काम करने वाली भारतीय कंपनियों को एक जनवरी 2025 से 10 प्रतिशत ज्यादा टैक्स देना होगा। स्विट्जरलैंड ने डबल टैक्स अवॉइडेंस एग्रीमेंट (डीटीएए) के तहत भारत को एमएफएन राष्ट्र का दर्जा दिया था। दरअसल डीटीएए एक तरह का एग्रीमेंट है। इसका इस्तेमाल दो देश अपने नागरिकों और कंपनियों को डबल टैक्स से बचाने के लिए करते हैं। इसके तहत कंपनियों या व्यक्तियों को उनकी सेवाओं या प्रोडक्ट के लिए दो अलग देशों में अलग-अलग टैक्स नहीं देना पड़ता।

### कनाडा ने विदेशी छात्रों से एजुकेशनल डिटेल्स मांगी

**ओटावा।** कनाडा में रह रहे विदेशी छात्रों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कनाडा सरकार ने वहां पढ़ रहे विदेशी छात्रों को ई-मेल भेजकर कई तरह के डॉक्यूमेंट सबमिट करने को कहा है। इनमें वीजा, स्टडी परमिट, एजुकेशनल रिकॉर्ड, मार्क्स और अटेंडेंस शामिल है। भारतीय छात्रों ने इसके बारे में जानकारी दी है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक कनाडा के इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप डिपार्टमेंट ने विदेशी छात्रों को ईमेल भेजा है। इनमें से कई छात्र ऐसे हैं जिनका वीजा दो साल तक के लिए ही वैध है। कनाडा सरकार विदेशी स्टूडेंट्स के लिए नियम कड़े करते जा रही है। ऐसे में छात्रों के बीच बेचैनी आ गई है।

# एग्जिबिशन ग्राउंड में गायक दिलजीत दोसांझ के शो को लेकर लोग परेशान

## सेक्टर-34 के आसपास के अस्पतालों में टाली गई सिजेरियन डिलीवरी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सेक्टर-34 के एग्जिबिशन ग्राउंड में शनिवार को गायक दिलजीत दोसांझ के शो को लेकर आसपास के निवासियों के साथ वहां स्थित अस्पताल के संचालक भी बहुत परेशान हैं। जहां अस्पतालों में सिजेरियन डिलीवरी टाली गई, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।




अस्पताल प्रबंधकों का कहना है कि शो के कारण ट्रैफिक जाम और बैरिकेट्स से होने वाली देरी से मरीजों की जान जा सकती है, क्योंकि दूरदराज से आने वाले ज्यादातर मरीज रेफर होते हैं और उनकी स्थिति बेहद गंभीर होती है। सेक्टर- 34 और 33 में स्थित अस्पताल संचालकों ने बताया कि सबसे ज्यादा समस्या गर्भवती महिलाओं के केस में है। जिन महिलाओं को सिजेरियन डिलीवरी की डेट शनिवार की दी गई है, उन्होंने अगली डेट ले ली है, क्योंकि उन्हें और उनके परिवार को इस बात का डर था कि अगर शो के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाए तो कोई भी अनहोनी हो सकती है। स्थिति यह है कि इन अस्पतालों में भर्ती मरीजों की स्थिति शोर के कारण तो गंभीर हो ही रही, साथ ही जिन मरीजों को दूरदराज से अस्पताल आना है वे भी शो वाले दिन वहां आने से डर रहे हैं।

इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही सेक्टर- 33 और 34 के आसपास स्थित मुकुट, हीलिंग, लैंडमार्क और बेदी अस्पताल के प्रबंधकों ने डीसी से मुलाकात कर इस समस्या का परमानेंट समाधान करने का आग्रह किया है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रदर्शनी ग्राउंड को रैली ग्राउंड बना दिया गया है, जो गलत है। ऐसे शो सेक्टर-25 के रैली ग्राउंड में होने चाहिए। उन्होंने डीसी से शिकायत की है कि कार्यक्रम के दौरान आसपास के निवासियों को तो असुविधा होती है, साथ ही उनके अस्पतालों में भर्ती कई गंभीर मरीजों को भी तेज संगीत के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। (अनंत ज्ञान)

### सीटीयू की 80 इलेक्ट्रिक व 80 एसएमएल मिनी बसों में हीटिंग सिस्टम नहीं

**चंडीगढ़।** सीटीयू की 80 इलेक्ट्रिक और 80 एसएमएल की मिनी बसों में हीटिंग सिस्टम नहीं है। सर्दियां शुरू होते ही सभी एसी बसों में एसी बंद कर दिया जाता है। इन बसों में हीटिंग सिस्टम भी नहीं है। इसलिए, हर वर्ष की तरह इस बार भी 16 दिसंबर से 15 फरवरी तक इन 160 एसी बसों में नॉन-एसी बस का किराया लगेगा। परिवहन विभाग की तरफ से बताया गया कि सीटीयू की 80 इलेक्ट्रिक और 80 एसएमएल की मिनी बसों में हीटिंग सिस्टम नहीं है। इसलिए, हर वर्ष की तरह इस बार भी 16 दिसंबर से 15 फरवरी तक इन बसों में नॉन-एसी बस का किराया लगेगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। रोजाना बसों में सफर करने वाले लोग मासिक पास बनवाते हैं। उन्हें दामों का एक होने से 200 रुपए का लाभ होगा, क्योंकि मासिक (जनरल) एसी बस का पास 900 रुपए में बनता है, जबकि नॉन-एसी बस का पास 700 रुपए में बन जाता है। सरकारी कर्मचारी, छात्रों को भी पास बनवाने में फायदा होगा। इसके अलावा रोजाना पास भी लोगों को 15 रुपए सस्ता पड़ेगा। हालांकि 15 फरवरी के बाद फिर एसी और नॉन एसी बसों का किराया अलग-अलग हो जाएगा।

## उत्तर प्रदेश के देवबंद में दो मुस्लिम युवतियों की हिजाब उतारकर पिटाई

**एजेंसी, सहारनपुर ( उप्र )**

देवबंद थाना अंतर्गत दो मुस्लिम युवतियों के हिजाब उतार कर उनकी पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बताया कि 13 दिसंबर को देवबंद थाना क्षेत्र में एक युवती ने तहरीर दी, जिसमें उसने बताया कि 11 दिसंबर को वह दारुल उलूम में अपने रिश्तेदारों से मिलकर अपनी बहन के साथ वापस लौट रही थी। तहरीर के मुताबिक, रास्ते में एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने उनसे सहारनपुर जाने का रास्ता पूछा तो वे उसे रास्ता बताने लगीं, इसी बीच आसपास के कुछ लोग वहां इकट्ठा हो गए, उनके साथ बदतमीजी व गाली-गलौज की और जबरदस्ती उनका हिजाब उतार दिया। उन्होंने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया।

### माथे पर तिलक लगाकर स्कूल पहुंची छात्रा को रोका

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में माथे पर तिलक लगाकर स्कूल पहुंची एक छात्रा को कथित तौर पर कक्षा में प्रवेश न करने देने की घटना सामने आई है। इस घटना से नाराज छात्रा के माता-पिता और कुछ हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद स्कूल प्रधानाचार्य को माफी मांगनी पड़ी। स्कूली शिक्षा महानिदेशक झरना कामठान ने उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी को भी मामले की जांच करने को कहा है।

## तेजी से बढ़ रही हैं दिल की बीमारियां : डॉ. बाली

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिसका एक बड़ा कारण धूम्रपान है। अधिक युवा लोग हृदय संबंधी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं, जिससे बीमारी के प्रति समय पर जागरूकता और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लिवासा अस्पताल, मोहाली के कार्डियक साइंसेज के अध्यक्ष और डीन एकेडमिक्स एंड रिसर्च डॉ. एचके बाली कार्डियक ने कहा कि भारत में लगभग 30 मिलियन लोग कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित हैं। भारत में जल्द ही दुनिया में हृदय रोग के सबसे ज्यादा मामले होंगे। इसके अलावा भारत में 27 प्रतिशत मौतें हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं।

कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीसिमान कौल ने कहा, अब बड़ी संख्या में युवा भारतीय अपनी खराब जीवनशैली के कारण कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित हैं, और अगर यह जारी रहा तो भविष्य और भी खतरनाक दिखता है।

## उत्तराखंड में हर महीने 3 लाख लोग आयुष सेवा से हो रहे लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

नेशनल आयुष मिशन में उत्तराखंड की वर्तमान स्थिति उसकी प्रगति की कहानी को खुद बयां कर रही है। उत्तराखंड में हर महीने करीब तीन लाख लोग आयुष सेवा से लाभान्वित हो रहे हैं। पिछले 22 महीनों के आंकड़ों की बात करें, तो उत्तराखंड में 67 लाख से ज्यादा लोगों ने आयुष स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है।

नेशनल आयुष मिशन केंद्रीय आयुष मंत्रालय की फ्लैगशिप योजना है। इसे दूरदराज के क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया है। उत्तराखंड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य के लिए इस योजना की खास अहमियत मानी जा रही है। इस योजना में वर्ष 2023 से अब तक के जो उपलब्ध आंकड़े हैं, वह उत्तराखंड की प्रगति को सामने रख रहे हैं।

**केंद्रीय आयुष मंत्रालय थपथपा चुका है उत्तराखंड की पीठ**

आयुष मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार-वर्ष 2023 में उत्तराखंड में 42 लाख 64 हजार लोगों ने आयुष सेवा का लाभ उठाया है। इस वर्ष अक्तूबर माह तक 24 लाख 56 हजार लोग इस सेवा से लाभान्वित हो चुके हैं। विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 के दौरान उत्तराखंड की प्रगति की खास चर्चा हुई है। देहरादून आए केंद्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने उत्तराखंड की प्रगति को सराहा है। उनका कहना है कि नेशनल आयुष मिशन के तहत केंद्रीय आयुष मंत्रालय की कोशिश प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने की है। उत्तराखंड जैसे विषम भौगोलिक स्थितियों वाले राज्य में नेशनल आयुष मिशन की सफलता उत्साहित करने वाली है। उत्तराखंड में इस वक्त 50 बैड के पांच और दस बैड के दो आयुष हॉस्पिटल हैं। छह आयुष हॉस्पिटलों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है।

## 15 फरवरी से जम्मू-कश्मीर को मिलेगा हक का पानी

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



शाहपुरकंडी बांध परियोजना से 15 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर को उसके हक का पानी मिलना शुरू हो जाएगा। पाकिस्तान को जाने वाला पानी पूरी तरह से बंद हो जाएगा।

बांध के जलाशय को भरने का काम युद्धस्तर पर जारी है। एक माह में जलाशय छह मीटर तक भर गया है। वर्तमान में जलस्तर 386 मीटर पहुंच गया है। सब सही रहा तो 15 फरवरी तक जलस्तर 398 मीटर को पार कर लेगा। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर की 32 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई शुरू हो जाएगी। यह समय इसलिए भी खास रहेगा, चूंकि पिछले तीन वर्ष से फरवरी में ही कठुआ और सांबा जिलों में पारा सामान्य के पार पहुंचने लगा है। ऐसे में फसलों के समय से पहले पकने की समस्या रही है। उस पर मरम्मत के लिए जम्मू-कश्मीर की नहरबंदी आग में घी डालने का काम करती रही है। इससे किसान नुकसान झेल रहे हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। फरवरी, 2025 से हेड रेग्युलेटर के 398 मीटर के जलस्तर को छूने के साथ ही जम्मू-कश्मीर की नहरों में पानी छोड़ा जा सकेगा।

इसके बाद देश की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक शाहपुरकंडी बांध परियोजना से जम्मू-कश्मीर के कठुआ व सांबा जिले के किसानों को पानी मिलने लगेगा। बांध प्रबंधन के अनुसार, मंजूरी मिलने के साथ ही जलस्तर बढ़ाया जा रहा है। 404.5 मीटर तक जलस्तर को बढ़ाया जाएगा। इस समय पानी के कम बहाव के बाद भी जलभराव तय शेड्यूल के अनुसार जारी है। (अनंत ज्ञान)

# देश-विदेश

## कोलकाता रेप-मर्डर केस में आरोपियों को बेल के बाद वामपंथी दलों और कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी, कोलकाता**

आरजी कर अस्पताल में एक चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या मामले में दो प्रमुख संदिग्धों को जमानत मिलने के एक दिन बाद वामपंथी दलों और कांग्रेस ने शनिवार को यहां विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामले में न्याय दिलाने में 'विफल' रहा है।

कांग्रेस ने दक्षिणी कोलकाता में रवींद्र सदन क्षेत्र से निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय तक रैली निकाली और मामले में दो आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने में कथित रूप से असमर्थ रहने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी की आलोचना की।

रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर 'हम न्याय मांगते हैं' जैसे नारे लगा रहे थे। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निजाम पैलेस में प्रवेश करने से रोक दिया, जिसके कारण प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हो गई। एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने साल्ट लेक स्थित करुणामयी से सीजीओ कॉम्प्लेक्स तक मार्च निकाला, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा एसएफआई ने शहर के उत्तरी हिस्से में कॉलेज स्ट्रीट इलाके में एक रैली निकाली।

कोलकाता

### योगी बोले-लोगों को नेताओं से ज्यादा डॉक्टरों पर भरोसा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मानक तय कर रहा है। उन्होंने शनिवार को एसजीपीजीआई के 41वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि संस्थान निर्बाध रूप से नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल संस्थान में रोबोटिक सर्जरी की जा रही है और एआई का इस्तेमाल कर रोगी के इलाज की सुविधा पर भी काम जारी है। उन्होंने संस्थान की 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया।

## आरबीआई का किसानों को तोहफा, जमानत मुक्त ऋण की सीमा बढ़ाकर 2 लाख की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसानों के लिए जमानत-मुक्त ऋण सीमा को 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया है। यह फैसला एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होगा। इस कदम का उद्देश्य बढ़ती इनपुट लागत के बीच छोटे और सीमांत किसानों की मदद पहुंचाना है। नए निर्देश में देश भर के बैंकों को प्रति उधारकर्ता दो लाख रुपए तक का कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए ऋण देने की मार्जिन की आवश्यकता को माफ करने का निर्देश दिया गया है।




कृषि मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय बढ़ती लागत और किसानों के लिए ऋण सुलभता में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए लिया गया है।

बयान में कहा गया है कि इस उपाय से 86 प्रतिशत से अधिक छोटे और सीमांत भूमिधारक किसानों को काफी लाभ होगा। बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे दिशा-निर्देशों को शीघ्रता से लागू करें तथा नए ऋण प्रावधानों के बारे में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करें।

## एटीएम से निकाल सकेंगे पीएफ का 50 प्रतिशत पैसा

**नई दिल्ली।** पीएफ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ग्राहकों को बैंकिंग जैसी सेवाएं प्रदान करने की योजना पर काम कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, नए प्रावधानों के तहत भविष्य निधि (पीएफ) की कुल जमा राशि का 50 प्रतिशत एटीएम जैसे कार्ड से निकाल सकेंगे। केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने इस सेवा के अगले साल से शुरू किए जाने की संभावना जताई है।



## अमेरिका से 18 हजार भारतीयों को निकालेंगे ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही भारतीय प्रवासियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहां से करीब 18 हजार भारतीयों को निकाला जा सकता है। ये सभी लोग अवैध प्रवासी हैं जिनके पास अमेरिका की नागरिकता नहीं है और वहां की नागरिकता हासिल करने के लिए सही कागज नहीं हैं। दरअसल, अमेरिका में अवैध प्रवासियों से डील करने वाली सरकारी संस्था (आईसीई) ने करीब 15 लाख लोगों की एक सूची बनाई है जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं। 18 हजार भारतीय भी इसी सूची में शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जैसे ही वह राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे, सबसे पहले अवैध प्रवासियों को निकालने का काम करेंगे। इस मामले में आईसीई ने कहा कि बिना डॉक्यूमेंट वाले प्रवासियों को देश से बाहर भेजना ट्रंप की सीमा सुरक्षा एजेंडे का हिस्सा है।

### तुर्किये एयरपोर्ट पर 2 दिन से फंसे 400 पैसेंजर्स

**इस्तांबुल।** तुर्किये के इस्तांबुल से दिल्ली और मुंबई आने वाले 400 पैसेंजर्स 2 दिन से ठंड में तुर्किये एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। इन लोगों को बुधवार रात इंडिगो की दिल्ली (6ई12) और मुंबई (6ई18) फ्लाइट से जाना था, लेकिन इन्हें शुक्रवार तक नहीं बताया गया कि ये भारत कब जाएंगे। इनमें से कई पैसेंजर्स सोशल मीडिया पर अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं। शुभम बंसल नाम के पैसेंजर ने लिंक्डइन पर लिखा- मैं इस्तांबुल में फंसे 400 पैसेंजर्स में से एक हूं। इंडिगो की ओर अब तक कोई अपडेट नहीं मिला।

### साउथ कोरिया में इमरजेंसी लगाने वाले राष्ट्रपति हटाए

**सियोल।** साउथ कोरिया में राष्ट्रपति यून सुक-सोल के खिलाफ शनिवार को महाभियोग प्रस्ताव पास हो गया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक संसद में उनके खिलाफ 204 वोट पड़े, जबकि उनके समर्थन में सिर्फ 85 वोट डाले गए। संसद में यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद राष्ट्रपति की शक्तियां तत्काल रूप से निलंबित हो गई हैं। अब प्रधानमंत्री हान डक-सू कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम करेंगे। राष्ट्रपति यून ने 3 दिसंबर की रात को देश में मार्शल लॉ लगा दिया था। हालांकि, भारी विरोध के बाद उन्होंने 6 घंटों के भीतर ही अपना फैसला वापस ले लिया था। यून के इस कदम के बाद दक्षिण कोरिया में उनका काफी विरोध हो रहा था।

## रैंकिंग

## दुनिया के टॉप-25 अमीर परिवारों की लिस्ट जारी, अंबानी फैमिली 8वें नंबर पर

# वॉलमार्ट चलाने वाला वॉल्टन परिवार सबसे अमीर





**एजेंसी, मुंबई**

ब्लूमबर्ग ने दुनिया के 25 सबसे अमीर परिवार की लिस्ट जारी की। इनकी संपत्ति इस साल 34.5 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। कंज्यूमर रिटेल कंपनी वॉलमार्ट चलाने वाला वॉल्टन परिवार लिस्ट में सबसे ऊपर है। यह बीते साल दूसरे नंबर पर रहा था। इस परिवार की कुल नेटवर्थ 36.7 लाख करोड़ रुपए रही। यह बीते साल से 14.6 लाख करोड़ रुपए अधिक है।

**अंबानी फैमिली की संपत्ति 8.45 लाख करोड़**

लिस्ट में दूसरे और तीसरे नंबर परयूएई और कतर के शाही परिवार हैं। 8.45 लाख करोड़ की नेटवर्थ वाला अंबानी परिवार 8वें पायदान पर है। 3.5 लाख करोड़ की नेटवर्थ के साथ भारत का ही मिस्त्री परिवार 23वें नंबर पर रहा। यह परिवार शापोरजी पलोनजी ग्रुप का मालिक है। दुनिया के टॉप-25 सबसे अमीर परिवारों की कुल संपत्ति 211 लाख करोड़ रुपए है। 70 प्रतिशत से ज्यादा परिवार बीते कई वर्षों से इस सूची के टॉप-25 परिवारों में शामिल हैं।

## प्रमुख परिवारों का व्यापार

### वॉल्टन परिवार

1950 में सैम वॉल्टन ने अमेरिका में फाइव एंड डाइम स्टोर से शुरुआत की। अब दुनिया भर में 10,600 स्टोर्स हैं। वॉलमार्ट में 46 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### फ्रांस का हर्मेस परिवार

दुनिया का चौथा अमीर परिवार। यह फ्रांस की लग्जरी फैशन कंपनी है। 1837 में थिएरी हर्मेस ने घोड़े की लगाम बनाने से बिजनेस शुरू किया था।

### मार्स परिवार

पोलियो से ग्रस्त फ्रैंक मार्स ने 1902 में कैंडी का बिजनेस शुरू किया। यह मिल्की वे, स्निकर्स बार के लिए जानी जाती है। अब दुनिया के 7वें अमीर परिवार का फोकस पेट प्रोडक्ट्स पर है।

### अंबानी परिवार

**धीरूभाई** अंबानी ने 1955 में रिलायंस कॉमर्शियल कॉर्पोरेशन कंपनी बनाई। पश्चिमी देशों में मसाले एक्सपोर्ट का बिजनेस शुरू किया था। आज रिलायंस टेलीकॉम, पेट्रोलियम, रिटेल सहित दूसरे व्यापार में है।

### अंबानी फैमिली की वेल्थ भारत की जीडीपी का 10 प्रतिशत

सितंबर में बार्कलेज-हुरून इंडिया की मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस 2024 की लिस्ट जारी हुई थी। इसके मुताबिक अंबानी फैमिली की वैल्यूएशन 25.75 ट्रिलियन है, ये भारत की जीडीपी का लगभग 10 प्रतिशत है। बार्कलेज-हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज की लीडरशिप में फैमिली का बिजनेस एनर्जी, रिटेल और टेलिकॉम सेक्टर्स का ऑपरेशन करता है। बार्कलेज-हुरून इंडिया की यह रैंकिंग 20 मार्च 2024 तक कंपनी की वैल्यूएशन पर बेस्ड है। इस वैल्यूएशन में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट और लिक्विड एसेट्स को शामिल नहीं किया गया है। अंबानी की वेल्थ की वैल्यू में रिलायंस, जियो प्लेटफॉर्म, रिलायंस रिटेल और ग्रुप की अन्य कंपनियों की हिस्सेदारी शामिल है।

# महिला ट्वेंटी-20 : भारत का सामना वेस्टइंडीज से

**एजेंसी, नवी मुंबई**



फाइल फोटो

लगातार आलोचना का सामना कर रही हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे मैच हारने के गम को भुलाकर रविवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 2019 से अब तक टी-20 प्रारूप में सभी आठ मैच जीते हैं, लेकिन इस लय को बनाए रखने के लिए भारतीय टीम को आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और अपने संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज के दौरान चयन के कई विवादित फैसलों के कारण हरमनप्रीत पर सवाल उठे हैं। देखना यह है कि कब तक चयनकर्ता उन पर भरोसा बनाए रखते हैं और स्मृति मंधाना को बागडोर सौंपने के लिए इंतजार करते हैं। टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारत की यह पहली टी-20 सीरीज है। भारत ने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे सीरीज में हराया था, लेकिन आस्ट्रेलिया में 3-0 से पराजय का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत का अपना बल्लेबाजी फॉर्म चिंता का सबब है और कप्तानी में कुछ नया नहीं कर पाने से भी टीम की मुश्किलें बढ़ी है। चयनकर्ताओं ने एक बार फिर शेफाली वर्मा को जगह नहीं दी है हालांकि भारत में टी-20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में पर्थ में बुधवार को आखिरी वनडे हारकर लौटी भारतीय टीम को पर्याप्त आराम नहीं मिला है और उसे रविवार को यहां डी वाई पाटिल स्टेडियम पर पहला मैच खेलना है।

तीनों मैच एक एक दिन के अंतराल पर होंगे, जिसमें टीम की फिटनेस और मनोबल की कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय टीम पूजा वस्त्राकर, श्रेयांका पाटिल, यास्तिका भाटिया, प्रिया पूनिया और शेफाली के बिना खेल रही है। शेफाली ने इस प्रारूप में 2024 में सर्वाधिक 531 रन बनाए हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका चयन इसलिए नहीं किया गया क्योंकि वनडे में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है लेकिन टी-20 टीम में नहीं चुना जाना समझ से परे है। इससे रिचा घोष पर दबाव बढ़ेगा जो निचले क्रम पर तेजी से रन बनाती है।

पूनिया के भी चोट के कारण बाहर होने से घोष को पारी का आगाज करना होगा। इसी तरह तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी को भी नहीं चुना गया, जिन्होंने तीन दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में वनडे में चार विकेट लिए थे। टी-20 विश्व कप में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है।

दूसर ओर वेस्टइंडीज ने इस साल 13 में से 9 टी-20 मैच जीते हैं। उसने इंग्लैंड को टी-20 विश्व कप में हराया। उसे सीनियर हरफनमौला स्टेफानी टेलर की कमी खलेगी जो चोट के कारण बाहर हैं।

**मैच : शाम 7 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, नंदिनी कश्यप, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना, राघवी बिष्ट, रेणुका ठाकुर, प्रिया मिश्रा, टिटास साधू, साइमा ठाकोर, मिन्नू मनी, राधा यादव में से।

**वेस्टइंडीज।** हेली मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल, आलिया एलिने, शमीला कोनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डिएंड्रा डोटिन, एफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेले हेनरी, जाइदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मेंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरक, रशाडा विलियम्स में से।

# खेलमंत्री मांडविया 17 को करेंगे 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' लांच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेलमंत्री मनसुख मांडविया 17 दिसंबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' मुहिम को हरी झंडी दिखाएंगे। यह मुहिम भारत भर में सौ से अधिक स्थानों पर 17 दिसंबर को शुरू होगी। भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों पर भी साथ ही में यह आयोजन होगा।

इसके तहत हर मंगलवार को देश भर में विभिन्न साइकिलिंग आयोजन किए जाएंगे। अभिनेता अनिल कपूर ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस पहल का समर्थन किया है। उन्होंने लिखा ,''गेट फिट, गो ग्रीन। 17 दिसंबर से शुरू हो रहे फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार से जुड़ें। यह आपके लिए और पर्यावरण के लिए अच्छा है। फिटनेस के लिए, भारत के लिए और आने वाले कल को साफ बनाने के लिए साइकिल चलाते हैं। मैं तो शुरू कर रहा हूं, आप कब जॉइन करेंगे। फिट इंडिया पोर्टल पर आज ही रजिस्टर करें और खुद को और पर्यावरण को फिट रखें।''



**अभिनेता अनिल कपूर ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस पहल का समर्थन किया**

जवाब में खेलमंत्री ने लिखा ,'' यह देखकर अच्छा लगा कि आप भी फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हैं। चलिए मिलकर इस मुहिम में भाग लेते हैं। '' राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज नीतू घंघास ने भी इंस्टाग्राम पर इस मुहिम को साझा किया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### 23वीं राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे 150 एथलीट

**नाडियाड (गुजरात)।** देश के 19 राज्यों के 150 से अधिक दृष्टिबाधित एथलीट शनिवार को यहां शुरू हुई 23वीं उषा राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। दृष्टिबाधित एथलीटों को समर्पित भारत की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता मानी जाने वाली चैंपियनशिप में अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार ये सभी दौड़, थ्रो, कूद सहित अन्य स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय दृष्टिबाधित खेल संघ (आईबीएसए) द्वारा द्विवार्षिक रूप से आयोजित की जाने वाली इस चैंपियनशिप में प्रतिभाशाली प्रतिभागी अगले तीन दिन के दौरान विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे जो इन असाधारण खिलाड़ियों की अदम्य भावना का जश्न मनाएगा।

### हेंडरिक्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को तीन गेंद बाकी रहते सात विकेट से हराकर दो साल से अधिक समय में पहली बार टी-20 सीरीज जीत ली। सलामी बल्लेबाज रीजा हेंडरिक्स ने 63 गेंद में 117 रन बनाए, जिससे मेजबान टीम ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में तीन विकेट पर 210 रन बना लिए। इससे पहले पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज सईम अयूब के 57 गेंद पर नाबाद 98 रन की मदद से पांच विकेट पर 206 रन बनाए थे। अयूब बदकिस्मत रहे कि अपना शतक पूरा नहीं कर सके चूंकि पारी की आखिरी 9 गेंद उन्हें खेलने का मौका ही नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज एक मैच बाकी रहते 2-0 से अपने नाम कर ली।

### सना मीर के माता-पिता कश्मीरी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी क्रिकेटर सना मीर के माता-पिता कश्मीरी हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से वूमेन क्रिकेटर ऑफ द इयर से सम्मानित होने वाली सना मीर पहली महिला क्रिकेटर हैं। अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर सना ने वनडे में 106, जबकि टेस्ट में 66 विकेट झटके हैं।



**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**

बारिश के कारण सिर्फ 13.2 ओवर फेंके जा सके, ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 28/0

# गाबा में पहले दिन बारिश का खलल



अगले चार दिन भी बारिश का अनुमान

**एजेंसी, ब्रिसबेन**

स्थानीय सितारे उस्मान ख्वाजा और युवा नाथन मैकस्वीनी ने अच्छी रक्षात्मक तकनीक का प्रयोग करके जसप्रीत बुमराह के पहले स्पैल को संभलकर खेला, लेकिन तीसरे टेस्ट के पहले दिन सिर्फ 13.2 ओवर फेंके जा सके, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 28 रन तक बना लिए।

खराब मौसम के कारण पहले सत्र के बाद कोई खेल नहीं हो सका। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भी बारिश का अनुमान जताया है। ख्वाजा 47 गेंद में 19 और मैकस्वीनी 33 गेंद में चार रन बनाकर खेल रहे हैं। टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा खुश होंगे कि ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ज्यादा रन नहीं बना सकी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने बल्लेबाजों को खेलने के लिए मजबूर ही नहीं किया।

अधिकांश गेंदें बल्लेबाजों ने छोड़ना ही मुनासिब समझा। जब लग रहा था कि भारतीय गेंदबाज आक्रमण के मूड में हैं, बारिश हो गई और गेंदबाजों की लय टूट गई। बारिश के कारण लंच ब्रेक जल्दी ले लिया गया और पहले सत्र में 13 .2 ओवर ही फेंके जा सके। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने छह ओवर में आठ रन दिए जबकि मोहम्मद सिराज ने चार ओवर में 13 रन दिए। बुमराह का इस सीरीज में यह सबसे औसत प्रारंभिक स्पैल है।

पिच से उछाल मिलने के बावजूद उन्होंने छह ओवरों के पहले स्पैल में विकेट लेने वाली ज्यादा गेंदें नहीं डाली जबकि सिराज ने ज्यादातर शॉर्टपिच गेंदें फेंकी। ख्वाजा ने उन्हें दो चौके लगाकर नसीहत दी।

छठे ओवर में भी बूंदाबांदी के कारण खेल रोकना पड़ा था जब स्कोर 19 रन था। तेज गेंदबाजों को पिच से स्विंग नहीं मिल रही थी और बुमराह कुछ मौकों पर ही ख्वाजा को परेशान कर सके। सिराज को तीन ओवर के पहले स्पैल के बाद हटाकर आकाश दीप को गेंद सौंपी गई जिन्होंने 3.2 ओवर में दो रन दिए।

**स्कोर बोर्ड**

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ख्वाजा (नाबाद) | 19 | 47 | 3/0 |
| मैकस्वीनी (नाबाद) | 04 | 33 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 05 | | |
| कुल : (13.2 ओवर) | 28/0 | | |

**गेंदबाजी :** बुमराह 6-3-8-0, सिराज 4-2-13-0, आकाश दीप 3.2-2-2-0.

### गुलबदीन पर असहमति जताने पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना



**दुबई।** अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नायब पर शुक्रवार को हरारे में जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने पर शनिवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। अफगानिस्तान ने यह मुकाबला 50 रन से जीतकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''अफगानिस्तान के गुलबदीन नायब पर हरारे में जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'' नायब को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया है जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असहमति दिखाने से संबंधित है।

### मोहम्मद आमिर ने लिया क्रिकेट से संन्यास



**कराची।** पाकिस्तान के विवादास्पद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए संन्यास से बाहर आने के महीनों बाद शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

आमिर को स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों में 2010 से 2015 के बीच पांच साल के लिए क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके लिए उन्हें कुछ समय के लिए जेल भी जाना पड़ा था। उन्होंने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, लेकिन उन्होंने अपना मन बदल लिया और इस साल की शुरुआत में टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए वापसी की।

आमिर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ''काफी विचार करने के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का मुश्किल फैसला किया है। यह फैसला कभी आसान नहीं होता, लेकिन इसे टाला नहीं जा सकता। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए यह सही समय है कि वे पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।''

# विश्व एथलेटिक्स के विरासत संग्रह में नीरज चोपड़ा की टी-शर्ट शामिल

**एजेंसी, मोनाको**

स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उन 23 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया है जो वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) के ऑनलाइन थ्री डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित हैं।



टोक्यो ओलंपिक 2021 में एथलेटिक्स में भारत के पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने चोपड़ा ने इस साल पेरिस खेलों में पहनी गई प्रतियोगिता की टी-शर्ट दान कर दी है। चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97 मीटर) के पीछे दूसरा स्थान हासिल किया था।

चोपड़ा के अलावा यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख (विश्व एथलेटिक्स की महिला 'फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर') और उनकी साथी पेरिस ओलंपिक पदक विजेता थिया लाफॉन्ड उन एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विरासत संग्रह में शामिल किया गया है।

### टीम में मिले मौके को गंवाने का मलाल : पाटीदार

**बेंगलुरु।** रजत पाटीदार का अंतरराष्ट्रीय करियर उस तरह आगे नहीं बढ़ पाया जैसा वह चाहते थे लेकिन मध्य प्रदेश के बल्लेबाज को घरेलू मैचों के जरिये फिर से मौका हासिल कर भारतीय टीम की जर्सी पहनने का भरोसा है।

इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पाटीदार छह पारियों में केवल 63 रन बना सके थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हालांकि रणजी ट्रॉफी के शुरुआती चरण और मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। पाटीदार ने कहा, '' मुझे टेस्ट टीम में जगह बनाकर अच्छा लगा था। मुझे हालांकि कभी-कभी बुरा लगता है कि मैं मौके को भुना नहीं पाया।''

# 'एडमिरल कप' नौकायन का चैंपियन बना रूस

**एजेंसी, कन्नूर (केरल)**

रूस ने यहां भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) एझिमाला में संपन्न हुए 'एडमिरल कप' सेलिंग (नौकायन) 'रेगाटा' के 13वें सत्र का खिताब जीत लिया।

नौकायन में 'रेगाटा' नियमों के साथ आयोजित होने वाली लंबी दूरी की रेसों की श्रृंखला को कहा जाता है। रूस टीम में लेफ्टिनेंट गोर्कुनोव पेट्र लियिच और सीडीटी लोशिचिनिना पोलिना व्लादिस्लावोवना शामिल थे। टीम स्पर्धा में इटली दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर रहा।

रक्षा विभाग से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में भी लियिच पहले स्थान पर रहे। सिंगापुर के सेकेंड लेफ्टिनेंट डेरियस ली खेंग वी दूसरे और यूनान के एनसाइन पप्पास विसारियन एचएन तीसरे स्थान पर रहे।

महिलाओं की व्यक्तिगत वर्ग में इटली की एनसाइन कैमिला बर्नबेई पहले स्थान पर रहीं। रूस की व्लादिस्लावोवना और भारत की एसएलटी ईशा शाह क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि वाइस एडमिरल सीआर प्रवीण नायर एनएम, कमांडेंट, आईएनए ने बताया कि चुनौतीपूर्ण हवा और मुश्किल मौसम में आयोजित रेस के दौरान 25 देशों की 14 महिलाओं सहित 53 प्रतिभागियों के बीच लेजर रेडियल नौकाओं की नौकायन दौड़ में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

# गुकेश की जीत का जश्न सिंगापुर में भारतीय 'समुदाय' ने मनाया

**एजेंसी, सिंगापुर**

डी गुकेश को शतरंज का नए विश्व चैंपियन बनने पर शनिवार को यहां भारतीय समुदाय द्वारा सम्मानित किया गया। वह महज 18 साल में इस खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए है।



गुकेश ने गुरुवार को सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता। उन्होंने 14 बाजियों के मुकाबले को 7.5-6.5 से अपने नाम किया।

भारतीय उच्चायोग द्वारा यहां आयोजित एक स्वागत समारोह में उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के नेतृत्व में भारतीय समुदाय के लगभग 150 सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया।

इस मौके पर अंबुले ने कहा, ''यह गुकेश की जीत थी, चाहे कोई कुछ भी कहें।'' उन्होंने इस युवा चैंपियन को जीत की शुभकामनाएं देते कहा, ''हमें गुकेश और उनकी जीत पर गर्व है।'' इस मौके पर गुकेश ने प्रवासी भारतवासियों साथ व्यक्तिगत तस्वीरें भी खिंचवाई।

'बिझार सिंगापुर' (बिहार और झारखंड के लोगों का समूह) की अध्यक्ष शिवानी खिरवाल ने कहा, ''हमें उनकी जीत पर गर्व है। यह बहुत ही जादुई क्षण था।''

नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर में प्रोफेसर संध्या सिंह ने कहा, ''यह अद्भुत जीत थी। भारतीय प्रवासियों को इस जीत पर गर्व है। वह दुनिया भर के युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं।''

**क्रिकेट**

कीवी बल्लेबाज विल यंग ने बिना शतक लगाए टेस्ट में पूरे किए 1000 रन

# इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड का स्कोर 300 पार

**एजेंसी, हैमिल्टन**

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शनिवार को न्यूजीलैंड ने नौ विकेट पर 315 रन बना लिए। मिशेल सेंटनर ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपना चौथा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया और वह 50 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि विल ओराउरकी ने खाता नहीं खोला है।

न्यूजीलैंड के पुछल्ले बल्लेबाजों ने आखिरी आठ ओवरों में 76 रन बनाए। इससे पहले टॉम लाथम और विल यंग ने पहले विकेट की साझेदारी में 105 रन जोड़े। पहली बार मेजबान टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी शुरूआत की जो सीरीज में 2-0 की विजयी बढ़त पहले ही ले चुका है।





इंग्लैंड ने पहला टेस्ट चार दिन के भीतर आठ विकेट से और दूसरा तीन दिन के भीतर 323 रन से जीता था। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और लंच तक न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 93 रन था। लाथम और यंग ने पहले विकेट के लिए 105 रन जोड़े । यंग ने 42 रन बनाते ही टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन पूरे कर लिए और बिना शतक के इस आंकड़े तक पहुंचने वाले वह स्टीफन फ्लेमिंग के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बने। रचिन रविंद्र 18 रन बनाकर ब्रायडन कार्स की गेंद पर गली में बेन डकेट को कैच दे बैठे। केन विलियम्सन ने 44 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (14), ग्लेन फिलिप्स (पांच) और टॉम ब्लंडेल (21) के विकेट जल्दी गंवा दिए।

### 98वां छक्का लगाया टिम साउदी ने टेस्ट क्रिकेट में, क्रिस गेल की बराबरी की

सेंटनर और मैट हेनरी ने 8वें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। हेनरी के आउट होने पर टिम साउदी अपना 107वां और आखिरी टेस्ट खेलने उतरे। साउदी इस मैच के बाद खेल से विदा लेने जा रहे हैं। इंग्लैंड के फील्डरों ने उनके उतरने पर गार्ड आफ आनर दिया। उन्होंने दस गेंद में 23 रन बनाए।